हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



सड़क पर पड़ा रंग और गुलाल ऐसे हुआ साफ



**इसलिए, कहा जाता है इंदौर शहर नहीं, एक 'दौर' है...**

# गेर में आए पांच लाख से अधिक लोग 38 मिनट में सफाई, सड़कें 'चकाचक'



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय संत के रूप में दिखे



मात्र 38 मिनट में सफाई मित्रों ने चमका दिया शहर






## गेर में श्रीनाथजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

रंगपंटमी पर इंदौर में निकली गेर ने फिर इतिहास रच दिया। इसमें 5 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। गेर को देखने यूनेस्को की टीम भी आई। गेर निकलते ही इंदौर नगर निगम की टीम ने 38 मिनट में ही सफाई कर डाली। दोपहर तीन बजे से निगम की टीमें सफाई करने में जुट गईं थीं। पहले गेर के रास्तों से कपड़ों, पैकेटों, गुब्बारों, पिचकारियों आदि सामान को उठाया गया। इसके बाद अगले चरण में इसे झाड़ू से पूरी तरह साफ किया गया। इसमें कई किलो गुलाल निकला। पूरी सड़कें गुलाल और पानी से सराबोर हो गईं थीं। अंत में फिर इन सभी सड़कों को निगम के टैंकरों के द्वारा पानी से धोकर साफ कर दिया।



**अधिक भीड़ के चलते 3 बेहोश**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट ने गेर में भाग लिया। इस बार फाग यात्रा में विशेष रूप से झांकियां भी शामिल की गईं। इन झांकियों में ब्रज की प्रसिद्ध लट्ठमार होली, रासरंग और श्रीकृष्ण की झांकी प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आईं। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए इंदौर के लोग छतों पर बैठने के लिए पहले से ही बुकिंग करवा चुके थे। अधिक भीड़ के कारण गेर में शामिल तीन लोग बेहोश होकर सड़क पर गिर गए।

## हादसे से दुखी सीएम नहीं हुए शामिल मृतक के परिजनों को 4 लाख मुआवजा

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गेर मे शामिल होने इंदौर जा रहे थे। तभी उन्हे खबर मिली एक युवक के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ गया है जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से व्यथित मुख्यमंत्री यादव ने मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की राहत राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा - रंगपंचमी के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मैं इंदौर के विश्वप्रसिद्ध गेर कार्यक्रम में शामिल होने आया था। परंतु यहां गेर उत्सव के दौरान एक दुखद घटना हुई है, जिसमें एक बंधु ट्रैक्टर से टक्कर में घायल हो गया था जिसका इलाज के दौरान निधन का दुखद समाचार मिला है। इस हादसे के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, मैं अपने इंदौर में रंगपंचमी के कार्यक्रम को स्थगित करता हूं। मैं बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत की पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।*

### सीढ़ियों पर अधिक लोग खड़े थे, सीएम मीडिया से बात कर रहे थे तभी ये टूट गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रंगपंचमी के अवसर पर बुधवार को अशोकनगर स्थित मां जानकी धाम करीला पहुंचे, यहां मीडिया से बातचीत के दौरान सीढ़ी टूट गई। जिस पर खड़े सीएम और अन्य लोग अचानक लडखड़ा गए। वहां पर मौके पर मौजूद कार्यकर्ता और अधिकारियों ने सीएम को संभाला। मुख्यमंत्री यादव ने माता जानकी के दर्शन किए। इसके बाद दर्शन करने के लिए रैलिंग से निकल रहे श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की।

### बुरहानपुर में सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी से तनाव

# रात में उबल पड़ा शहर, घेरा थाना, बाजार बंद आरोपी की गिरफ्तारी के बाद... संभले हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

सोशल मीडिया पर एक धार्मिक पोस्ट को लेकर विवाद हो गया। इस पोस्ट पर आपत्ति जताते हुए एक समुदाय के लोग कोतवाली थाने में जमा हो गए। पुलिस ने पोस्ट डालने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तनाव को देखते हुए एसपी देवेंद्र पाटीदार और कलेक्टर हर्ष सिंह भी थाने पहुंचे। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। एसपी ने कहा कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और भड़काऊ पोस्ट शेयर न करने की भी अपील की है।

### आरोपी पुलिस हिरासत में, पूछताछ जारी

पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट वायरल हुई थी, जोकि धार्मिक भावनाओं के आहत होने से जुड़ी थी। इसको लेकर कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, मामला दर्ज करने से पहले बड़ी संख्या में एक समुदाय के लोग कोतवाली थाने में भीड़ की शक्ल में जमा हुए थे। जो हंगामा करने की कोशिश कर रहे थे, जिस पर उन्हें समझाइश दी गई। इसके बाद मामला दर्ज किया गया और भीड़ को तितर-बितर कर समझाइश देकर घर भेज दिया गया।

संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा

## औरंगजेब के नाम पर 'विवाद' और हिंसा आज के दौर में प्रासंगिक नहीं

एजेंसी ⏭ बेंगलुरू

नागपुर में हाल ही में भड़की हिंसा को लेकर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर का कहना है कि औरंगजेब आज प्रासंगिक नहीं हैं। किसी भी तरह की हिंसा को प्रोत्साहित नहीं जाना चाहिए। आरएसएस का यह रुख ऐसे समय में आया है जब औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग और इससे जुड़ी विभिन्न अफवाहों को लेकर नागपुर में भड़की हिंसा के बाद तनाव चरम पर है। आंबेकर ने यह बात बेंगलुरू में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू होने के पहले कही। बैठक 21-23 मार्च को होनी है। इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी और पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।








## खबर संक्षेप

### चहल-धनश्री के तलाक पर आज आएगा फैसला

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी अलग रह रही पत्नी धनश्री वर्मा को



तलाक के समय 6महीने की कूलिंग पीरियड से छूट देने की याचिका को मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत को चहल-धनश्री की तलाक याचिका पर 20 मार्च तक फैसला करने का निर्देश दिया है।

### केंद्र-किसानों के बीच अब 4 मई को होगी बैठक

**नई दिल्ली।** किसानों की केंद्र के साथ बैठक खत्म। तीसरी बार हुई यह बैठक भी बेनतीजा रही। इस



बैठक में भी किसानों की मांगों को लेकर कोई सहमती नहीं बन पाई है। अब चार मई को केंद्र और किसानों के साथ फिर बैठक होगी। केंद्र ने एक सेक्रेटरी लेवल के अधिकारी की नियुक्ति की है, जो एमएसपी पर किसानों से सुझाव लेगा।

### विज्ञान धारा योजना से 57,869 ने लिया लाभ

**नई दिल्ली।** देश के वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास क्षेत्र को बढ़ाने के लिए केंद्र



ने विज्ञान धारा योजना के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। 'विज्ञान धारा' के कार्यान्वयन के लिए परिव्यय 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 10,579.84 करोड़ रुपए है। मार्च तक 57,869 लाभार्थियों ने लाभ उठाया है।

### सत्येंद्र पर 7 करोड़ की रिश्वत वाला केस दर्ज

**नई दिल्ली।** आप सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे सत्येंद्र जैन की मुसीबतें लगातार बढ़ रही हैं। जैन



के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हो गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 571 करोड़ के सीसीटीवी प्रोजेक्ट में धांधली से जुड़े मामले में जैन पर 7 करोड़ रिश्वत लेने का आरोप है। लगाया गया है।

## नागपुर हिंसा मामले में दर्ज एफआईआर में बड़ा खुलासा, सीएम बोले- पातल से खोज निकालेंगे

# दंगाइयों ने महिला पुलिस कर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की, पेट्रोल बम फेंके, पथराव व आगजनी की

### औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन में मचा भारी उत्पात

सोमवार को ऐसा रहा मंजर, सिहर गया शहर

एजेंसी ▶▶ नागपुर

यहां हिंसा के दौरान दंगाइयों की भीड़ ने कुछ महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके गए। हिंसा में दर्ज 5 एफआईआर में यह खुलासा हुआ है। नागपुर में सोमवार को उस वक्त हिंसा भड़क गई थी, जब विश्व हिंदू परिषद ने मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अफवाह फैली कि प्रदर्शन के दौरान एक धार्मिक ग्रंथ को जलाया गया, जिससे हिंसा भड़क गई।

हिंसा सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे नागपुर के चिटनिस पार्क के महाल इलाके में शुरू हुई। पुलिस पर दंगाइयों की भीड़ ने पथराव कर दिया,पेट्रोल बम भी फेंके गए। दर्जनों वाहनों में आग दी। गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में एफआईआर में कहा गया कुछ लोगों ने भलदारपुरा चौक पर पुलिसकर्मियों पर हमला किया। अंधेरे का फायदा उठाकर भीड़ ने एक महिला पुलिसकर्मी को छून,वर्दी फाड़ने की कोशिश की। भीड़ ने अन्य महिला पुलिसकर्मियों को गालियां दीं और आपत्तिजनक टिप्पणियां की। दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मियों को गलत इशारे भी किए। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्हें हम पाताल से खोज निकालेंगे।

#### संवेदनशील इलाकों में 2000 सुरक्षाकर्मी तैनात, कर्फ्यू

हिंसा के बाद हालात तनावपूर्ण लेकिन शांत बने हुए हैं। साथ ही शहर के संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू जारी है। संवेदनशील इलाकों में 2,000 से अधिक सशस्त्र पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसी तरह, त्वरित प्रतिक्रिया दल और दंगा नियंत्रण पुलिस को एक डीसीपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में गश्त पर तैनात किया गया है। वर्तमान में कर्फ्यू कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांत नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थानों के तहत आने वाले इलाकों में लागू है।



एक अफवाह ने भड़काई आग

#### कश्मीर पैटर्न पर की पत्थरबाजी

महाराष्ट्र गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार दावा किया गया है कि नागपुर हिंसा के दौरान पत्थरबाजी कश्मीर पैटर्न पर हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। नागपुर के पुलिस कमिश्नर रविंद्र कुमार सिंघल ने बताया कि घटना के बाद संवेदनशील इलाकों में 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा क्यूआरटी और दंगा नियंत्रण पुलिस को भी तैनात किया गया है।

पुलिस को सफलता

#### मास्टरमाइंड फहीम को धर-दबोचा

नागपुर हिंसा मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले का मास्टरमाइंड फहीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विश्व हिंदू परिषद के आंदोलन के बाद मुस्लिम संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। फहीम शमीम शेख सोमवार दोपहर को उस विरोध प्रदर्शन में शामिल था। फहीम माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का नागपुर जिला अध्यक्ष है। सोमवार दोपहर को विरोध प्रदर्शन करने के लिए फहीम के खिलाफ आरोप दर्ज किए गए। फहीम ने 50 से 60 लोगों की भीड़ इकट्ठा कर थाने में बयान दिया था। फहीम का नाम उन 51 लोगों में शामिल हैं जिनके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

#### गडकरी के खिलाफ लड़ा था चुनाव

फहीम 2024 का विधानसभा चुनाव नागपुर से लड़ा चुका है। इस चुनाव में उसकी जमानत जब्त हो गई थी। फहीम ने 2024 लोकसभा चुनाव भी नागपुर से लड़ा था। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरा था।

#### फहीम ने किया था भीड़ का नेतृत्व



नागपुर में सोमवार को बजरंग दल के प्रदर्शन के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग फहीम खान के नेतृत्व में गणेश पेट पुलिस स्टेशन के बाहर इकट्ठा हुए थे। उसके बाद शहर में हिंसा भड़क उठी थी। नागपुर हिंसा के मामले में 3 पुलिस स्टेशन में अभी तक 6 एफआईआर दर्ज हुई है। कुल 1250 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है जिसमें से 100 से 200 लोगों को पहचान लिया गया है।

#### हिंसा मामले में 60 लोग गिरफ्तार

### 27 आरोपी 21 मार्च तक पीसीआर में रिमांड पर

महाराष्ट्र में नागपुर में बीते सोमवार को औरंगजेब की कब्र विवाद को लेकर हिंसा भड़क गई थी, जिसमें कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है। अबतक 60 दंगाइयों को गिरफ्तार किया गया है। 3 पुलिस स्टेशन में अभी तक 6 एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, सीसीटीवी के आधार पर 100 से 200 लोगों को चिन्हित किया गया है। नागपुर में दंगा करने वाले 27 लोगों को कल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपियों को 21 मार्च तक पीसीआर में रिमांड पर भेज दिया है।

#### कोर्ट में रात 2.30 बजे तक हुई सुनवाई

आरोपियों की तरफ से सीनियर एडवोकेट आसिफ कुरैशी ने जिरह की, देर रात 2.30 बजे तक यह



जिरह चलती रही। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पुलिस पर हमला किया, जिन लोगों ने महिला पुलिसकर्मी के साथ छेड़खानी की और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया उन्हें सजा होनी चाहिए लेकिन बेगुनाहों को सजा नहीं होनी चाहिए। जिन लोगों ने डीसीपी अर्चित चांडक,डीसीपी निकेतन कदम पर हमला किया, सरकारी संपत्ति जलाई और महिला पुलिसकर्मी के साथ गलत व्यवहार किया, उन सभी लोगों को सजा होनी चाहिए।

#### विहिप-बजरंग दल के 8 लोग अरेस्ट



नागपुर में प्रदर्शन के दौरान धार्मिक भावनाएं आहत करने में वीएचपी और बजरंग दल के 8 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। इन्होंने खुद ही पुलिस के सामने सरेंडर किया था, जिसके बाद अरेस्ट कर अदालत में पेश किया गया। इन लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी और तलाश की जा रही थी।इन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने दूसरे मजहब से जुड़े लोगों की भावनाओं को आहत किया है।

*श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामला*

## हिंदू पक्ष पर लगा 5 हजार जुर्माना सुन्नी सेंट्रल बोर्ड दें हर्जाने की राशि



एजेंसी ▶▶ मथुरा

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा व शाही ईदगाह विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और भारत संघ को पक्षकार बनाने के लिए हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल संशोधन अर्जी को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही हिंदू पक्ष पर 5,000 रुपए हर्जाना लगाया है। यह राशि प्रतिवादी उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बोर्ड को देय होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने दिया। सूट नंबर एक के याची भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और कटरा केशव देव और सूट नंबर 16 के याची देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को और भारत संघ को पक्षकार बनाने की मांग की थी। सूट नंबर एक के अधिवक्ता हरिशंकर जैन की संशोधन अर्जी पर मुस्लिम के साथ ही हिंदू पक्षकारों ने विरोध जताया था। अर्जी को रद्द करने की मांग की थी। 5 मार्च को सुनवाई के बाद कोर्ट ने ऑर्डर रिजर्व कर लिया था। अब कोर्ट ने ऑर्डर जारी कर संशोधन अर्जी को हर्जाने के साथ स्वीकार कर लिया है।

## भूस्खलन पीड़ित बच्चों को देंगे 10 लाख की शैक्षिक सहायता

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने जुलाई 2024 में वायनाड के मेप्पाडी गांव में हुए भूस्खलन में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों की शिक्षा के लिए 10-10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार मेप्पाडी ग्राम पंचायत में अपने दोनों माता-पिता को खोने वाले 7 बच्चों और माता-पिता में से किसी एक को खोने वाले 14 बच्चों को प्रत्येक 10 लाख की सहायता राशि उनकी शिक्षा के लिए प्रदान की जाएगी। सरकार के बयान में कहा गया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। यह सहायता मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से इस शर्त पर प्रदान की जाएगी कि 18 वर्ष की आयु तक राशि नहीं निकाली जा सकेगी। सीएमओ ने कहा कि यह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पहले दी गई वित्तीय सहायता के अतिरिक्त है।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सरकार और विपक्ष को दी सलाह

## मुफ्त सुविधाओं और सब्सिडी पर चर्चा करें, एक राष्ट्रीय नीति बनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मुफ्त की योजनाओं और सब्सिडी पर चर्चा की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता है, जिससे सरकार द्वारा किए जा रहे निवेश क सही तरीके से उपयोग हो सके। धनखड़ ने कहा कि इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बातचीत होनी चाहिए। धनखड़ ने कहा कि मुफ्त की योजनाओं को लेकर सदन में विचार विमर्श किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश तभी विकसित होता है, जब पूंजीगत व्यय उपलब्ध हो। देश में चुनावी प्रक्रिया ऐसी है कि ये चुनावी प्रलोभन बन गए हैं।

देश तभी विकसित होगा, जब पूंजीगत व्यय उपलब्ध हो



#### विधायकों के वेतन का भी उठाया मुद्दा

धनखड़ ने विधानसभा सदस्यों (एमएलए) और संसद सदस्यों (एमपी) के लिए पेंशन और भत्तों में असमानता के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में विधायिका, सांसदों, विधायकों के लिए प्रावधान है, लेकिन इसमें एक समान व्यवस्था नहीं है। इसलिए कई राज्यों में विधायिकाएं संसद सदस्यों से कहीं ज़्यादा विधानसभा के सदस्यों को भत्ते और वेतन देती हैं और यहां तक कि विधानसभा के पूर्व सदस्यों के लिए पेंशन में भी 1 से 10 के पैमाने पर अंतर होता है। उन्होंने कहा कि ये ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर कानून बनाने से राजनेताओं, सरकार और कार्यपालिका को मदद मिलेगी।

#### राम गोपाल ने एमपीएलएडी फंड में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाया

धनखड़ द्वारा मुफ्त सुविधाओं पर बहस तब कही गई, जब समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव एमपीएलएडी फंड में बढ़ोतरी का मुद्दा उठा रहे थे। इसमें सांसदों को विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपए आवंटित किए जाते हैं। लोकसभा सांसदों के लिए, ये फंड उनके निर्वाचन क्षेत्र में इस्तेमाल किए जाते हैं और राज्यसभा सांसद उस राज्य के जिलों में फंड का इस्तेमाल कर सकते हैं, जहां से वे चुने गए हैं। यादव ने सुझाव दिया कि सरकार को एमपीलैड निधि को बढ़ाकर 20 करोड़ प्रति वर्ष कर देना चाहिए।

अरबपति कारोबारी गेट्स ने नड्डा से की मुलाकात

#### स्वास्थ्य और तकनीक सहित कई मुद्दों पर चर्चा की



अरबपति कारोबारी और मशहूर परोपकारी शख्सियत बिल गेट्स ने बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। गेट्स, नड्डा से मिलने संसद भवन पहुंचे। दोनों के बीच सरकार और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को लेकर चर्चा हुई। नड्डा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि गेट्स फाउंडेशन की मदद से मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। गेट्स ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से भी मुलाकात की।

#### दल भी हो रहे असहज

धनखड़ ने कहा है कि राजनीतिक दल चुनावी दौर में वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आने वाली सरकारें खुद को बहुत असहज महसूस करती हैं। इतनी असहज कि वे अपने विचारों पर फिर से विचार करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय नीति की तत्काल आवश्यकता है, जिससे किसी भी रूप में सरकार के सभी निवेशों का उपयोग अच्छे के लिए संरचित तरीके से किया जा सके। राज्यसभा के सभापति ने कहा कि वह इस मुद्दे पर विपक्ष के नेता और सदन के नेता से विचार-विमर्श करेंगे।



जबलपुर
गुरुवार, 20 मार्च 2025
- चैत मास कृष्ण पक्ष–6
- वर्ष : 19, अंक : 313
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 35
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

छोटे दुकानदारों के लिए बड़ा फैसला

## 2 हजार से कम वैल्यू के यूपीआई लेनदेन के लिए 1,500 करोड़ मंजूर



*नई दिल्ली। सरकार ने देश के छोटे दुकानदारों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 रुपए से कम मूल्य के यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को बुधवार को मंजूरी दी।*




## मध्यप्रदेश के सांसदों को राष्ट्रपति ने नाश्ते पर बुलाया फोटो सेशन में वीडी के बगल में दिखे दिग्विजय सिंह

राष्ट्रपति ने मप्र के सांसदों से हालचाल पूछा और सभी सांसदों से परिचय प्राप्त किया



- मप्र के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, चंडीगढ़, लद्दाख गुजरात के लोकसभा और राज्यसभा सांसद भी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसद सत्र के दौरान बुधवार को रंगपंचमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश सहित सात राज्यों के सांसदों को नाश्ते पर आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश के सांसदों से हालचाल पूछा और सभी सांसदों से परिचय प्राप्त किया।



### राज्यसभा सांसद भी पहुंचे

राष्ट्रपति भवन के ब्रेकफास्ट में मप्र से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विवेक तन्खा शामिल हुए। भाजपा की राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, माया नरोलिया और सुमेर सिंह सोलंकी भी शामिल हुए।

### ये लोकसभा सांसद पहुंचे राष्ट्रपति भवन

अनिल फिरोजिया(उज्जैन), शिवमंगल सिंह तोमर(मुरैना), राहुल सिंह लोधी(दमोह), आशीष दुबे (जबलपुर), बंटी साहू (छिंदवाड़ा), भारती पारधी (बालाघाट), भारत सिंह कुशवाह (ग्वालियर), हिमाद्री सिंह (शहडोल), लता वानखेड़े (सागर), गणेश सिंह (सतना), दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद), गजेंद्र पटेल (खरगोन), आलोक शर्मा (भोपाल), सुधीर गुप्ता (मंदसौर), महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास), डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बेटों का रिशेप्शन होने के चलते राष्ट्रपति भवन के ब्रेकफास्ट में शामिल नहीं हुए।

## खबर संक्षेप

### शिवराज पर 10 करोड़ का मानहानि का मुकदमा

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बड़ी राहत दी है।



कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा की ओर से दर्ज कराए गए 10 करोड़ के आपराधिक मानहानि मामले में कोर्ट ने उन्हें अधीनस्थ अदालत के समक्ष व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। आरोप लगाया है कि शिवराज ने राजनीतिक लाभ के लिए झूठा अभियान चलाया था।

### संजय कुमार बने मऊगंज के कलेक्टर

**भोपाल।** राज्य सरकार ने मऊगंज जिले की घटना के आखिरकार कलेक्टर अजय श्रीवास्तव व एसपी रसना ठाकुर को हटा दिया। दोनों के आदेश देर रात जारी किए गए।



संजय कुमार जैन को मऊगंज का कलेक्टर बनाया गया है। जबकि एसपी ईओडब्ल्यू उज्जैन दिलीप कुमार सोनी को मऊगंज का एसपी बनाया है।

### इंजीनियर का मकान जलकर हुआ खाक

**ग्वालियर।** बुधवार सुबह नगर निगम के इंजीनियर के घर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग से तीन मंजिल मकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया।



गनीमत रही कि समय रहते इंजीनियर अपने परिवार के साथ घर से बाहर निकल आया जिससे उसकी जान बच गई। घटना बहोड़ापुर क्षेत्र के श्री विहार कॉलोनी में की है।

## दिल दहला देने वाला हत्याकांड

'मुस्कान' ने दे दिया ऐसा 'दर्द' कि लोगों की 'आत्मा' कांप उठी

# लंदन से पत्नी का जन्मदिन मनाने आया था, पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर किए उसके 15 टुकड़े, उन्हें ड्रम में रखकर कर दी चिनाई



मुस्कान की मां-पिता ने कहा बेटी को फांसी की सजा दी जाए

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ में लंदन से लौटे सौरभ कुमार (29) की चार मार्च की रात पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों ने चार मार्च को शव के 15 टुकड़े ड्रम में रखकर ऊपर से चिनाई कर दी। मुस्कान अपनी पांच साल की बेटी को मायके में छोड़कर प्रेमी के साथ शिमला घूमने चली गई। लौटकर मुस्कान ने अपने मां-पिता को सौरभ की हत्या करने की जानकारी दी। मंगलवार को मां-पिता मुस्कान के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे और पुलिस को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सौरभ शव को बरामद किया है। लंदन के एक मॉल में नौकरी कर रहा ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर की मास्टर कॉलोनी निवासी सौरभ कुमार (29) 24 फरवरी को अपने घर लौटा।

ऐसी निर्दयी और वहशी पत्नी

1 पति का मोबाइल लेकर प्रेमी के साथ हिमाचल के शिमला, कसौली और उत्तरखंड में मौज-मस्ती करती रही

2 पति के मोबाइल से वॉट्सएप अपडेट करती रही, बर्फ-पहाड़ों के फोटो डालती रही, पर पति की तस्वीर गायब थी

सौरभ कुमार मर्चेंट नेवी में काम करता था। वह अक्सर विदेश में जाता रहता था। वर्ष 2020 में लंदन के एक मॉल में नौकरी करने लगा था। वर्ष 2016 में सौरभ का मुस्कान रस्तोगी से प्रेम विवाह हुआ था।



### सौरभ के भाई राहुल को घर में तेज बदबू आई

*राहुल ने मुस्कान से पूछा कि उसके साथ आया लड़का कौन है? जिस पर वह चुप्पी साध गई। इसके बाद राहुल घर के भीतर गया। उसे तेज बदबू महसूस हुई। वारदात के दिन पीहू घर में ही थी और और बराबर के कमरे में सो रही थी। हत्यारोपी साहिल शुक्ला सीए है और पड़ोस में ही रहता है। पुलिस ने मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार कर सौरभ के शव को बरामद किया।*

हत्यारोपी साहिल शुक्ला सीए है और पड़ोस में ही रहता है

### ताकि, कोई शक न करे...वो पहाड़ों पर घूमती रही





पति की हत्या के बाद प्रेमी के साथ हिमाचल घूमने गई मुस्कान अपने पति सौरभ के फोन पर वॉट्सएप स्टेटस अपडेट करती रही। सौरभ के भाई राहुल उर्फ बबलू ने बताया कि वह अपने भाई का स्टेटस रोजाना वॉट्सएप पर देखता था। स्टेटस पर बर्फ के फोटो और पहाड़ों के फोटो दिखते थे। सौरभ का कोई फोटो अपलोड नहीं किया जाता था। पुलिस ने मुस्कान के कब्जे से सौरभ का मोबाइल भी बरामद कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।



### चार मार्च की रात पूरी तरह बदल गई कहानी

#### खाने में नशीली चीज मिलाई, चाकू से हत्या की

चार मार्च की रात यह कहानी पूरी तरह बदल गई। पत्नी मुस्कान ने रात के समय खाने में कोई नशीली चीज मिलाकर सौरभ को बेहोश कर दिया। इसके बाद पड़ोस में ही रहने वाले अपने प्रेमी साहिल शुक्ला (28) को घर बुलाया और चाकू घोंपकर सौरभ की हत्या कर दी, फिर धारदार हथियार से शव के 15 टुकड़े किए और प्लास्टिक के ड्रम में टुकड़े डालकर डस्ट और सीमेंट से घोल बनाकर ढक्कन को सील कर दिया। सौरभ कुमार मर्चेंट नेवी में काम करता था। वह अक्सर विदेश में जाता रहता था। वर्ष 2020 में लंदन के एक मॉल में नौकरी करने लगा था। वर्ष 2016 में सौरभ का मुस्कान रस्तोगी से प्रेम विवाह हुआ था। दोनों की पांच साल की बेटी पीहू है।
सौरभ पत्नी और बेटी के साथ इंदिरानगर में ओमपाल के मकान में तीन साल से किराए पर रह रहा था। पिता मुन्नालाल, भाई बबलू और मां रेनू ब्रह्मपुरी में ही अलग रह रहे हैं।

हत्या के एंगल से जांच शुरू

## गोवा के होटल में मिला खंडवा की महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



खंडवा की रहने वाली 35 साल की महिला का शव गोवा के कलंगुट स्थित राजहंस होटल में मिला है। गोवा पुलिस हत्या के एंगल से मामले की जांच कर रही है। होटल के सीसीटीवी कैमरे में एक नकाबपोश लड़की और उसका साथी कैद हुआ है। आशंका है कि दोनों महिला का पर्स लूटने के इरादे से कमरे में घुसे थे।

1 *इंदौर हाईकोर्ट के दो अहम फैसले*

## पीएचई के कार्यभारित कर्मचारियों को पेंशन सहित अन्य सुविधा पाने का



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने लोक निर्माण विभाग में 30 साल तक काम कर चुके कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य सुविधाएं देने का आदेश दिया है। यह फैसला 12 कर्मचारियों द्वारा दायर अपील पर सुनाया गया, जिसमें सिंगल बेंच के पहले के आदेश को निरस्त कर दिया गया।

2 **मामला खत्म हो चुका तो सरकारी नौकरी में आवेदन के समय जानकारी देना जरूरी नहीं**

*इंदौर हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरी के आवेदन के लिए बड़ा फैलाया सुनाया है। यह फैसला एक वनरक्षक की याचिका पर सुनाया गया है। इंदौर हाईकोर्ट के फैसला में कहा गया कि अगर आपराधिक मामला खत्म हो चुका है, तो सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करते समय उसकी जानकारी देना जरुरी नहीं है। एक वनरक्षक ने याचिका दायर की थी।*

## चचेरी बहन ने बताया 'समोसा पार्टी' का प्लान





*अहमदाबाद। अंतरिक्ष सुनीता विलियम्स की चचेरी बहन फाल्गुनी पांड्या ने बताया कि अंतरिक्ष से वापस आने के बाद सुनीता के साथ वे छुट्टियां मनाने का प्लान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में समोसा खाया था, तो अब हम उनके लिए एक समोसा पार्टी का आयोजन करेंगे।*

**उसकी हत्या के जुर्म में चार आरोपी जेल में सजा काट रहे**

बड़ा सवाल-जिसका अंतिम संस्कार किया, वह कौन थी?

## 18 महीने पहले हत्या, लौटी महिला परिवार ने कर डाला था क्रियाकर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले में एक महिला मौत के 18 महीने बाद लौट आई। परिवार उसका अंतिम संस्कार कर चुका था, उसकी हत्या के जुर्म में चार आरोपी थांदला की जेल में सजा काट रहे हैं। अब महिला ने पुलिस को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी है। यह मामला जिले के भानपुरा तहसील क्षेत्र के गांधी सागर थाना इलाके का है। 18 महीने पहले मर चुकी महिला ललिता बाई अब वापस लौट आई है। जिसके बाद उसने गांधी सागर थाने पहुंचकर अपने जिंदा होने की बात कही। ललिता बाई के पिता रमेश पिता नानूराम ने बताया कि 9 सितंबर 2023 को उसने एक वीडियो में एक महिला को ट्रक से कुचलते हुए देखा। इसके बाद उसने थाना थांदला में संपर्क किया और पुलिस द्वारा कब्जे में लिए गए क्षतिग्रस्त शव की पहचान की। उसने बताया कि यह उसकी बेटी ललिता बाई का है। उसके हाथ पर नाम गुदा हुआ था और पैर में एक काला धागा भी बंधा था। रमेश द्वारा पहचान करने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद उन्होंने उसका अंतिम संस्कार किया और फिर उठावने व मौसर तक का कार्यक्रम भी किया।

- ललिता के बयान से मानव तस्करी का मामला सामने आया



**15 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी थी माताटीला डैम में**

एसडीआरएफ के 15 जवान रेस्क्यू अभियान में जुटे हुए

## शिवपुरी के डैम से छह शव निकाले गए इनमें तीन बच्चे भी, एक की तलाश जारी

### विदिशा और मुरैना से गोताखोर भी बुलाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के रजावन गांव के पास स्थित माता टीला डैम मंगलवार कोश्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई। नाव में 15 लोग सवार थे, जिनमें से आठ को बचा लिया गया है। एक महिला श्रद्धालु का शव करीब 17 घंटे बाद बाहर निकाला गया है, इसके बाद दो बच्चे शिवा और कान्हा के शव बाहर निकाले गए। दोपहर करीब एक बजे तक सात लापता श्रद्धालुओं में से छह के शव बरामद कर लिए गए हैं। डैम में नाव पलटने से लापता हुए सात लोगों में शामिल कुमकुम पिता अनूप लोधी (15) का अब तक पता नहीं चल सका है।



**डूबने से इनकी हुई मौत**

शारदा पति इमरत लोधी (55), शिवा पिता भूरा लोधी (8), कान्हा पिता कप्तान लोधी (7), लीला पति रामनिवास लोधी (40), चाइना पिता लज्जाराम लोधी (14) और रामदेवी पति भूरा लोधी (35) के शव बाहर निकाल लिए गए हैं।

**इन्हें बचाया गया**

*नाव में सवार नाविक प्रदीप लोधी पिता कृपाल लोधी (18), शिवराज पिता हरिराम लोधी (60), जानसन पिता अनूप लोधी (12), उषा पति लाल सिंह लोधी (45), लीला पति सूरी सिंह लोधी (45), गुलाब पिता जगदीश लोधी (40), रामदेवी पति प्राण सिंह लोधी (50) और सावित्री पिता अनूप लोधी (10) को बचा लिया गया था।*

## चिंतन

# सुनीता व विल्मोर की वापसी स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ माह अंतरिक्ष में रहने के बाद पृथ्वी पर सकुशल लौट कर नया कीर्तिमान रच दिया है। यह स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि है। भारतीय मूल की वैज्ञानिक कल्पना चावला इतनी खुशनसीब नहीं थीं, वापसी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। विलियम्स यूं तो पहले भी दो बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जा चुकी हैं लेकिन शायद ही उन्होंने यह कल्पना की होगी कि तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के बाद उन्हें वापसी के लिए लंबा इंतजार करना होगा और यह घटना इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। इससे पहले विलियम्स 16 अप्रैल 2007 को अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली व महिला बनीं। वह 2012 में अपनी दूसरी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का नेतृत्व करने वाली एकमात्र दूसरी महिला बनीं। विलियम्स ने अपने अंतरिक्ष मिशन के तुरंत बाद 2007 और 2013 सहित कम से कम तीन बार भारत का दौरा किया है और उन्हें 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस बार सुनीता ने अंतरिक्ष में मानवीय जीवटता और दृढ़ता का इतिहास फिर से लिख दिया है। सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह नासा, 'स्पेसएक्स' तथा अंतरिक्ष अभियान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत के पास अपने अंतरिक्ष अभियान में विलियम्स की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का अवसर मिल सकता है। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर 'स्पेसएक्स' यान के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने के कुछ ही घंटों बाद इसे फ्लोरिडा पैनहैंडल के तेलाहासे जलक्षेत्र में उतारा गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री नौ महीने पहले बोइंग की एक परीक्षण उड़ान के जरिये अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। दोनों अंतरिक्ष यात्री पांच जून 2024 को बोइंग के नए स्टारलाइनर क्रू यान में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे और उनके एक सप्ताह बाद ही लौटने की उम्मीद थी। अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में इतनी सारी समस्याएं आईं कि नासा को अंततः स्टारलाइनर को खाली वापस धरती पर लाना पड़ा और अंतरिक्ष यात्रियों की घर वापसी में देरी हुई। रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन में अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के पहुंचने से स्पष्ट हो गया था कि अब विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ है। दोनों नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ वापस लौटे हैं। विल्मोर और विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। उन्होंने पृथ्वी की 4,576 बार परिक्रमा की और 'स्पलैशडाउन' (यान के उतरने) के समय तक 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की। विल्मोर और विलियम्स के अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसने के बाद दुनिया का ध्यान उनकी ओर गया और 'स्टक एट वर्क' शब्द गढ़ा गया तथा उन्हें 'बुच और सुनी' जैसे नामों से बुलाया जाने लगा। इससे पहले किसी भी अंतरिक्ष यात्री को इतनी अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़ा या उनका मिशन इतना लंबा नहीं खिंचा। सुनीता विलियम्स ने नौ बार अंतरिक्ष में चहलकदमी करके रिकॉर्ड बनाया। इस क्रम में उन्हें 62 घंटे लगे। विलियम्स ने अंतरिक्ष में सबसे ज़्यादा चहलकदमी करने का महिला अंतरिक्ष यात्री होने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे रहने का दोष किसी पर नहीं मढ़ा। यह दोनों का बड़प्पन है। यह मिशन धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। उनकी ऐतिहासिक यात्रा असाधारण साहस की कहानी है। विलियम्स की दृढ़ता और समर्पण दुनियाभर में अंतरिक्ष के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।



विश्लेषण
सैयद नसरुद्दीन चिश्ती

# वक़्फ़ संस्थाओं में सुधार की जरूरत

इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक़्फ़ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं।

इस्लाम का आध्यात्मिक आयाम सूफीवाद एक ऐसा मार्ग है, जो प्रेम, करुणा, मानवता की सेवा और आंतरिक शुद्धि पर जोर देता है। भारत के महान सूफी संतों, जैसे हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आरज़ेड), हजरत निजामुद्दीन औलिया (आर.ए.) और कई अन्य सूफी संतों ने सभी समुदायों के बीच शांति (अमन), सहिष्णुता और एकता के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं जाति, पंथ और धर्म से परे थीं और उन्होंने इंसानियत और आध्यात्मिक ज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा दिया। इन औलिया-ए-किराम द्वारा स्थापित ख़ानक़ाह और दरगाह आध्यात्मिक मार्गदर्शन, दान, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के केंद्र बन गए, ऐसे स्थान जहां भूखों को खाना खिलाया जाता था, बीमारों का उपचार किया जाता था और सच्चे मार्ग की खोज करने वालों को आध्यात्मिक प्रकाश प्राप्त होता था। इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। सूफीवाद और वक्फ एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक तरफ, सूफी खुद को अल्लाह की सेवा में समर्पित करते हैं और दूसरी तरफ वे अपनी पूरी संपत्ति को धर्म, जाति और पंथ से परे लोगों के हित और सामाजिक कल्याण में समर्पित करते हैं।

मैं वक़्फ़ की उल्लेखनीय विरासत पर एक संक्षिप्त विचार साझा करना चाहता हूं, जिसने हमारे पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के समय से समाज के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, एक संस्था जो इस्लामी इतिहास और आध्यात्मिकता में गहराई से निहित है। वक़्फ़ के शुरुआती और सबसे गहन उदाहरणों में से एक हजरत उस्मान ए गनी (रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु) द्वारा मदीना मुनव्वरा में स्थापित किया गया था। पानी की कमी के समय में, उन्होंने बीर-ए-रुमा कुआं खरीदा और इसे वक़्फ़ के रूप में समर्पित कर दिया, जिससे इसका पानी मदीना के लोगों को आसानी से उपलब्ध हो गया। उनकी निस्वार्थ उदारता ने इस्लाम में सबसे पहले वक़्फ़ योगदानों में से एक को चिह्नित किया। इससे भी ज़्यादा प्रेरणादायक बात यह है कि हज़रत उस्मान ए गनी (आरज़ेड) का वक़्फ़ आज भी सक्रिय है, चौदह शताब्दियों से भी ज़्यादा समय बीतने के बाद भी। बीर-ए-रुमा के आस-पास की ज़मीन को वक़्फ़ घोषित किया गया था और यह खजूर की खेती सहित आधुनिक साधनों के ज़रिए आय सृजित करता है। इस वक़्फ़ से




मिलने वाली आय का उपयोग मदीना में धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाता है, जिसमें अनाथों, विधवाओं और तीर्थयात्रियों की सहायता शामिल है।

यह सदाक़ा जारिया (निरंतरे दान) का एक जीवंत उदाहरण है, जो शुरुआती वक़्फ़ के लंबे समय बाद भी पीढ़ियों को लाभान्वित करता रहा है। इस दिव्य उदाहरण का अनुसरण करते हुए, भारत के सूफी संतों ने मानवता की सेवा और समाज के उत्थान के इरादे से विशाल भूमि और संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित किया। इन वक्फ दानों ने खानकाह और दरगाहों की स्थापना, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और आतिथ्य प्रदान करने, धर्म या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गरीबों को भोजन कराने के लिए लंगर (सामुदायिक रसोई) चलाने, वंचितों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना, अस्पताल और औषधालय स्थापित करने, बीमार और जरूरतमंदों को चिकित्सा उपचार प्रदान करने और अनाथों, विधवाओं और छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पहले सूफीवाद के मूलभूत मूल्यों-सेवा, उदारता और करुणा को दर्शाती हैं और इन मूल्यों ने पूरे भारतीय इतिहास में एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण में मदद की। दुर्भाग्य से, वर्तमान समय में, भारत में कई वक्फ संपत्तियों का उपयोग मंशा-ए-वाक़िफ (दाता की मूल मंशा) के अनुसार नहीं किया जा रहा है।

कई राज्य वक्फ बोर्डों में व्यापक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी के कारण मूल्यवान वक्फ भूमि और संस्थानों की उपेक्षा, दुरुपयोग और अवैध कब्जे हुए हैं। इसने अनगिनत लोगों को उन सेवाओं और सहायता से वंचित कर दिया है, जिन्हें ये वक्फ संपत्तियां प्रदान करने के लिए बनाई गई थीं। अपने बहुत बड़े योगदान के बावजूद, वक़्फ़ संपत्तियां और दरगाह आधुनिक भारत में कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। वक्फ बोर्डों के भीतर कु-प्रशासन और भ्रष्टाचार के कारण कई वक्फ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है या उनका दुरुपयोग किया गया है। वक्फ प्रशासन में वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगे हैं, जिससे राजस्व का नुकसान हुआ है। कई लोग वक्फ के महत्व और सामुदायिक कल्याण में इसकी संभावित भूमिका से अनजान हैं, जिससे वक्फ संसाधनों का कम उपयोग हो रहा है। कई वक्फ संपत्तियां स्वामित्व को लेकर कानूनी विवादों में उलझी हुई हैं, जिससे सार्वजनिक लाभ के लिए उनके प्रभावी उपयोग में देरी हो रही है।

वक्फ संस्थाओं को मजबूत बनाने और सामुदायिक कल्याण में उनकी भूमिका बढ़ाने के लिए कुछ उपायों पर विचार किया जा सकता है। अतिक्रमण को रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल रिकॉर्ड लागू करना, वक्फ प्रशासन की देखरेख करने और वित्तीय कुप्रबंधन को रोकने के लिए स्वतंत्र नियामक निकायों की स्थापना करना, शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए वक्फ संस्थानों और निजी संस्थाओं के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना, वक्फ योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना और वक्फ से संबंधित विवादों को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को तेज करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो उठाए जा सकते हैं। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम वक्फ की विरासत और सूफीवाद की शिक्षाओं का सम्मान करें, यह सुनिश्चित करें कि ये पवित्र न्यास समाज को लाभान्वित करते रहें और शांति, प्रेम और मानवता की सेवा के मूल्यों को बनाए रखें।

(लेखक दरगाह हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (आरए) के वंशानुगत सज्जादानशीन के उत्तराधिकारी और एआईएसएससी के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रेरक व्यक्तित्व
डॉ. सत्यवान सौरभ



# सुनहरा लम्हा : अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खुले रास्ते

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेस एक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जो सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियां न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं को वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएं केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की।

(लेखक कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## सटाका




## आज की पाती

### होली, मस्जिदें और तिरपाल

जैसे ही होली के पावन अवसर पर खबर आई कि मस्जिदों पर तिरपाल ओढ़ाई गई, ख्याल आया कि मस्जिदों का सफेद रंग होने के चलते रंग-बिरंगे रंगों से वे खराब न हो जाएं, इसलिए मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों को ढका होगा। लेकिन यहां तो सांप्रदायिकता की बू आ रही है। पता चल रहा है कि वे होली के रंग अपने धर्मस्थलों पर लगवाना ही नहीं चाहते। यह धर्मान्धता है। हिंदू-मुसलमान त्योहारों को खुशी से मनाते हैं, जैसे क्रिसमस, ईद आदि, और अगर कोई त्योहार मनाते नहीं हैं तो किसी त्योहार का इस तरह तिरस्कार नहीं करते हैं। अगर मस्जिदों को ढकने का निर्णय सिर्फ प्रदूषण से बचाव है, तो ठीक है, परंतु अगर रंगों से बचाव संस्कृति से बचाव है, तो यह सही नहीं है।

*- संतोष जायसवाल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# बलूचिस्तान में तीन विवि ने ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की



पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के तीन विश्वविद्यालयों ने सुरक्षा कारणों से अनिश्चित काल के लिए परिसर में कक्षाएं निलंबित कर दी हैं और छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। प्रांत में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच विश्वविद्यालयों ने यह कदम उठाया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान विश्वविद्यालय, सरदार बहादुर खान महिला विश्वविद्यालय और तुर्बत विश्वविद्यालय ने डीन और शैक्षणिक विभागों के प्रमुखों के साथ परामर्श के बाद यह निर्णय लिया। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने सिबी के पास जाफर एक्सप्रेस को कब्जे में लेकर यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 26 बंधकों की जान चली गई थी। तब से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में हुए हमलों और सुरक्षा खतरों के बाद तीनों विश्वविद्यालयों ने कक्षाएं ऑनलाइन कर दी हैं।

## ऑफ बीट

# बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं



हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796-1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है।

## ट्रेंड

### संगीत दिग्गज इलैयाराजा



राज्यसभा सांसद थिरु इलैयाराजा एक ऐसे संगीत दिग्गज हैं जिनकी प्रतिभा का हमारे संगीत और संस्कृति पर बहुत बड़ा प्रभाव है। वे हर मायने में एक अग्रणी व्यक्ति हैं और उन्होंने कुछ दिन पहले लंदन में अपनी पहली पश्चिमी शास्त्रीय सिम्फनी, वैलिएंट प्रस्तुत करके इतिहास रच दिया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विलियम्स का स्वागत



पृथ्वी पर वापस आने पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। अंतरिक्ष में आपकी 9 महीने की अविश्वसनीय यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक रही है। आपका साहस और समर्पण पीढ़ियों तक सपनों को प्रज्ज्वलित करता रहेगा।

**-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### नारी सुरक्षा की व्यवस्था



सपा के शासनकाल में उप्र में शुरू हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। इससे नारी सुरक्षा की प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### सक्रिय दृष्टिकोण



भारत सरकार ने बहुत सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। ऊर्जा स्वतंत्रता और खनिज सुरक्षा के अलावा, संसाधन क्षेत्र विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन प्रदान करेगा।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### अगली सुनवाई 25 मार्च को

# डीआरएम के विरुद्ध जारी जमानती वारंट निरस्त

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जबलपुर के विरुद्ध पूर्व में जारी जमानती वारंट निरस्त कर दिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को नियत कर दी।

उत्तर प्रदेश निवासी अदिबुल हसनैन ने याचिका दायर की है। अधिवक्ता मनोज चतुर्वेदी न ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता ट्रेन के एसी कोच में सफर कर रहा था। आधी रात को टीसी ने आकर टिकट चेकिंग की और चले गए। इसके बाद रात दो बजे दोबारा टीसी आया और एक सीट को लेकर विवाद करने लगा। मारपीट भी की। याचिकाकर्ता ने डीआरएम कार्यालय में शिकायत की, जिसके बाद संबंधित टीसी



के विरुद्ध कार्रवाई भी हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता के विरुद्ध भी एफआइआर दर्ज की गई है। लिहाजा, याचिका दायर की गई है। इस मामले में चार जनवरी, 2024 को डीआरएम को नोटिस जारी हुए थे, लेकिन जवाब नहीं आया। इसी रवैये को आड़े हाथों लेकर विगत सुनवाई के दौरान डीआरएम के विरुद्ध जमानती वारंट जारी कर दिया गया था। कोर्ट ने डीआरएम को निर्देश दिया था कि वे अगली सुनवाई के दौरान हाजिर होकर सवालों के जवाब दें, क्योंकि उनकी ओर से कोई भी अधिवक्ता हाजिर नहीं हुए। लेकिन इससे पूर्व ही बुधवार को डीआरएम की ओर से अधिवक्ता ने हाजिर होकर वस्तुस्थिति स्पष्ट कर दी, जिसके आधार पर जमानती वारंट निरस्त कर दिया गया।

## अतिथि शिक्षकों को चयन प्रक्रिया में करो शामिल

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने स्वाशासकीय व जनभागीदारी कॉलेज में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मामले पर राहत देने वाला आदेश जारी किया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने स्वाशासकीय व जनभागीदारी कॉलेज में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को चयन प्रक्रिया में का निर्देश दिया। युगलपीठ ने नियुक्ति याचिका के अंतिम आदेश के अधीन रहते हुए एमपीपीएससी को रिजल्ट फिलहाल जारी नहीं करने के निर्देश दिए ।ऑटोनॉमस व जनभागीदारी कॉलेज में कार्यरत 33 गेस्ट फैकल्टी की ओर से ये याचिका दायर की गई थी। याचिकाओं में कहा गया था कि उच्च शिक्षा विभाग ने एमपीपीएससी के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर और खेल अधिकारियों के लिए 2 हजार 117 पदों पर भर्ती निकाली है। सभी याचिकाकर्ता स्वाशासकीय व जनभागीदारी कॉलेज में रिक्त पदों पर वर्षों से कार्यरत है। मांग की गई कि इस भर्ती में गेस्ट फैकल्टी होने के नाते उन्हें भी 25 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाए, जो उन्हें नहीं दिया जा रहा है। सुनवाई के बाद युगलपीठ ने स्वाशासकीय व जनभागीदारी कॉलेज में कार्यरत गेस्ट फैकल्टी को भी चयन प्रक्रिया में शामिल करने के अंतरिम निर्देश जारी किए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सत्यप्रकाश मिश्रा ने पैरवी की।



## रोड किनारे खड़ी कार से टकराकर पलटी स्कॉर्पियो

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत राइट टाउन मानस भवन के पास रोड किनारे खड़ी एक किआ कार से टकराकर एक स्कॉर्पियो पटल गई। इस हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। रोड में जाम लग गया, बाद में पुलिस ने क्रेन से दोनों वाहनों को अलग कराया, तब जाकर यातायात शुरु हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो वाहन तेज रफ्तार से आई और रोड किनारे खड़ी किआ कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 0331 में टक्कर मार दी इसके बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में चालक को तो चोटें नहीं आई लेकिन स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई।

# मिलावट नहीं रोकने से प्रदेश में दूध की खपत घटी

**विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट से खुलासा**

**जबलपुर।** विधानसभा में 11 मार्च को प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट से खुलासा सामने आया है कि प्रदेश में दूध की खपत घट गई है। वह प्रति व्यक्ति 652 ग्राम रह गई जबकि पूर्व में वह हमेशा 700 ग्राम के ऊपर ही रहती थी।

यह दूध में हो रहे जबरदस्त मिलावट को नहीं रोकने का खामियाजा है, यह बताते हुए उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे ने आज आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग भोपाल को पत्र भेजा है।

डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि राज्य सरकार ने 9 नवंबर 200 से मिलावट से मुक्ति योजना शुरु की थी, लेकिन यह योजना अब ठप्प पड़ी है।

राज्य सरकार प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को दिनांक 2 मार्च 2023 को निर्देश जारी कर मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान जारी करने को कहा था। इस अभियान के तहत कुछ दिन खास पदार्थों के सेंपल लिए गए, लेकिन इनके आधार पर अभी तक दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वर्ष 2021 में भारत सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने जबलपुर तथा प्रदेश के कई जिलों में मोबाइल खाद्य परीक्षण लेबोरेटरी प्रदान की थी, जो मौके पर जाकर मिलावट की जांच कर सके। जबलपुर में वर्ष 2023 के बाद ऐसी जांच सुस्त पड़ी है। मंच की सुशीला कनौजिया, माया कुशवाहा, गीता पांडे, उमा दाहिया, आदियों ने दूध मिलाटव नहीं रोकने पर

## मुख्यमंत्री का डुमना में अल्प प्रवास आज

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज गुरुवार 20 मार्च की दोपहर ट्रांजिट विजिट पर डुमना विमानतल जबलपुर आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुरुवार की दोपहर 2.35 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना विमानतल आयेंगे और तकरीबन पाँच मिनट बाद यहाँ से हेलीकॉप्टर द्वारा डिंडौरी जिले के शाहपुर प्रस्थान करेंगे। शाहपुर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हेलीकॉप्टर से शाम 4.45 बजे वापस डुमना एयरपोर्ट आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव शाम 4.50 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।



# निगमायुक्त द्वारा सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों का निरीक्षण

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत शहर के सभी वार्डो में लगातार साफ-सफाई एवं नागरिकों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार संभागवार साफ-सफाई के साथ-साथ सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा संभाग क्रमांक 10 राँझी एवं संभाग क्रमांक 11 के बिलेहरी क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय सी.टी., पी.टी. का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के समय उपायुक्त संभव अयाची, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, धर्मेन्द्र राज, पोला राव, उपयंत्री अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी मुआयना किया और सारी सुविधाएं स्थाई रूप से रखने के निर्देश प्रसाधन संचालकों एवं केयर टेकर को दिये। इसपर निगरानी रखने के लिए सभी स्वास्थ्य अमले को भी निर्देशित किया। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने कहा कि शहर के सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों को सुव्यवस्थित किया जाए और किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कभी भी स्वच्छता टीम के द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है, इस बात का सभी ध्यान रखें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने नागरिकों से भी अपील की है कि घर का कचरा निगम की कचरा गाड़ी में ही डालें, अन्यत्र यहाँ वहाँ न फैकें, अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों के आस-

## सिंगरौली में नियम विरुद्ध खनन प्रक्रिया को लेकर हाई कोर्ट सख्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सिंगरौली में नियम विरुद्ध खनन प्रक्रिया से प्रभावित क्षेत्रों के रहवासियों को हो रहे नुकसान और प्रदूषण की जांच करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की बेंच ने इसके लिए उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन करने की व्यवस्था दी है। इस समिति में कोयला मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारी और कलेक्टर सिंगरौली शामिल होंगे। इसके अलावा कोर्ट ने स्थानीय विधायक को भी समिति में सदस्य के रूप में शामिल करने कहा है। याचिकाकर्ता सिंगरौली निवासी चंद्र प्रकाश सिंह की ओर से कोर्ट को अवगत कराया गया कि सिंगरौली क्षेत्र में नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा किए जा रहे ओपन-कास्ट खनन के कारण स्थानीय निवासियों के घरों को क्षति पहुंच रही है। कई मकान गिरने की कगार पर हैं और यहां रहने वालों का जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। याचिका में मांग की गई थी कि एक समिति का गठन कर इसकी विस्तृत जांच कराई जाए।

# पमरे जीएम कार्यालय में मजदूर संघ का प्रदर्शन आज

### एनपीएस, यूपीएस के खिलाफ रेलवे में विरोध सप्ताह



**जबलपुर।** न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस), यूनिफाईड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के खिलाफ रेल कर्मचारियों ने सहित देश के तमाम केन्द्रीय कर्मचारियों का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। रेल मजदूर संघ के प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि संघ अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा के मार्ग दर्शन में एनएफआईआर के आहवान पर एनपीएस, यूपीएस के खिलाफ व ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने समेत लम्बित ज्वलंत मांगो को लेकर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा गत 17 मार्च से अखिल भारतीय विरोध सप्ताह (21 मार्च ) तक पमरे के तीनों रेल मंडलों में आयोजित किया जा रहा। इसी कड़ी में आज 20 मार्च गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय, पमरे, के समक्ष दोपहर 1.30 बजे से विरोध प्रदर्शन व यूपीएस के राजपत्र की प्रतियो की होली जलाकर आक्रोश व्यक्त कर ओपीएस लागू करने का आहवान किया जाएगा । संघ के मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला, मंडल सचिव डी.पी अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती, उपाध्यक्ष सविता त्रिपाठी, सतीश कुमार, रोशन सिंह यादव, संतोष त्रिवेणी, संजय चैधरी, आर.ए. सिंह, योगेन्द्र सिंह, अफजल हाशमी, भूपत सिंह, बॉबी धोल पुरे, अनिकेत कुमार, तरूण बत्रा, सुधीर कुमार, देवी यादव आदि ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की हैं ।

# पुरानी रंजिश पर चली गोली, एक गंभीर

## गोहलपुर थाना अंतर्गत समता कॉलोनी में वारदात, एक गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

गोहलपुर थाना अंतर्गत शांति नगर रेहान स्कूल के पास उसे समय सनसनी फैल गई जब एक दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने एक युवक पर दनादन फायरिंग करना शुरू कर दिया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना को अंजाम देने के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल भिजवाया है जहां युवक की हालत गंभीर बताई जा रही हैं।

### बहन से मिलने गया था घर-

घटना के संबंध में सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जानकारी के मुताबिक अंबर अहिरवार उम्र 25 वर्षीय चिकनी कुआं के पास देवताल थाना गढ़ा क्षेत्र का निवासी है। अंबर अपनी बहन से मिलने के लिए उसके घर गया हुआ था जहां बदमाशों ने पहले तो पत्थर बाजी की और उसके



बाद युवक के घर से निकलते ही उसके ऊपर एक के बाद एक दनादन फायरिंग करना शुरू कर दिए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### एक दिन पहले हुई थी पत्थरबाजी-

बताया जाता हैं कि मोहल्ले के ही रहने वाले दीपक बर्मन, विसु बर्मन, और बाबू अपने अन्य साथियों के साथ आया और एक दिन पहले बदमाशों ने घायल की बहन के घर पर पत्थर बाजी की घटना को अंजाम दिया था। जिसकी जानकारी मिलने पर वह अपनी बहन के घर हाल चाल जानने के लिए पहुचा था।

### कई राउंड हुई फायरिंग-

परिजनों के मुताबिक जैसे ही अंबर घर पहुंचा उसकी सूचना हमलावरों को लग गई। उन्होंने पहले पत्थरबाजी की और उसके बाद जैसे ही घायल अंबर घर के बाहर आया तो बदमाशों ने उसके ऊपर हत्या करने के नियत से एक के बाद एक दनादन फायरिंग करना शुरू कर दी।

### इनका कहना हैं-

पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने कुछ आरोपियों को अपनी हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

**-प्रतीक्षा मार्को, टीआई गोहलपुर**

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अप्रैल 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार – 1 तोला, 5 नग – सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार – 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार – 2 नग – रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार – 3 नग – LED TV
सांत्वना पुरस्कार – 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____



## रंग गुलाल खेलकर मनाया उत्सव

# रंगपंचमी पर वैश्य महासम्मेलन का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा।** रंगपंचमी पर आज सिहोरा खितौला में अनेक स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सभी ने एक दुसरे के साथ खूब रंग गुलाल खेलकर उत्सव को सेलीब्रेट किया। इसी के साथ ही पांच दिवसीय होली महापर्व का भी समापन हो गया।

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई- वैश्य महासम्मेलन सिहोरा की महिला इकाई द्वारा इस वर्ष भी रंगपंचमी पर होली मिलन कार्यक्रम तहसील अध्यक्ष चंदा नौगरहिया के सिहोरा स्थित निवास पर आयोजित किया गया जिसमें इकाई की सभी बहनों ने पहुंचकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले पुरस्कार- मिलन समारोह में सभी बहनों ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी तथा महिला इकाई ने मनोरंजन गेम के साथ अनेक ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया एंव इसके विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी वितरित किए गये। इसके साथ ही महासम्मेलन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। अनेक बहनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए वैश्य महासम्मेलन इकाई को और मजबूत करने पर जोर दिया।

इनकी रही उपस्थिति- होली मिलन कार्यक्रम में इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष पदम मोदी पनागर, मनीष मोदी, संरक्षक अंजना सराफ, जिला प्रभारी कृष्णा सरावगी, जिला उपाध्यक्ष निशा जैन, सोनाली साहू, जिला महामंत्री साधना साहू, नगर अध्यक्ष सारिका साहू भी उपस्थित रहीं।



## फूलों और अबीर से खेली होली

# भगवान कृष्ण और राधा जी को अबीर और फूल वर्षाकर मनाई रंग पंचमी

**पाटन।** नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सैकेंडरी स्कूल मे फूलों की होली खेलकर रंगो के पर्व होली का त्योहार मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य सी. एस. ठाकुर व उपप्राचार्य सुजीत सिंह ठाकुर ने श्रीराधा कृष्णजी को तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर उत्सव की शुरूआत की। तत्पश्चात विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भगवान श्री कृष्ण व एक- दूसरे पर पुष्पों की वर्षा की। इस अवसर पर सभी ने होली के गीत गाये व ऐसा माहौल बना की सब नाचने लगे और होली एवं भगवान के जयकारे लगाने लगे। फूलों संग होली एवं भगवान के जयकारों के साथ विद्या का मंदिर भी लगने लगा कि जैसे कि वृंदावन में हो।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रताप नामदेव, नारायण केसरवानी, ब्रजेश विश्वकर्मा, अनिल पटेल,जसपाल सिंह, हेमंत शर्मा, मनीषा ठाकुर, धनंजय प्यासी, शिवानी नामदेव, अर्चना बर्मन, सीताराम सिंह, महेंद्र चौबे, रजनी ठाकुर, स्नेहा शर्मा, विवेक अहीवासी, शालनी ठाकुर, प्रिया गुप्ता, प्रिया तिवारी, अंजना मिश्रा, अंजुश्री मिश्रा, देवीदीन पटेल, आदि शिक्षक एवं छात्र - छात्राएं और स्कूल परिवार उपस्थित रहा।

## सामाजिक होली मिलन उड़ा गुलाल

# रंगपंचमी पर शहर में विविध कार्यक्रम

**जबलपुर।** रंगपंचमी का त्यौहार शहर में हर्षोल्लास के साथ परम्परागत तरीके से मनाया गया। होली मिलन कार्यक्रम के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजनों की भरमार भी रंगपंचमी पर रही। कहीं फाग तो कहीं राई पर लोग झूमे। सिंधी समाज, गहोई समाज, अग्रहरि समाज, साहू समाज ने होली मिलन के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये। सुबह से ही रंग-पंचमी पर हुर्रयारे युवकों की टोलियां शहर में भ्रमण करतीं रहीं। रंगपंचमी के अवसर पर होली मिलन के कार्यक्रम भी विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों ने आयोजित किये। निवाड़गंज गल्ला मंडी, बड़ा फुहारा और अग्रहरि समाज द्वारा मिलौनीगंज में होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# सखी सहेलियों ने खेली होली



**जबलपुर।** बल्देवबाग कालोनी में सभी सखी सहेलियों ने हैप्पी होली खेली जिसमें अध्यक्ष श्रीमति आभा तिवारी और सखियों में मंगला, साधना, रानी, पूनम, अर्णिका, विभा, प्रियंका, रिशिका, रजनी, विनीता, पूनम, रोशनी, दीपा, नेहा, निधि, बिट्टू, प्रियम, रिदम, लेकिशा तिवारी, परी, यशी, चंचल, प्रमिला, दिव्या, सरोज, अंजना आदि रही।




सक्ति नगर आंगनबाड़ी में बच्चों को होली की सामग्री वितरित।



# सिहोरा में महारुद्र यज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा

**सिहोरा।** भक्तों की आस्था के केन्द्र शिव मंदिर बाबाताल में आयोजित दस दिवसीय हवनात्मक तथा महाअभिषेकात्मक श्री महारुद्रयज्ञ एंव भागवत कथा की बुधवार को भव्य दिव्य कलशयात्रा निकाली गई जिसमें अनेक साधू संतों के साथ झांकियां भी शामिल हुई। कलशयात्रा में आगे आगे धर्म ध्वजा लेकर भोलेनाथ के भक्त एंव उसके पीछे सर पर कलश धारण कर महिलाएं एंव बच्चियां चल रही थी। 29 मार्च तक आयोजित हो रहे इस महायज्ञ का आयोजन भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा एंव नृसिंह टेकरी खितौला के ब्रम्हलीन संत द्वारका दास जी महाराज की कृपा से किया जा रहा है। कलशयात्रा यज्ञ स्थल से प्रारम्भ होकर पुराना बस स्टेंड, गौरी तिराहा, आजाद चौक, झंड़ा बाजार, काल भैरव चौक, मैना कुआं, हरदौल मंदिर सहित नगर भ्रमण करते हुए शुभारंभ स्थल पर संपन्न हुई।

# जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान

**जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार, शासकीय स्कूलों के कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में 1456 विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। परीक्षा के परिणामों के आधार पर जिला स्तर पर चयनित 32 छात्र-छात्राओं का सम्मान कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया।

सम्मान समारोह में कलेक्टर दीपक सक्सेना और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत के मार्गदर्शन में चयनित विद्यार्थियों को ट्रैकसूट, बैग, ज्योमेट्री बॉक्स, पानी की बॉटल, प्रमाण पत्र, स्मृतिचिन्ह, और कैप प्रदान किए गए। इसके साथ ही, विद्यार्थियों के मार्गदर्शक शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए। साथ ही, चयनित छात्रों, उनके अभिभावकों और मार्गदर्शक शिक्षकों को भोजन के पैकेट भी दिए गए। यह ओलंपियाड परीक्षा कक्षा 2-3, 4-5 और 6-8 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा के विषय में हिंदी, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण, सामान्य ज्ञान, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान शामिल थे। इस ओलंपियाड का उद्देश्य विद्यार्थियों में चिंतन, तार्किक क्षमता, सामाजिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है, ताकि वे भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार हो सकें।

इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डाइट प्राचार्य सुधीर उपाध्याय, डीपीसी योगेश शर्मा, एपीसी राजेश तिवारी, छाया राज, मोनिका लकड़ा, सुरेंद्र जैन, और अजय रजक सहित कई महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा राज्य स्तर के इंग्लिश ओलंपियाड के लिए चयनित 7 छात्रों और उनके मार्गदर्शकों को भोपाल के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीएसी अजय रजक ने किया।

# मदन महल दरगाह में अफ़्तार

**जबलपुर।** रमजान मुबारक के अठारहवे रोजे पर मदन महल दरगाह में गढ़ा के नौजवानों द्वारा अफ़्तार का एहतेमाम किया गया! अफ़्तार में सैय्यद कादिर अली कादरी, सहवाज भाई, फैज भाई, सहित गढ़ा के नौजवान शामिल रहे।

# मां माला देवी में आदिवासी फागों के साथ फूलों की होली

**जबलपुर।** रंग पंचमी पर गढ़ा पुरवा में स्थित गोंडवाना के राजा संग्राम शाह द्वारा स्थापित मां माला देवी मंदिर में भारतीय सर्व जनजाति सेना द्वारा होरी मिलन समारोह और गोगो पाठ पूजा का आयोजन किया गया । जिसमें राजा शंकर शाह के वंशज राजा भंडरा नीलेश प्रताप सिंह ठाकुर के चाचा डॉक्टर वाय एस ठाकुर और उनके साथ इंद्र कुमार कुलस्ते ने मां माला देवी मंदिर में आयोजित होरा परम्परा का निर्वाहन करते हुए गोगो पाठ में हिस्सा लिया। मां माला देवी मंदिर में होली मिलन समारोह में विशेष पूजा पाठ का आयोजन भारतीय सर्व जनजाति सेवा के तत्वाधान में आयोजित किया गया है जहां रंग पंचमी के पावन अवसर पर आदिवासी फाग एवं मां माला देवी की आदिवासी रीति रिवाज से गोगो पाठ और पूजन अर्चन किया गया । फ़ागो के गायन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खैरी , झुरई पिपरिया और दमोह से विशेष टीमों को बुलाया गया था ।इस अवसर पर शशि ठाकुर पूर्व विधायक लखनादौन, मदन सिंह ताराम, डॉक्टर संजीव वरकड़े, शिव प्रसाद मरकाम , जगतिया बरकडे, विजय सिंह मरावी, विजय सिंह मरावी, अंजना इनवाती, सारिका मरावी, बसंत धुर्वे,धनराज पोसाम, नीलेश सिंह, बबलू , राज कुमार तेकाम, शिव मरकाम, मानकी, भागवती आदि उपस्थित थे।

# मंगौड़ा और पिज्जा, बर्गर वाले आपस में लड़े

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत कांचघर चौपाटी में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर मंगौड़ा ठेला संचालक दो युवकों ने पिज्जा बर्गर ठेला संचालक पिता पुत्र पर लोहे के झारिया व डंडे से हमला कर घायल कर दिया। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतलामाई आजाद व्यायाम शाला के पास निवासी 25 वर्षीय विशाल गुप्ता कांचघर चौपाटी में पिज्जा बर्गर का ठेला लगाता है। गत शाम लगभग 6.30 बजे वह अपनी दुकान में था, तभी दुकान के बाजू में मंगौड़े का ठेला लगाने वाला शरद गुप्ता उसके पास आकर शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो शरद गुप्ता उसे गालिया देने लगा, गालियां देने से मना करने पर शरद गुप्ता ने लोहे के झारा से उसके सिर पर हमलाकर घायल कर दिया। विशाल के पिता रामजी गुप्ता बीच बचाव करने आये तो अमित गुप्ता ने डंडे से उसके पिता के हाथ पर हमला कर चोटें पहुंचा दी और दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## शहपुरा, सिहोरा और बेलखेड़ा में हादसे

# ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं में 3 घायल

**जबलपुर।** शहपुरा, सिहोरा और बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं के तीन मामलें सामने आए है। इन हादसों में तीन युवक घायल हो गए।

शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नटवारा निवासी 54 वर्षीय ईश्वरदास गौंड खेत में सिंचाई का काम करता है। गत शाम लगभग 7 बजे घर से सिंचाई करने के लिए गंजकटंगा खेत साईकिल से जा रहा था जैसे ही नटवारा नाला के सामने हाईवे मेन रोड पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम जी 4652 के चालक ने उसकी साईकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह साइकिल सहित गिर गया और उसके सिर पर चोटें आ गई।

इसी प्रकार तिलहरी स्लीमनाबाद जिला कटनी निवासी 54 वर्षीय रामदास भूमिया गत शाम लगभग 4 बजे अपने भांजे राजेंद्र भूमिया के साथ बाईक क्रमांक एमपी 20 एनयू 9022 से सिहोरा से निमास जा रहा था। जैसे ही उलदना ब्रिज के पास पहुँचे तभी पीछे से आ रही



मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम आर 2519 के चालक ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों मामा भांजा बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह बेलखेड़ा में जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी 41 वर्षीय ड्रायवर संदीप पटेल गत दिवस उदयपुरा जिला रायसेन से जबलपुर आ रहा था जैसे ही रात लगभग 8 बजे बेलखेड़ा पेट्रोल पम्प के आगे पुलिया के पास पहुंचा वहां पहले से ही एन एच 45 पर एक्सीडेण्ट होने से घायल अवस्था में एक व्यक्ति बीच रोड़ में पड़ा था जिससे जाम लगने के कारण उसने अपना ट्राला क्रमांक एमपी 20 एच बी 3253 धीमी गति में करके खड़ा कर दिया था तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 0366 के चालक ने पीछे से उसके ट्राला में टक्कर मार दी, जिससे उसका ट्राला लगभग 50 मीटर खिसक गया एवं क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# बीड़ी देने से इंकार करने पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत शक्तिनगर बदनपुर में बीड़ी देने से इंकार करने पर रांझी के 6 बदमाशों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना का सीसीटीव्ही फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बदनपुर निवासी अभय राकेशसिया अपने दोस्तों के साथ घर के पास खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश अमित बेन और उसका साथी अमित वहां पहुंचे और अभय से बीड़ी मांगी। जब अभय ने बीड़ी देने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने अचानक चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल भेजा। पुलिस ने इस घटना का सीसीटीव्ही फुटेज सामने आने के बाद आरोपी पुरानी बस्ती रांझी निवासी शनि जांगड़े , मनमोहन नगर रांझी निवासी अमन केवट, फक्कड़ बाबा मंदिर रांझी निवासी अंकित गिराय, गंगामैया रांझी निवासी अंशुल मलिक, रक्षा नगर कालोनी दुर्गा मंदिर रांझी निवासी गोविंद गुरु और फक्कड़ बाबा मंदिर रांझी निवासी करन गिराय को गिरफ्तार कर लिया हैं।

**रांझी के बदमाशों ने बदनपुर की वारदात**




**श्रीमती याखोमकेना देवी-** कजरवारा कटियाघाट रोड निवासी श्री मनिहार सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती याखोमकेना देवी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सूरज देवी यादव-** करियापाथर रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री नंदू लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सूरज देवी यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी गढ़वाल-** पुरानी पीपी कॉलोनी निवासी श्री छोटे लाल गढ़वाल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी गढ़वाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता-** द्वारका नगर निवासी श्री शंकर लाल डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती गीता (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीनदयाल ठाकुर-** भानतलैया प्रेरमसागर रोड निवासी श्री दीनदयाल ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला मिश्रा-** नरबद तेली का बाड़ा शीतलामाई सरकारी कुआं रोड निवासी श्री तुलाराम मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला मिश्रा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील रैकवार-** कांचघर निवासी श्री सुनील रैकवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव पराग-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री शिव पराग (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्ञानवती मिश्रा-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री शिव बहादुर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञानवती मिश्रा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दीपा बाई राजपूत-** बजरंग नगर व्हीकल रोड निवासी श्री प्रताप सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा बाई राजपूत (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम कुमार श्रीवास्तव-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री श्याम कुमार श्रीवास्तव (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला सेन-** सिद्धबाबा वार्ड छोटी खेरमाई के पास निवासी श्री राजकुमार सेन की धर्मपत्नी श्रीमती कमला सेन (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उर्मिला बाई मेश्राम-** शीला टाकीज कम्पाउंड दूसरे पुल के पास निवासी श्री अभय कुमार मेश्राम की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला बाई मेश्राम (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बिसरती बाई गौंड़-** ग्राम मोहारी पनागर निवासी श्री भैया लाल गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती बिसरती बाई गौंड़ (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा रानी खन्ना-** तुलसी नगर रांझी निवासी श्री बाल कृष्ण खन्ना की धर्मपत्नी श्रीमती आशा रानी खन्ना (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# बेटियां पैदा होने पर बहू को घर से निकाला

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अतंर्गत ग्राम पौड़ा में एक महिला ने अपने पति और सास, ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि ससुराल वालें महिला को मायके से दो लाख लाने और बेटी होने पर प्रताड़ित करते थे। गत दिवस उसे घर से निकाल दिया, उसके बाद महिला पुलिस की शरण पहुंची। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पौड़ा निवासी 25 वर्षीय श्रीमति सीमा चौधरी की शादी गत 22 जून 2021 को ग्राम गांधीग्राम निवासी शेखर कुमार चौधरी से हुई थी। शादी में उसके माता पिता ने अपनी सामर्थता के अनुसार दहेज दिया था। शादी के बाद लगभग डेढ़ वर्ष तक ससुराल में सबकुछ ठीक रहा, उसके बाद पति शेखर कुमार , सास अनीता चौधरी, ससुर घनश्याम चौधरी उसे तीन बेटियां होने की बात पर एवं दहेज कम लाने की बात को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगे। गत 28 फरवरी को मायके से 2 लाख व बाईक लाने की मांग करते हुए उसे और उसकी तीनों बेटियों को घर से बाहर निकाल दिए। तब से वह अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 85 भारतीय न्याय संहिता के तहत तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# हर दिन चोरी हो रहे ई रिक्शा

**जबलपुर।** हर दिन एक न एक ई रिक्शा चोरी जा रहा है। कल फिर ओमती थाना अतंर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय की बाउंड्री के पास खड़ा एक ई रिक्शा दिन दहाड़े अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। ओमती थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार माण्डवा बस्ती रामपुर थाना गोरखपुर निवासी 28 वर्षीय हिना खान ने एक माह पहले अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 1807 किराए पर माण्डवा रामपुर निवासी शेख सलीम उर्फ बाबू ड्रायवर को दिया था। गत 15 मार्च की रात लगभग 8 बजे ड्रायवर शेख सलीम ने हिना खान को फोन पर सूचना दी कि बुखार आने पर शेख सलीम दोपहर लगभग 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय की बाउण्ड्री के पास ई रिक्शा को लॉक करके वहीं बाजू में सो गया था लगभग एक घण्टे बाद शेख सलीम की नींद खुली तो देखा ई रिक्शा वहां से गायब था।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

नई दिल्ली से दो दिनी प्रवास से लौटते ही फुलफॉर्म में दिखे सीएम साय

# गोली-बारूद छोड़कर आत्मसमर्पण करें नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली से लौटकर राजधानी रायपुर में नक्सलवाद के खात्मे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सवा साल में नक्सलवाद के साथ हमारी सरकार और हमारे सुरक्षा बल के जवान मजबूती के साथ लड़ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में लगातार सुरक्षा कैंप खुल रहे हैं। सुरक्षा कैंप खुलने से 100 से ज्यादा गांवों में सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में हम कामयाब हुए हैं। नक्सली गोली-बारूद की भाषा छोड़कर आत्मसमर्पण करें। हमारी सरकार उनके पुनरुत्थान के लिए तत्पर है। उनके साथ सरकार न्याय करेगी।

**खास बातें**

- सीएम बोले- छग सरकार नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए तत्पर
- 100 से ज्यादा गांवों में योजनाओं को पहुंचाने में हम हुए कामयाब



### बजट में मोबाइल टॉवर योजना भी शामिल

बस्तर संभाग के दूरस्थ एरिया में मोबाइल टॉवर के सवाल पर कहा कि संचार की बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए हमने बजट में मुख्यमंत्री टॉवर योजना लाए हैं। दूरस्थ अंचलों में भी मोबाइल टॉवर खड़ा करेंगे। इस संबंध में कल ही दिल्ली में केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मेरी बातचीत हुई। उन्होंने इस संबंध में आस्वस्थ किया है। प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में बेहतर संचार सुविधा के लिये मोबाइल टॉवर लगाने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है।

### योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

*सीएम ने कहा कि सरकार ने नियद नेल्लानार योजना शुरू की हैं। सुंदर गांव के अंतर्गत करीब 17 विभाग 51-52 व्यक्ति मूलक योजनाओं को हम प्राथमिकता के साथ पहुंचा रहे हैं। बस्तर क्षेत्र में शांति बहाली के लिए सरकार तरह-तरह के उपाय कर रही हैं। डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में लगातार प्रयास हो रहे हैं। वह बस्तर ओलंपिक भी करा चुके हैं। अभी बस्तर में बस्तर पंडुम चल रहा है। इस तरह से लगातार लोगों को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सीएम ने नक्सलियों अपील करते हुए कहा कि नक्सली गोली बारूद की भाषा छोड़कर आत्मसमर्पण करें। उनके साथ सरकार न्याय करेगी। हमारी सरकार उनके पुनरुत्थान के लिए तत्पर है। बस्तर में शांति और खुशहाली की स्थापना के लिये हमारी सरकार दृढ़ संकल्पित है।*

---

दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान गृहमंत्री समेत कई केन्द्रीय मंत्रियों के मिले साथ

# 30 मार्च को पीएम मोदी के आगमन पर सीएम ने साझा की पूरी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने अपने दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संसद भवन में पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान 30 मार्च को उनके प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे की रूपरेखा सांझा की। इस यात्रा के दौरान राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा।

सीएम ने दौरे की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं छत्तीसगढ़ में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया। पीएम के साथ बैठक में छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास, बस्तर के विकास का मास्टर प्लान और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना, उद्योग और पर्यटन केंद्रों के विस्तार पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री ने बस्तर विकास योजना की सराहना करते हुए राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।



### नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास

*मुख्यमंत्री ने बस्तर क्षेत्र के समग्र विकास का मास्टर प्लान केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और पर्यटन के नए अवसरों पर फोकस रहा। इस मास्टर प्लान का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में लाना और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। केंद्र सरकार ने इस मास्टर प्लान को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। सीएम ने राज्य की विकास योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से मजबूत सहयोग और समर्थन प्राप्त किया।*

### गृहमंत्री से भी जरूरी विषयों पर चर्चा



मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात कर नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। राज्य सरकार निर्णायक कदम उठा रही है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से नक्सली संगठनों की पकड़ कमजोर हो चुकी है और छत्तीसगढ़ अब एक नए युग की ओर अग्रसर है। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



### इन केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

*सीएम साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर, केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, सांसद तेजस्वी सूर्या समेत वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस भेंट के दौरान छत्तीसगढ़ के विकास, औद्योगिक नीति, नक्सल उन्मूलन और बस्तर के विकास आदि पर गहन चर्चा की।*

---

आरोपी बड़ा भाई गिरफ्तार, कुल्हाड़ी से दिया वारदात को अंजाम

# 10 डिसमिल जमीन के लिए छोटे भाई की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम खप्परवाड़ा से जमीन विवाद में हत्या का मामला सामने आया है। जहां पर 10 डिसमिल जमीन के विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। इस सनसनीखेज मामले के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही गुंडरदेही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई। प्रथम दृष्टि यह हत्या का मामला सामने आते ही बड़े भाई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और पूछताछ में उसने अपना जुल्म कबूल कर लिया है।

फिलहाल, पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने बताया कि मृतक का नाम राजकुमार मानिकपुरी 42 वर्ष है और हत्यारे बड़े भाई का नाम विष्णु मानिकपुरी उम्र 57 वर्ष है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला दर्ज कर हत्यारे भाई विष्णु राम मानिकपुरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इन दोनों के बीच लंबे समय से 10 डिसमिल जमीन के लिए विवाद चल रहा था और विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। अब हत्यारा बड़ा भाई पुलिस के कब्जे में है।

**पुलिस ने हिरासत में ले लिया और पूछताछ में उसने अपना जुल्म कबूल कर लिया**

### ताबड़तोड़ प्रहार किया

*बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों में महज 10 डिसमिल जमीन का विवाद चल रहा था। इसे लेकर हमेशा विवाद होता था और आज विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी बड़े भाई विष्णु राम मानिकपुरी ने अपने छोटे भाई राजकुमार मानिकपुरी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना स्थल पर खून ही खून दिखा। इस घटना के बाद से पूरा परिवार सहम गया। क्योंकि दोनों सगे भाई थे। अब अगर उनके बच्चे इस विवाद को नहीं सुलझा पाए उनकी दुश्मनी अनवरत जारी रहेगी। जांच करते हुए मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं हत्यारे भाई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।*

### जोगी पाली कनकी जंगल में लगी भीषण आग

**कोरबा।** जोगी पाली कनकी जंगल में भीषण आग लग गई। रात भर धू-धू कर जंगल जलता रहा। लेकिन आग पर काबू नहीं पा जा सका। आग धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर जंगल में फैल गई। आग ने इतना विकराल रूप ले लिया था कि लपटे अलग से दिख रही थी। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत जोगी पाली के ग्रामीणों द्वारा वन कर्मियों को आग लगने की सूचना दी गई।

लेकिन वहां कोई भी वनकर्मी या वन अमला आग पर काबू पाने की कोशिश करता नहीं दिखाई दिया। जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आए। इस आगजनी की घटना में कनकी, जोगी जंगल के अलावा आसपास कई गांव के जंगल आग की चपेट में आए हैं। ग्रामीणों को संदेह है कि किसी आसामाजिक तत्व ने जंगल में आग लगाइ होगी। गांव से लगे जंगल में आसपास लोग शराब खोरी भी करते हैं। जिसके चलते असामाजिक तत्व इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं। इस जंगल में हर वर्ष गर्मी के मौसम में आगजनी की घटना सामने आती है। कई छोटे-बड़े पेड़ आग की चपेट में आते हैं। वही जंगली जीव जंतु को भी काफी नुकसान होता है। ऐसे में वन विभाग को अलर्ट रहने की जरूरत है।

### नींव मजबूत होगी तो भविष्य मजबूत होगा: मंत्री निर्मला

**भोपाल।** महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया 'पोषण भी-पढ़ाई भी' पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमारी नींव मजबूत होगी तो आने वाला भविष्य मजबूत होगा। सक्षम आंगनबाड़ी मिशन 2.0 के तहत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम केन्द्र सरकार का एक महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने की क्षमता विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री भूरिया मंगलवार को राजधानी के होटल में कार्यशाला में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में शुरू इस पहल का उद्देश्य बच्चों की देखभाल और शिक्षा पर आंगनवाड़ी प्रणाली पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके। आंगनबाड़ी केन्द्र को उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाओं, खेल के उपकरण, प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ शिक्षण केन्द्र परिवर्तित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे 6 वर्ष के कम उम्र के बच्चों (विशेषकर दिव्यांग बच्चों) के रचनात्मक, सामाजिक विकास को प्रोत्साहित किया जा सके।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद...





**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दोनों सुपुत्र कार्तिकेय और कुणाल के विवाह पश्चात नई दिल्ली में आयोजित आशीर्वाद समारोह में देश की जानी मानी हस्तियां पहुंची। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी ने समारोह में पहुंचकर नवदंपतियों को अपना आशीर्वाद दिया।

नई शिक्षा नीतिः सरकारी स्कूलों में नर्सरी में बच्चों को भेजने का प्रावधान कर रहे

### 1 अप्रैल से प्रवेश उत्सव अभियान, हैंड ओवर टेक ओवर भी होगा शुरूः स्कूल शिक्षा मंत्री

**भोपाल।** नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी स्कूलों में नर्सरी में बच्चों को भेजने का प्रावधान कर रहे है। स्कूल शिक्षा विभाग 1 अप्रैल से प्रवेश उत्सव अभियान चलाएगा। प्रवेश उत्सव अभियान में हम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्रीगणों, विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों से शामिल होने का आग्रह करेंगे। यह बात सोमवार को स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही। सिंह ने कहा कि राजनीतिक पृष्ठभूमि से हटकर सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश में भूमिका निभाए, ताकि सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में वृद्धि हो। हैंड ओवर-टेक ओवर की प्रक्रिया भी शुरुआत करेंगे। जिसका दारोमदार प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर को सौंपेंगे।

---

आरोपी ड्राइवर वाहन छोड़कर भागा, मप्र का रहने वाला था युवक

# तेज रफ्तार ट्राले ने युवक को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां पर बरहो के कार्यक्रम में शामिल होने मध्यप्रदेश से आए युवक को सड़क पार करने के दौरान एक कोयले से भरे ट्रेलर ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तो ट्रेलर चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। तो एक अन्य हादसे में बिलासपुर से वापसी के दौरान खोडरी निवासी दो व्यापारियों की खड़े मेटाडोर से टकरा जाने से मौत हो गई है।

फिलहाल, पुलिस मामले में मर्ग कायम कर वाहन चालक की तलाश में जुट गई है। पेंड्रा में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां अनूपपुर जिले के सिंघौरा गांव का रहने वाला युवक बरहों के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पेंड्रा के कुदरी गांव पहुंचा हुआ था। कार्यक्रम में शमिल होने के बाद वापसी के दौरान सड़क किनारे खड़े अपने वाहन की ओर जा रहा था। उसी दौरान कोटमी की ओर से कोयले से भरे ट्रेलर वाहन जो पेंड्रा की ओर आ रहा था। उसकी चपेट में धनेश्वर पनिका आ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। तो वहीं ट्रेलर चालक ट्रेलर को छोड़कर भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को पेंड्रा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित करा दिया।



### खड़ी गाड़ी से टकराया वाहन

*वहीं एक और दुखद घटना बिलासपुर के सकरी इलाके में घटित हुई। जिसमें गौरेला के खोडरी इलाके के दो व्यापारी किसी काम से कार में सवार होकर बिलासपुर गए हुए थे। वापसी के दौरान सड़क में खड़े मेटाडोर में उनकी कार भीड़ गई। हादसे में खोडरी निवासी आलोक जैन और रमेश कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सिम्स पहुंच गए। घटना से पूरे खोडरी इलाके में मातम का माहौल है। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की कार्यवाही में जुट गई है।*

---

महायोगी दादा गुरुजी की नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा का समापन

# सिंहस्थ से पहले किया जाएगा ओंकारेश्वर लोक का विकासः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 को भव्य बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उज्जैन में महाकाल लोक के निर्माण से मध्यप्रदेश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। सिंहस्थ से पहले ओंकारेश्वर लोक का विकास किया जाएगा। ओंकारेश्वर धाम भी आने वाले समय में जगमगाएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं जुटाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जहां लीलाएं की और जहां उनके चरण पड़े, उन सभी देवस्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। डॉ. यादव मंगलवार को ओंकारेश्वर में अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरुजी की तृतीय चरण मां नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा के समापन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने ओंकारेश्वर स्थित गोमुख घाट पर मां नर्मदा का मंत्रोच्चार के बीच पूजन और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। यह यात्रा मां नर्मदा, धर्म, धरा, धेनु, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन के लिए समर्पित थी।

### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर किया जलाभिषेक







**सभी को लेना चाहिए सत्कर्म करने का प्रण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दादा गुरुजी की तृतीय चरण मां नर्मदा सेवा यात्रा का समापन हुआ है। यह एक अद्भुत यात्रा थी। उन्होंने श्री दादा गुरुजी को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सब अपने कर्मों के अनुसार पुण्य अर्जित करते हैं। इसलिए हम सबको सत्कर्म करने का प्रण लेना चाहिए।

### बाबा ओंकारेश्वर से की सुख-समृद्धि की कामना

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरुजी के साथ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। डॉ. यादव पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पैदल पहुंचे। उन्हें ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के ट्रस्टी राव देवेंद्र सिंह चौहान, सहायक सीईओ अशोक महाजन सहित अन्य ट्रस्टी गण ने प्रतीक स्वरूप बाबा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का चित्र भेंट किया। नर्मदा समापन यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल, मान्धाता विधायक नारायण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, महापौर अमृता यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।*

पूर्व पत्नी लगा चुकी महिला की हत्या का आरोप

# मंत्री गोविंद बोले, सिंघार की अनेक पत्नियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार हाल ही में गोविंद सिंह राजपूत के प्रॉपर्टी के दस्तावेजों को लेकर लोकायुक्त के पास पहुंचे थे और उनके खिलाफ जांच की मांग की। इसके दूसरे दिन मंत्री गोविंद राजपूत ने भी नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार किया है।

उन्होंने सदन के बाहर मीडिया से चर्चा में कहा कि मैं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से आग्रह करता हूं कि सिंघार का चाल-चरित्र ठीक नहीं है, इसलिए तत्काल उनको नेता प्रतिपक्ष के पद से ही हटा देना चाहिए। मैंने नेता प्रतिपक्ष के झूठे आरोप लगाने पर 20 करोड़ रुपए का नोटिस पहले ही दिया हुआ है। उमंग सिंगार कहीं से मैनेज होकर मेरे ऊपर लगातार आरोप लगा रहे हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने किसी से आरोप लगाने की सुपारी ले ली है। उनके बारे में सब जानते हैं कि वे पहले शराब माफिया, रेत माफिया एवं अनेक भष्ट्राचारों में शामिल रहे हैं। जब इनकी सच्चाई दिग्विजय सिंह को पता लगी थी तो सिंघार ने वरिष्ठ नेता के बारे में अनर्गल टिप्पणी की थी। सिंघार का चाल-चरित्र-चेहरा देश जान चुका है। इनकी अनेक पत्नियां हैं। इनकी पूर्व पत्नी द्वारा इनके ऊपर एक महिला की हत्या का आरोप लगाया गया है, जो सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा अनेक आरोप भी इनकी पत्नी ने लगाए हैं। सिंघार 2 करोड़ की डिफेंडर कार में घूमते हैं। अनेक बेमानी संपत्ति के मालिक हैं। कांग्रेस में ऐसे नेता प्रतिपक्ष रहे तो पार्टी का सफाया निश्चित है।

खबर संक्षेप

## हुंडई, होंडा बढ़ाएंगी अप्रैल से अपने वाहनों के दाम

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनियों हुंडई मोटर इंडिया और होंडा कार्स ने बढ़ती उत्पादन लागत को देखते हुए अगले महीने से अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की बुधवार को घोषणा की। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने बयान में कहा कि वह अप्रैल, 2025 से अपने वाहनों के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ाने जा रही है।

## किआ अप्रैल से वाहनों के दाम तीन फीसदी बढ़ाएगी



**नई दिल्ली।** किआ इंडिया ने कहा कि वह बढ़ती लागत के दबाव को कम करने के लिए अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी मूल्य वृद्धि, मुख्य रूप से सामग्रियों की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित लागत में वृद्धि के कारण है।

## पेशेवर गोल्फ चैंपियनशिप का हिस्सा बना अदाणी समूह

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह देश में पेशेवर गोल्फ की शीर्ष संस्था पीजीटीआई के साथ मिलकर 'अदाणी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप 2025' के आयोजन के साथ भारतीय पेशेवर गोल्फ में कदम रखने जा रहा है। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन टूर्नामेंट एक-चार अप्रैल को ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा।

## हैपिएस्ट माइंड्स के शीर्ष प्रबंधन में हुआ बदलाव



**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने अपने शीर्ष स्तर के प्रबंधन में बदलाव किया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि उसने जोसफ अनंतराजू को सह-चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद पर पदोन्नत किया है।

## रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 86.44 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपये में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 86.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती ने रुपये में तेज बढ़त पर अंकुश लगा दिया।

## रॉकेट लर्निंग ने बच्चों के लिए बनाया ट्यूटर मंच

**नई दिल्ली।** गैर-लाभकारी संगठन रॉकेट लर्निंग ने एआई-आधारित ऑनलाइन ट्यूटर मंच 'अप्पू' पेश किया है। यह भारत में तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए संवादात्मक और व्यक्तिगत शिक्षण अनुभव प्रदान करेगा। बच्चों के लिए बहुभाषी और संवादात्मक शिक्षण अनुभव प्रदान करेगा जिसे शुरुआत में हिंदी में पेश किया जाएगा। बाद में इसे मराठी और पंजाबी सहित 20 अतिरिक्त भाषाओं में भी लाया जाएगा।

# 1 अप्रैल से बदलने जा रहा टीडीएस नियम, सीनियर सिटिजंस को मिलेगा फायदा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

1 अप्रैल, 2025 से नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही कई नियम बदल जाएंगे। इनमें टीडीएस नियमों में होने वाले बदलाव भी शामिल हैं, जिसका ऐलान फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट पेश करने के दौरान किया था।

- मकसद टैक्स अनुपालन को सरल बनाना व टैक्सपेयर्स को लाभ पहुंचाना

इसका मकसद टैक्स अनुपालन को सरल बनाने के साथ ही साथ टैक्सपेयर्स को भी राहत देना है। इन सुधारों से न केवल टैक्स अमाउंट में कमी आएगी, बल्कि डिस्पोजेबल इनकम भी बढ़ेगी। सरकार ने बजट 2025 में सीनियर सिटिजंस के साथ-साथ देश के मिडिल क्लास को भी ब्याज आय पर टीडीएस लिमिट में छूट दी है। इसके तहत 1 अप्रैल, 2025 से एफडी, आरडी और अन्य डिपॉजिट स्कीमों पर टीडीएस तभी कटेगा, जब एक वित्त वर्ष में कुल ब्याज आय 1 लाख रुपए से अधिक होगी। ब्याज से इनकम 1 लाख रुपए से अधिक होने पर टीडीएस डिडक्शन एक्स्ट्रा अमाउंट पर होगा। यह सीनियर सिटिजंस के लिए इसलिए राहत की बात है क्योंकि रिटायरमेंट के बाद उनकी आय का एक बड़ा जरिया बैंक डिपॉजिट पर मिलने वाला इंटरेस्ट होता है।

*म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार निवेशकों को राहत : म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए डिविडेंड और इनकम एग्जेम्प्शन लिमिट को 5,000 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपए कर दिया गया है। इससे निवेशकों को फायदा हुआ।*

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने केंद्रीय बजट में की थी घोषणा

#### नियमित करदाताओं के लिए बढ़ी टीडीएस लिमिट

सरकार ने देश के सामान्य नागरिकों के लिए टीडीएस डिडक्शन की लिमिट को 40,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दिया है। यानी कि एफडी पर सालाना 50,000 रुपए तक इंटरेस्ट इनकम पर कोई टीडीएस नहीं कटेगा।




#### गेमिंग के लिए नया नियम

सरकार ने लॉटरी, क्रॉसवर्ड पजल और घुड़दौड़ जैसी गेमिंग से होने वाली कमाई पर भी टीडीएस के नियम बदल दिए हैं। अब विनिंग अमाउंट 10,000 रुपए से ज्यादा होने पर भी टीडीएस कटेगा। इस नए नियम के तहत अगर कोई व्यक्ति तीन बार 8,000 रुपए जीते, तो भी जीत के टोटल अमाउंट 24,000 रुपए पर टीडीएस नहीं कटेगा क्योंकि हर बार जीत की राशि 10,000 रुपए से कम है। जबकि पहले इस पूरे 24,000 रुपए पर टैक्स काटा जाता था।

#### इंश्योरेंस और ब्रोकरेज कमीशन पर फायदा

सरकार ने नए नियमों के तहत कमीशन एजेंटों को भी राहत दी है। इंश्योरेंस एजेंट्स के लिए टीडीएस कटौती की लिमिट को 15,000 रुपए से बढ़ाकर 20,000 रुपए कर दिया गया है। इससे छोटे बीमा एजेंटों और कमीशन कमाने वालों की टैक्स देनदारी कम होगी।

### वाणिज्य सचिव बर्थवाल ने सीआईआई के सम्मेलन में कहा

# भारत शीघ्र परिणाम के लिए एफटीए में मुख्य व्यापार मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बुधवार को कहा कि भारत प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में आयात शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं जैसे प्रमुख व्यापार मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है ताकि इन वार्ताओं के परिणाम तेजी से हासिल किए जा सकें।

सचिव ने कहा कि यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है, क्योंकि कभी-कभी इन समझौतों के लिए बातचीत पूरी होने में 'काफी समय' लग जाता है और इसके कारण व्यवसायों की रुचि खत्म हो जाती है।

**आयात शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं जैसे व्यापार पर ध्यान दे रहा** ▶ **ध्यान देने का कारण वार्ताओं के परिणाम तेजी से हासिल किए जा सके** ▶ **लंबे समय के कारण व्यवसायों की रूचि खत्म हो जाती है**

#### लैटिन अमेरिकी व कैरेबियाई व्यापार सम्मेलन

बर्थवाल ने यहां सीआईआई के भारत-एलएसी (लैटिन अमेरिका व कैरेबियाई) व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा, "...अनुभव यह रहा है कि कभी-कभी मुक्त व्यापार समझौतों में इतना अधिक समय लगता हैं कि लोगों की रुचि खत्म हो जाती है, व्यवसायों की रुचि खत्म हो जाती है।

#### भारत, ब्राजील, चिली व पेरू से बातचीत कर रहा

भारत..मर्कोसुर (अर्जेंटीना, ब्राजील, पैराग्वे तथा उरुग्वे), चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, "हम इस बात पर भी विचार कर रहे हैं कि इस (एलएसी) क्षेत्र में आने वाली बाधाओं से कैसे निपटा जाए, चाहे वह गैर-शुल्क बाधाएं हों, शुल्क बाधाएं हों या नियमन हों...।"

*एलएसी क्षेत्र का आयात 1800 अरब अमेरिकी डॉलर : बर्थवाल ने कहा कि आने वाले वर्षों में दोतरफा वाणिज्य को 50 अरब डॉलर से दोगुना करके 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है। सचिव ने कहा कि दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। एलएसी क्षेत्र का आयात 1800 अरब अमेरिकी डॉलर है और वस्तुओं व सेवाओं का निर्यात करीब 1.8 अरब अमेरिकी डॉलर है।*



#### परिणाम बहुत तेजी से हासिल होंगे

बर्थवाल ने कहा, "प्रमुख व्यापार मुद्दों पर विचार करें और उस दिशा में काम करना शुरू करें। मुझे लगता है कि यह आगे बढ़ने का एक बेहतरीन तरीका होगा, जिससे हम कई चीजें हासिल कर पाएंगे और व्यवसाय यह देख पाएंगे कि परिणाम बहुत तेजी से हासिल हो रहे हैं।" उन्होंने कहा, "इस दृष्टिकोण में, हम पारस्परिक लाभ के क्षेत्रों पर ध्यान देते हैं।"

#### वार्ताओं से कुछ नतीजे निकलेंगे

वाणिज्य सचिव ने कहा, "इसलिए हम वाणिज्य विभाग में भी इनमें से कुछ मुद्दों की समीक्षा कर रहे हैं, साथ ही हम अपने भागीदारों से बात कर रहे हैं जो हमारे साथ एफटीए कर रहे हैं कि हम पहले मुख्य व्यापार मुद्दों पर क्यों नहीं विचार कर सकते हैं। भले ही यह शुरुआती या पहला चरण हो, लेकिन इन वार्ताओं से कुछ न कुछ नतीजा तो निकलना ही चाहिए। इसलिए हम यह दृष्टिकोण अपना रहे हैं कि हम पहले मुख्य व्यापार मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें।"

#### एसपीएस में बाधाएं है

सचिव ने कहा कि मुख्य व्यापार मुद्दे शुल्क, गैर-शुल्क बाधाएं, एसपीएस (सैनिटरी व फाइटो-सैनिटरी) बाधाएं और नियामक कारक हैं। उन्होंने कहा कि भारत और एलएसी क्षेत्र को इस दृष्टिकोण का पालन करने की आवश्यकता है।

# वोडाफोन आइडिया ने 5जी सेवा की शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- कंपनी को ग्राहकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद
- 5जी सेवाएं फिलहाल 299 रुपए से शुरू होगी

वोडाफोन आइडिया ने बुधवार को भारत में अपनी 5जी सेवाएं शुरू कीं। इसकी शुरुआत मुंबई से होगी और इसके बाद पांच अन्य शहरों में सेवाएं शुरू की जाएंगी।

कंपनी ने ग्राहकों की संख्या में गिरावट को रोकने और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े दूरसंचार बाजार में बड़ी प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले मजबूत स्थिति में आने के लिए इस नई पेशकश पर दांव लगाया है। वोडाफोन आइडिया की 5जी सेवाएं फिलहाल 299 रुपये से शुरू होने वाले 'प्लान' के लिए असीमित 'ऐड-ऑन' के रूप में पेश की जाएंगी, हालांकि इस शुरुआती 'ऑफर' की अवधि निर्दिष्ट नहीं की गई है। यह पेशकश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी भारतीय दूरसंचार बाजार में अपनी स्थिति फिर से हासिल करना चाहती है, जहां अक्टूबर 2022 में 5जी नेटवर्क की घोषणा की गई थी। वीआईएल के बड़े प्रतिद्वंद्वी रिलायंस जियो और भारती एयरटेल महत्वपूर्ण 5जी आधार के साथ बाजार पर हावी हैं। दिसंबर 2024 तक जियो के पास 17 करोड़ 5जी ग्राहक थे और भारती एयरटेल के उपयोगकर्ता की संख्या 12 करोड़ थी।

वीआईएल ने कहा कि वह अगले तीन वर्षों में 17 'सर्किल' में 100 शहरों/कस्बों में सेवा शुरू करने की योजना बना रही है और उसके पास विस्तार योजना को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त पूंजी है।

#### मुंबई से इसकी शुरुआत

वोडाफोन आइडिया के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) जगबीर सिंह ने कहा, "मुंबई से इसकी शुरुआत के बाद हम अप्रैल तक दिल्ली, बेंगलुरु, चंडीगढ़, पटना और मैसूर में अपनी 5जी सेवाओं का विस्तार करेंगे। महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और चेन्नई में सेवाएं अगले चरण में शुरू की जाएंगी।"

# विदेशी निवेशकों की खरीदारी के बीच बाजार में तीसरे दिन तेजी

एजेंसी ⏭ मुंबई

लंबे अंतराल के बाद विदेशी निवेशकों की खरीदारी के बीच दिग्गज कंपनियों एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में जबर्दस्त लिवाली आने से स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी बढ़त के साथ बंद हुए।

हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से निवेशकों की कारोबारी धारणा पर थोड़ा प्रतिकूल असर देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 147.79 अंक चढ़कर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 73.30 अंक बढ़कर 22,907.60 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, जोमैटो, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, अदाणी पोर्ट्स,



- सेंसेक्स 148 अंक और निफ्टी 73 अंक चढ़ा
- एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक व रिलायंस में रही खरीदारी

एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी, इन्फोसिस, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक और नेस्ले के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार ने अपनी सकारात्मक गति जारी रखी।

#### तीन दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 13.82 लाख करोड़ बढ़ी

शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी से निवेशकों की संपत्ति 13.82 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। इन तीन कारोबारी सत्रों में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 13,82,485.7 करोड़ रुपये बढ़कर 4,05,00,918.63 करोड़ रुपये (4,680 अरब डॉलर) हो गया है। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 400 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा है।

# सोने में 700 और चांदी में 1000 रुपए का उछाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शादी-विवाह के सीजन से पहले आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये के उछाल के साथ 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिकी आर्थिक मंदी की चिंताओं ने सुरक्षित-संपत्तियों की मांग को बरकरार रखा है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता



- सोना चढ़कर 91,950 रुपए के नए उच्चस्तर पर
- चांदी बढ़कर 1,03,500 रुपए प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर

वाला सोना 700 रुपये बढ़कर 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया। शादी-ब्याह के मौसम की मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से सोने की कीमतें इस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की तेजी के साथ 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि मंगलवार को चांदी का भाव 1,02,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

#### सोने में तेजी का रुख

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक -जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा, "सोने की कीमतों में कुल मिलाकर तेजी का रुख रहा, लेकिन आज रात फेडरल रिजर्व की बहुप्रतीक्षित नीतिगत समीक्षा और टिप्पणी से पहले यह सीमित दायरे में रही।

## जेके लक्ष्मी सीमेंट को मिली आयकर से मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने कहा कि उसे आकलन वर्ष 2022-23 के लिए आयकर विभाग से 45.6 करोड़ रुपये की कर मांग मिली है। जेके लक्ष्मी सीमेंट ने बताया कि कंपनी को इस संबंध में 18 मार्च, 2025 को एक आकलन आदेश मिला। 'इस आदेश में, आयकर अधिकारी ने आयकर रिटर्न में घोषित कंपनी की आय में कुछ अन्य आय जोड़ दी है, जिसके चलते कुल 4,559.60 लाख रुपये कर मांग की गई है।'वह इस आदेश के खिलाफ उचित अधिकारियों के सामने अपील दायर करेगी। जेके लक्ष्मी सीमेंट ने कहा कि उसका 'यह मानना है कि मांग भ्रामक, कानूनी रूप से नहीं टिकने वाली है और आगे की कार्यवाही के दौरान इसे खारिज कर दिया जाएगा।'

## वैश्विक व्यापार तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था जुझारू

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय अर्थव्यवस्था बढ़ते व्यापार तनावों के बावजूद खपत में सुधार और कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के रूप में अपना जुझारूपन बरकरार रखे हुए है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को अपने एक बुलेटिन में यह बात कही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख के मुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था का जुझारूपन व्यापार तनावों और सीमा शुल्क के दायरे, समय और तीव्रता के बारे में अनिश्चितता की बढ़ती लहर से परखा जा रहा है।



- रिजर्व बैंक के जारी बुलेटिन में कहा गया
- वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता कायम है

इसमें कहा गया है कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ने के साथ इसने वैश्विक वृद्धि में सुस्ती को लेकर आशंकाएं भी पैदा की हैं।

बुलेटिन के मुताबिक, इन चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन और उपभोग में सुधार के रूप में स्पष्ट रूप से अपनी जुझारू क्षमता का प्रदर्शन कर रही है।

## सीजी पावर देगी 1.3 रुपए प्रति शेयर का लाभांश




**नई दिल्ली।** सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1.3 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश देने की मंजूरी दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने दो रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर 1.3 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश शेयरधारकों को देने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई। लाभांश का भुगतान 16 अप्रैल, 2025 पर या उसके बाद की तारीख पर किया जाएगा। अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए पात्रता का निर्धारण 22 मार्च, 2025 की तारीख पर होगा।

### आलियांज एसई दूसरी बार जियो फाइनेंशियल के साथ गठजोड़ की कोशिश में

# जियो फाइनेंशियल की आलियांज के साथ गठजोड़ की तैयारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आलियांज एसई, मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएसएल) के साथ भारतीय लाइफ और जनरल इंश्योरेंस मार्केट में दोबारा कदम रखने के लिए गठजोड़ की कोशिशों में जुट गया है।

- आलियांज ने बजाज ग्रुप के साथ 24 साल के ज्वाइंट वेंचर समाप्त किया

इससे पहले, आलियांज ने बजाज ग्रुप के साथ अपने 24 साल के ज्वाइंट वेंचर को समाप्त करने की घोषणा की थी। जर्मन फाइनेंशियल सर्विस दिग्गज आलियांज, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी और बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में अपनी 26 प्रतिशत हिस्सेदारी 2.8 अरब डॉलर में अपने भारतीय साझेदार को बेचेगा। इस राशि का भुगतान कई किस्तों में हो सकता है। आलियांज और जियो फाइनेंशियल की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के अधिकारियों के बीच कई महीनों से बातचीत चल रही है। यह बातचीत तेज हो गई जब पिछले अक्टूबर में यह सार्वजनिक हुआ कि आलियांज सक्रिय रूप से अपनी हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रहा है। हाल के हफ्तों में यह बातचीत और तेज हुई है।

#### नए अवसरों की तलाश में जर्मन ग्रुप

जर्मन समूह भारत को अपने ग्रोथ मार्केट में से एक मानता है और यह नए अवसरों की तलाश करेगा जो बाजार में उसकी स्थिति को मजबूत करें और 'निवेशक के साथ-साथ ऑपरेटर के रूप में सेवा करने' की क्षमता का विस्तार करें। जैसे ही राशि उपलब्ध होगी, 'आलियांज उनके उपयोग के लिए विकल्पों पर विचार करेगा जो कंपनी की रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करते हैं, विशेष रूप से भारत में नए अवसरों में निवेश।'




#### नियामकों से मंजूरी जरूरी

आलियांज-जियो वेंचर की औपचारिक घोषणा तब की जाएगी जब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) जैसे नियामकों से मंजूरी मिल जाएगी। आलियांज को पहले खुद को प्रमोटर के रूप में हटाना होगा।

*आलियांज एक बड़ा विदेशी संस्थागत निवेशक :* भारतीय इक्विटी, डेट और इंफ्रास्ट्रक्चर में आलियांज एक बड़ा विदेशी संस्थागत निवेशक है। इसने भारत में एफडीआई भी बढ़ाया है। अकेले वैकल्पिक निवेश में उन्होंने लगभग 1.5 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। उनके साझेदारों में कोटक महिंद्रा, एडलवाइस और गोदरेज ग्रुप जैसी कंपनियां शामिल हैं।

#### प्रमोटर के रूप में हटाना लंबित

जर्मनी के म्यूनिख स्थित समूह (आलियांज) स्पष्ट है कि वह किसी भी नए उद्यम में कम से कम 50 प्रतिशत भागीदार बनना चाहता है और हो सकता है कि वह इससे अधिक हिस्सेदारी के लिए भी तैयार हो। साथ ही, वह प्रबंधन और संचालन में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका भी चाहता है।

## आईआईएचएल ने आरकैप का अधिग्रहण किया पूरा




**मुंबई।** हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) ने कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए बोली की समूची राशि कर्जदाताओं को हस्तांतरित करके लेनदेन पूरा कर लिया है। आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने यह जानकारी दी। हिंदुजा ने यहां कहा, "हमारी तरफ से लेनदेन पूरा हो गया है। जब हम बात कर रहे हैं, पैसा एक एस्क्रो खाते से दूसरे एस्क्रो खाते में स्थानांतरित हो रहा है। रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के प्रबंधन का हस्तांतरण बुधवार को होने की संभावना है।

## समरसता सेवा संगठन ने रचा इतिहास

# समरस संस्कार के रंग में रंगी संस्कारधानी






## संतों के सानिध्य में निकली शोभायात्रा में समा गई भारत की विभिन्न संस्कृतियां

## पारंपरिक भारतीय समाज के विविध रंगों के बीच फूलों, रंग-गुलाल की छटा बिखरी

**हरिभूमि, जबलपुर। समरसता के रंग बिखेर समाज को एक करने का बीड़ा उठाने वाली युवा संगठित शक्ति के रूप में उभरे समरसता सेवा संगठन ने बुधवार को इतिहास रच दिया। शहर के इतिहास में ऐसा संभवतः पहली बार हुआ जब सन्यस्त-ग्रहस्थ, अमीर-गरीब, महिला-पुरुष, छोटे-बड़े, बच्चे-बूढ़े का भेद मिटता नजर आया। सामाजिक सद्भाव और आपसी सौहाद्र के लिए काम कर रहे इस संगठन के अद्भुत होली मिलन का अभूतपूर्व नजारा पूरे शहर में देखने मिला। धुरेड़ी-रंगपंचमी पर देश के विविध शहरों में जितने भी आयोजन होते हैं, उन सभी आयोजनों से कदमताल करता ये आयोजन हर दिल को भा गया। संगठन की अनूठी समरस शोभायात्रा में अपार जनसमूह उमड़ा। छोटा फुहारा से प्रारंभ शोभायात्रा का विराम डीएनजैन कॉलेज मैदान में रंगारंग आयोजनों के साथ हुआ।**

इसके पहले शोभायात्रा में पूज्य दंडी स्वामी श्री कालिकानंद जी, पूज्य जगतगुरू स्वामी बालगोविंदाचार्य, पूज्य जगत गुरू स्वामी राजारामाचार्य, पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज, पूज्य स्वामी चैतन्यानंद, महामंडलेश्वर स्वामी राधे चैतन्य महाराज, स्वामी मुकुंददास महाराज, स्वामी कालीनंद, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, महंत राजेश्वर जी की अगुवाई में शुरू हुई। समरसता संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन गुड्डा के साथ विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ शोभायात्रा में रंग-गुलाल की फुहारों से पूरा माहौल रंगमय हो गया था।

### श्री राम जानकी जी के पूजन से श्री गणेश

अनूठी सबरंग शोभायात्रा का श्रीगणेश छोटा फुहारा स्थित रामजानकी मंदिर में प्रभु श्रीराम और माता सीता के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। पूजन में नगर के सभी संतवृंद उपस्थित थे। वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्ति वाचन के बीच समरसता सेवा संगठन के आध्यक्ष संदीप जैन ने सभी संतों का स्वागत-पूजन किया और फिर सभी को रथ पर आसनस्त कराया। छोटा फुहारा से प्रारंभ शोभायात्रा मिलौनीगंज, तमरहाई, कोतवाली, सराफा, कमानिया, फुहारा, लार्डगंज, सुपर बाजार, श्याम टाकीज होते हुए डीएनजैन कॉलेज पहुंची।

### ढाई दर्जन झांकियों ने मन मोहा

शोभयात्रा में शामिल करीब ढाई दर्जन यात्रियों ने शहरवासियों का मन मोह लिया। इनमें संतों के आधा दर्जन से अधिक रथ, व्रज-वृंदावन-मथुरा आदि की होलीके अलावा सामाजिक समरसता, परिवार कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता



आदि की झांकियों ने समाज का ध्यान आकृष्ट किया। इसके साथ ही राम-जानकी हनुमान की झांकी, फाग मंडली, भजन मंडली की झांकियों के अलवा बैंड-धमाल, डीजे, दुलदुल घोड़ी, श्याम बैंड मंडली, शेर डांस ग्रुप, पंजाबी ढोल ग्रुप के साथ ही सभी संस्कृतियों के समावेश ने गजब माहौल बनाया। शोभयात्रा मार्ग में आम जन भी शोभायात्रा में शामिल होते गए और ऐतिहासिक होली के साक्षी बने।सामाजिक समरसता झांकी - भव्य शोभायात्रा में भारतीय समाज से जुड़ी समरसता की झांकी भी शामिल रही। एकांगी परिवार और संयुक्त परिवार की झांकी - समरसता संगठन अंतर्गत इस समाज उपयोगी शोभायात्रा में सबसे ज्यादा प्रभावी झांकी भी थी, जिसमें पहले किस तरह घर में सभी संयुक्त रूप से निवास करते थे और इसके लाभ कैसे सभी को मिलता था इसे बताया गया, वहीं बदलते परिवेश में अब ज्यादातर जगह एकांगी परिवार के दुष्परिणाम किस रूप में सामने आ रहे हैं, इसे बखूबी दिखाने की कोशिश की गई थी। सभी को जागरूक बनाने इस तरह की झांकी प्रस्तुत की गई। पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश - वहीं शोभायात्रा में आज के सबसे ज्वलंत मुद्दे जिसमें पर्यावरण को संरक्षित करने की जरूरत है को झांकी के रूप में दिखाया जा रहा था। इसके लाभ और नुकसान को बताया गया था।स्वच्छता का संदेश देती झांकी - शोभयात्रा सहित समग्र आयोजन में सेवा के भी नजारे दिखे। शोभायात्रा के पीछे समरसता सेवा संगठन के कार्यकर्ताओं सफाई करते भी चल रहे थे। ये पहली बार देखा गया जब किसी आयोजन के कार्यकर्ता स्वच्छता के प्रति भी तत्पर नजर आए। शोभायात्रा मार्ग की सफाई के साथ ही डीएनजैन मैदान को भी आयोजन के बाद साफ किया गया। सामुदायिक बहुलता की समरसता से जुड़ा मेल-मिलाप के इस आयोजन में जिस तरह से आत्मीय भाव सभी के अंतर्मन में उमड़े उसने जातीय जड़ता को भी ध्वस्त कर प्रेम-भाइचारे का संदेश दिया।



### यात्रा मार्ग फूलों से पट गया

शोभायात्रा मार्ग पर पूरे रास्ते में बने दर्जनों स्वागत मंचों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल संतों-महंतों सहित सभीजनों का स्वागत पुष्प वर्षा द्वारा किया जा रहा था। संतों सहित झांकियों में शामिल पात्र और आमजन एक दूसरे पर पुष्प वर्षा कर अनूठी होली खेल रहे थे। शोभयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। आकर्षक फाग, राई, कर्मा आदि लोकगीतों ने वातावरण में बरसाना की होली सा माहौल घोल दिया। शोभायात्रा में नगर के प्रबुद्धजन, राजनीतिज्ञ, कला-शिक्षा विद, व्यापारी, चिकित्सक सहित हर वर्ग के लोग शामिल हुए।

### डीएनजैन परिसर में समग्र होली-

डीएन जैन महाविद्यालय प्रांगण में शोभायात्रा के समापन पर संस्कृतिक कार्यक्रम परंपरागत राई-फाग की प्रस्तुतियों के साथ फूलों एवं गुलाल के रंग बिखे। यहां समग्र होली का स्वरूप नजर आया। सुगंधित पुष्प, हर्बल गुलाल के साथ परंपरागत व्यंजनों का जायका आगंतुकों को आकर्षित कर रहा था। यहां बड़ी संख्या में बच्चों-बड़ों, महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। सभी समाजों की परंपराओं और रीति रिवाजों के दर्शन इस दौरान एक स्थान पर ही हुए।

### संतों के करकमलों से महाकुंभ के पवित्र संगम जल और गुलाल का वितरण -

कार्यक्रम स्थल पर मंच पर विराजित पूज्य संतो ने अपने करकमलों से महाकुंभ के पवित्र संगम जल, महाकाल की भभुति, और गुलाल का वितरण प्रसाद स्वरूप किया।पारंपरिक व्यंजनों का लुफ्त - होली महोत्सव में पारंपरिक व्यंजनों को परोसा गया, जिसमें दाल बाटी, बैढ़नी पूड़ी, कांजी बड़ा, फ्रूट सलाद, पानी, पुरी, पकौड़ा आलूबंड, कढ़ी चांवल, ठंडाई, रूफजा इत्यादि शामिल थे।कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन, नामदेव महिला विकास समिति, जानवी शिक्षा एवं समाज कल्याण, पावर ऑफ वूमेन, नई सोच हमारी कल्पना, क्षत्रिय करणी सेना, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, सर्व मंगला ग्रुप, व्येंकटेश महिला समिति, वृंदा फाउंडेशन, मप्र तैलिक साहू महासभा, भार्गव ब्राह्मण महिला समिति, खंडेलवाल महिला मंडल, ताम्रकार महिला मंडल, संस्कारधानी अयोध्यावासी गुप्ता समाज, चौरसिया सखी संगठन, पटवा समाज, समानता लेडी क्लब द्वारा विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए।स्वागत मंचो में ब्राह्मण समाज, कायस्थ समाज, झरिया समाज, स्वर्णकार समाज, प्रजापति समाज, अग्रवाल समाज, जैन समाज, पंजाबी समाज, सिंधी समाज, ताम्रकार समाज, रजक समाज, केसरवानी समाज, गुप्ता समाज, सुदर्शन समाज, क्षत्रिय समाज, सोनकर समाज, चूड़ी व्यापारी, गांजीपुरा व्यापारी संघ, मालवीय चौक व्यापारी संघ के साथ लगभग 50 संगठनों ने मंच लगाकर स्वागत किया।समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन सभी आगंतुकों का तिलक-पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इस दौरान संतों ने अपने आशीर्वचन से शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, लेखराज सिंह मुन्ना, रवि गुप्ता, डॉ अखिलेश गुमास्ता, प्रभात साहू, धीरज पटेरिया, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, आलोक पाठक, नलिंकान्त बाजपेयी अखिल मिश्रा, पंकज दुबे, रजनीश यादव, अभय सिंह ठाकुर, अमरीश मिश्रा, पंकज पांडे, प्रेम अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में विशिष्ठ जन उपस्थित थे।

### फूलों से किया स्वागत

श्रमजीवी पत्रकार परिषद द्वारा मंच लगाकर समरसता सेवा संगठन के होली के जुलूस का मालवीय चौक पर फूलों से स्वागत किया गया।मंच से स्वागत करने वालों में परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेई, अनुशासन समिति के प्रमुख विलोक पाठक, चंद्रशेखर शर्मा, उमेश शुक्ला, तरुण सोनाने , मुकेश मिश्रा, शिव तिवारी, शिव चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## भगवान श्री झूलेलाल की शोभायात्रा 30 मार्च को

**जबलपुर।** सिंधी समाज के आराध्यदेव भगवान श्री झूलेलाल के जन्मोत्सव अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा के साथ कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। भारतीय एकता मंडल के अध्यक्ष गणेश जेठवानी, भरत मंगलानी ने बताया कि रविवार 30 मार्च



को प्रातः 08 बजे श्री झूलेलाल मंदिर आयाराम दरबार में दीप प्रज्जवलन किया जायेगा। तत्पश्चात विशाल पदयात्रा सिंधु एकता फाउन्डेशन की महिला सदस्यों द्वारा निकाली जाएगी, भगवान श्री झूलेलाल की शोभायात्रा 30 मार्च शाम 6 बजे प्रारम्भ होगी जो कि गुरूनानक धर्मशाला सिंगल क्वार्टर से प्रारम्भ होकर सांई मंदिर गोस्वामी दरबार नारायण चौक, गोपाल होटल चौक, सिंधी धर्मशाला नवजवान मंडल, झामनदास चौक, चुंगी चौकी, कांचघर, शहीद हेमु कलानी मार्ग होते हुये आयाराम दरबार में समाप्त होगी। तत्पश्चात बहराणा साहब की ज्योति को विसर्जन के लिये गौरीघाट ले जाया जाएगा। शुक्रवार 4 अप्रैल भगवान श्री झूलेलाल का छठी महोत्सव आयोजित है जिसमें श्री सिंधु अमरधाम बिलासपुर से पधारे सांई लाल दास के प्रवचन रविदास भवन बाई का बगीचा में सम्पन्न होंगे। भारतीय एकता मंडल के श्याम आहूजा, सुरेश रामचंदानी, शैलेश बचवानी, रवि तोतलानी, सुरेश आहूजा, लद्धाराम गिदवानी, सोनू माखीजा, विशनदास कलवानी, दिलीप नेचलानी, रमेश डुलानी आदि ने सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है।

## निषाद वंशीय समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 को

**जबलपुर।** निषाद वंशीय समाज के तत्वावधान में 23 मार्च को जानकीरमण महाविद्यालय आगाचौक बल्देवबाग जबलपुर प्रांगण में प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 21 जोड़ा विवाह संपन्न होंगे। निषाद वंशीय समाज जबलपुर ने समस्त सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## महिलाओं के उत्थान के लिए हुए कई कल्याणकारी कार्यक्रम

### सैन्य परिवार कल्याण संगठन के द्वारा किया गया आयोजन

**जबलपुर।** दुनिया भर में मनाया जा रहा महिला दिवस, समाज में महिलाओं के योगदान और विश्व को आकार देने में उनके अपार योगदान के लिए हमारी सामूहिक कृतज्ञता का प्रतीक है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यालय मध्य भारत एरिया के सैन्य परिवार कल्याण संगठन ने महिलाओं के अधिकारों, कन्या भ्रूण हत्या, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हुए महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने और उत्थान के लिए कई कल्याणकारी कार्यक्रमों की योजना बनाई हैं। इसी श्रृखंला में दिनांक 19 मार्च 2025 को जबलपुर छावनी के बत्रा ऑडिटोरियम में विभिन्न गतिविधियों के साथ एक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों का सम्मान करना और उन्हें ज्ञान तथा मान्यता के माध्यम से सशक्त बनाना है।



कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्या अतिथि श्रीमती राजलक्ष्मी शेखावत, जोनल अध्यक्षा, सैन्य परिवार कल्याण संगठन, मध्य भारत एरिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक व्याख्यान, विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा पैनल चर्चा और कई प्रभावशाली गतिविधियाँ शामिल रही। महिला सशक्तीकरण, घरेलू हिंसा, सामाजिक धारणा, बच्चों और महिलाओं के यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार को संबोधित करना, मानसिक कल्याण के लिए जीवन में संतुलन, आत्महत्या एवं तनाव जैसे विभिन्न पहलुओं को सम्बोधित करते हुए विचारोत्तेजक व्याख्यानों की एक श्रृंखला आयोजित की गई । ये सत्र महिलाओं को प्रेरित करने और उनके उत्थान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किए गए थे।

## एसबीआई रांझी ने बीमा धारक को बीमा क्लेम प्रदान किया

**जबलपुर।** भारतीय स्टेट बैंक रांझी शाखा द्वारा 18 मार्च 2025 को एक कार्यक्रम में सैलरी पैकेज व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत अपने खाताधारक स्व. ऐश्वर्य कुमार सिन्हा जो कि 506 आर्मी बेस वर्कशॉप में कार्यरत थे, के परिवारजनों को बीमा राशि का क्लेम प्रदान किया गया। ज्ञातव्य हो कि स्व. सिन्हा का एक दुर्घटना में सितम्बर माह में दुःखद निधन हो गया था। कार्यक्रम में 506 वर्कशॉप के कमांडिंग अधिकारी ब्रिगेडियर कृष्ण कुमार शर्मा, कर्नल अमित पांडेय एवं भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक देवेश गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रांझी शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक अतुल श्रीवास्तव द्वारा यह भी बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक ने अब यह सैलरी पैकेज व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा राशि बढ़ाकर रुपये 1.00 करोड़ कर दी है, जो कि ऐसे सभी सैलरी खाताधारकों जिनका खाता सैलरी पैकेज में परिवर्तित है, को निःशुल्क उपलब्ध है।




## खालसा कॉलेज में साइंस ऑफ हैप्पीनेस कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय के रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फार साइंस ऑफ हैप्पीनेस द्वारा '**Science of Happiness**' विषय पर एक विशिष्ट कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस के संस्थापक डॉ. सतिंदर सिंह रेखी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद स. केएस सोढी, गुरु तेग बहादुर खालसा एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष स. एमएस चावला, सचिव स. एएस अहलुवालिया, प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. अंबिका तिवारी मंचासीन रहे। इस अवसर पर प्राचार्य ने रेखी फाउंडेशन की स्थापना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि आज के युग में जीवन की गति इतनी तीव्र हो चुकी है कि भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और बढ़ती जिम्मेदारियां लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से थका रही हैं। ऐसे में '**Science of Happiness**' (आनंद का विज्ञान) हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बनकर उभरा है। रेखी फाउंडेशन का उद्देश्य भी यही है, विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में हैप्पी क्लासेस (खुशी केन्द्र) स्थापित करके खुशी विज्ञान और सकारात्मक मनोविज्ञान के ज्ञान का विस्तार करना है।

## शिकायत पर न कोई कार्यवाही हुई न ही आरोपियों के विरूद्ध एफ.आई.आर

**जबलपुर।** अधिवक्ता साक्षी भारद्वाज ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि मेरी बहन शुभ्रा भारद्वाज उम्र 45 वर्ष, पति रोहित मिश्रा उम्र 42 वर्ष निवासी ग्वालियर ने मेरे साथ फर्जीवाड़ा कर मेरी माँ की फर्जी वसीयत तैयार की जिसकी जांच उपरांत एस.पी. द्वारा थाना प्रभारी गोरखपुर को आरोपियों पर आगे की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया,



28 फरवरी 2025 को किया तब से आज दिनांक तक थाना प्रभारी गोरखपुर द्वारा पहले हमसे एफ.आई.आर. दर्ज करने के बदले 25,000 रू. की रिश्वत मांगी गयी जिसका विरोध करने पर उनके द्वारा यह कहा गया कि हम मामले को जांच के नाम पर लटकाते रहेंगे जो करना हो कर लो। मैंने इसकी शिकायत सी.एम. हेल्पलाईन नं. 181 पर की जिसका शिकायत क्र. 30751730 है और उसके बावजूद संबंधित अधिकारियों को भी शिकायत दी तब से हमारी पूर्व शिकायत पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही आरोपियों के विरूद्ध एफ.आई.आर हो सकी।पिछली जनसुनवाई में एस.पी. द्वारा आश्वासन दिया गया कि आज जाकर सी.एस.पी. गोरखपुर से मिल लेना आज आपकी एफ.आई.आर. दर्ज हो जायेगी हमारे सामने सी.एस.पी. ने टी.आई. गोरखपुर को फोन करके निर्देशित किया इसके बाद भी टी.आई. द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपियों को लगातार समय दिया जा रहा है ताकि वे जांच व दस्तावेजों से छेड़खानी कर सकें, इस प्रकार आरोपियों को सहयोग किया जा रहा है।

## आहार नली में फंसा था पांच रुपये का सिक्का

### अनंत मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने बचाई मासूम की जान

**जबलपुर।** होली के पावन अवसर पर 14 मार्च को जब पूरा शहर खुशियों में सराबोर था, तब एक मासूम बच्चे के परिवार पर अचानक संकट आ गया। करमेता निवासी कुंज बिहारी सोनी के पोते विहान सोनी उम्र 05 वर्ष के साथ एक अप्रत्याशित घटना घटी। दादा से मिले पांच रुपये के सिक्के से खेलते हुए विहान ने उसे कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतल में डाल दिया और उसमें पानी भरकर पीने लगा। जब पानी कम हुआ और बच्चे ने बोतल को ऊपर की ओर उठाया, तो दुर्भाग्यवश सिक्का उसकी आहार नली में फंस गया।परिजन घबरा गए और उसे तुरंत अनंत मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। होली के कारण छुट्टी का दिन होने के




बावजूद बिना किसी देरी के वरिष्ठ नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके पाठक एवं पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित अनुराग सिंह को सूचित किया गया। डॉक्टर्स ने तुरंत बच्चे की सोनोग्राफी कराई और जटिल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। करीब ढाई घंटे चले इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिसमें एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. हरताज सिंह एवं अनंत हॉस्पिटल की ओटी की कुशल टीम ने अहम भूमिका निभाई।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार माया चतुर्वेदी पति स्वर्गीय श्री रघुवीर सिंह चतुर्वेदी निवासी 1202 / 3 ग्वारीघाट रोड जबलपुर द्वारा एचडीएफसी लाइफ संचय प्लस पॉलिसी जिसका पॉलिसी क्रमांक 220 11331 है ली गई जिसमें मेरे पक्षकार नाम दर्ज है। मेर पक्षकार का वास्तविक / सही नाम श्रीमती माया चतुर्वेदी जो कि सही । मेरे पक्षकार का नाम आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में माया चतुर्वेदी दर्ज है, यही नाम सही है । मेरे पक्षकार द्वारा एचडीएफसी लाइफ संचय प्लस पॉलिसी जिसका पॉलिसी क्रमांक 22011331 है, में मेरे पक्षकार का नाम त्रुटि पूर्वक माया दर्ज हो गया है माया एवं श्रीमती माया चतुर्वेदी दोनों एक ही व्यक्ति है ।

**संजीव कुमार चतुर्वेदी** (अधिवक्ता)
E.No.- 1279/2007
Mob: 9407022157
Office : 1758, Wright Town, Near Thyrocare, JABALPUR (MP)

# हलक में अटकी सांसें, चिंता में लोग डूबे

# 1900 डिग्री तापमान... 7 मिनट के लिए टूटा संपर्क, जब सुनीता सहित चार अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के दौरान मंडराया कल्पना चावला जैसा खतरा!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने अंतरिक्ष में बिताने के बाद सकुशल धरती पर लौट आए। जिसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, उपलब्धि के इन पलों के बीच एक समय ऐसा भी आया जब लोग चिंता में डूब गए। बुधवार तड़के स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल अंतरिक्ष यात्री निक हेग, बुच विल्मोर, सुनीता विलियम्स और रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव को धरती पर वापस लाने वाला ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तट पर उतरा। अंतरिक्ष से धरती तक का यह सफर 17 घंटे का था। लेकिन लैंडिंग की इस प्रक्रिया में सांसें थामने वाला 7 मिनट का एक पल भी था। जैसे ही स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया तो उसका तापमान 1900 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया। यह वह समय था जब सात मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट हो गया।

## साल 2003 में अंतरिक्ष यान कोलंबिया के साथ हुआ था ऐसा हादसा

स्पेसक्राफ्ट का पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश बहुत ही निर्णायक

तापमान अधिक होने से स्पेसक्राफ्ट के क्रैश होने की आशंका बढ़ जाती



*हालांकि, यह सामान्य है लेकिन चुनौतीपूर्ण चरण होता है। इस दौरान नासा का स्पेसक्राफ्ट से संपर्क नहीं रहता। स्पेसएक्स के ड्रैगन के साथ भी ऐसा ही हुआ। सात मिनट बाद ही बुधवार तड़के लगभग 3:20 बजे स्पेसक्राफ्ट से संपर्क फिर से बहाल हुआ। एक फरवरी 2003 को नासा के अंतरिक्ष यान कोलंबिया के साथ इसी दौरान हादसा हुआ था, जब पृथ्वी के वायुमंडल में घुसते ही अंतरिक्षयान क्रैश हो गया था, जिसमें कल्पना चावला दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। ऐसे में यह समय किसी भी स्पेसक्राफ्ट के लिए बहुत सावधानी भरा होता है।*

**जानिए क्या है कम्युनिकेशन ब्लैकआउट?**

जब भी कोई स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल से प्रवेश करता है तो उसकी रफ्तार लगभग 28000 किमी प्रति घंटे की होती है। इस रफ्तार से जब कैप्सूल गुजरता है तो वायुमंडल से रगड़ खाता है। इसी घर्षण की वजह से कैप्सूल का तापमान और बढ़ता है, जिससे स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो जाता है। इस दौरान स्पेसक्राफ्ट का मिशन कंट्रोल से सिग्नल टूट जाता है। इस बीच यान का किसी तरह से संपर्क नहीं रहता।

### सबसे लंबे समय तक स्पेसवॉक करने वाली महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं

59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने 62 घंटे 9 मिनट तक स्पेसवॉक किया, जो किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री की तरफ से किया गया सबसे लंबा समय है। स्पेसवॉक का अर्थ है, आईएसएस के बाहर खुले अंतरिक्ष में बिताए गए घंटे। सुनीता ने ताजा मिशन में 16 और 30 जनवरी को दो महत्वपूर्ण स्पेसवॉक किए, जिनमें से एक 5 घंटे 26 मिनट और दूसरा 6 घंटे का था। मिशन के दौरान उन्हें आईएसएस का कमांडर भी बनाया गया, जो किसी भी अंतरिक्ष यात्री के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है।

**सुनीता की वापसी पर पीएम मोदी की पोस्ट**

### कहा- आपका स्वागत है क्रू9 धरती ने आपको मिस किया

*सुनीता विलियम्स की सफल धरती पर वापसी के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि आपका स्वागत है, क्रू9! धरती ने आपको याद किया। स्पेस स्टेशन में सुनीता विलियम्स के अनुभव धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रहा है।*



*सुनीता विलियम्स और क्रू9 मिशन में शामिल अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का सही अर्थ क्या है। यह घटना हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। पीएम मोदी ने आगे लिखा कि अंतरिक्ष अन्वेषण का मतलब है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस करना।*

---

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रपति एर्दोगन का बड़ा प्रतिद्वंद्वी गिरफ्तार



**इस्तांबुल।** तुर्की पुलिस ने बुधवार को इस्तांबुल के मेयर और कई अन्य प्रमुख हस्तियों को कथित भ्रष्टाचार तथा आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस्तांबुल के मेयर विपक्ष के लोकप्रिय नेता हैं और राष्ट्रपति एर्दोगन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। यह तुर्की में विपक्ष की उठती आवाजों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई की बढ़ती घटनाओं का एक हिस्सा है। उन्हें आतंकी समूह की मदद करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है।

### मोदी की विदेश नीति की तारीफ पर कायम थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख की आलोचना करने वाले अपने पुराने नजरिए को गलत माना था। उनके अपनी गलती मानने पर कांग्रेस में ही सवाल उठने लगे थे, जिस पर उन्होंने सफाई दी है और कहा कि यह राजनीतिक मामला नहीं है। थरूर ने कहा कि मैं एक भारतीय के तौर पर अपनी राय रखी और वह इसमें कोई राजनीति नहीं देखते। रूस यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद भारत के रुख का विरोध करना उनके लिए शर्मिंदगी भरी बात साबित हुआ है।

---

## मेजर बॉब खाथिंग मेमोरियल कार्यक्रम में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे से पूर्वोत्तर क्षेत्र में एकजुटता और विकास को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका*

*भारत अब सख्त और नरम शक्ति का संतुलन बना रहा*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर सीमावर्ती इलाकों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित मेजर बॉब खाथिंग मेमोरियल कार्यक्रम में उन्होंने इस हाईवे को पूरे क्षेत्र और देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की भूमिका को स्वीकार किया और इस क्षेत्र के योगदान और इसकी प्रगति को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला सुरंग शामिल है, जो असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग से जोड़ती है। इसके अलावा, अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे के खुलने से यह पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्क बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। लगभग 2,000 किलोमीटर लंबा यह राजमार्ग भारत के लिए एक रणनीतिक और आर्थिक परिसंपत्ति के रूप में काम करेगा। सरकार द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाओं का ही परिणाम है कि पूर्वोत्तर तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और हिंसक घटनाओं में काफी कमी आई है।

### मेजर बॉब खाथिंग असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे



*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखने, एकजुट रहने, सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में निडरता से आगे बढ़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह मेजर बॉब खाथिंग के मूल सिद्धांत थे और वह एक असाधारण व्यक्तित्व थे जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया। उनके नेतृत्व और सुधारों से आज भी सरकार को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन में अहम भूमिका निभाई, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापना हुई और जनता और सरकार के बीच दूरी कम हुई।*

### डिजिटल इंडिया से सरकारी सेवाएं लोगों के लिए सुलभ हुई

रक्षामंत्री ने कहा कि सरकार विदेश नीति और प्रशासन में भी मेजर खाथिंग के सिद्धांतों को अपना रही है। उन्होंने बताया कि भारत अब सख्त और नरम शक्ति का संतुलन बनाकर अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत कर रहा है। प्रशासनिक सुधारों का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' और 'गुड गवर्नेंस' जैसी पहल से प्रशासन अब जनता के करीब आ गया है। उन्होंने डिजिटल इंडिया और जैम ट्रिनिटी (जन धन-आधार-मोबाइल) का भी उल्लेख किया, जिससे सरकारी सेवाएं अब लोगों के लिए अधिक सुलभ और सरल हो गई हैं।

#### शांतिपूर्ण ढंग से अनुच्छेद 370 हटाया

*रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलतापूर्वक शामिल किया और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा- अनुच्छेद 370- को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। यह कार्य सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से किया गया।*

---

**रायसीना संवाद में बोले एस. जयशंकर**

## 'टैरिफ व प्रतिबंध' अब अपने हितों की रक्षा के शक्तिशाली उपकरण बने



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ते टैरिफ और प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अब ये केवल आर्थिक उपाय नहीं रहे, बल्कि देशों के लिए अपने हितों की रक्षा करने के शक्तिशाली उपकरण बन चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में वित्तीय प्रवाह, ऊर्जा आपूर्ति और प्रौद्योगिकी जैसी कई आर्थिक गतिविधियों का तेजी से एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने लगा है। ऐसे में, दुनिया एक नए आर्थिक समीकरण की ओर बढ़ रही है, जहां नीतियां और प्रतिबंध एक नए दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन गए हैं। जयशंकर ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना संवाद के दौरान पैनल चर्चा 'कमिसार और पूंजीपतिः राजनीति, व्यापार और नई विश्व व्यवस्था के दौरान यह टिप्पणी की।

### क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं

जयशंकर ने कहा कि यह दुनिया की सच्चाई है। आप अपने कारोबार के लिए लड़ते हैं, क्योंकि आप अपने रोजगार के लिए लड़ रहे हैं, आप अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के लिए लड़ रहे हैं, जिसमें कारोबार का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। दुनिया भर में विकसित हो रहे वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि आज, विभिन्न क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं मिट गई हैं। यदि आप अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देखें, तो मुझे लगता है कि आज की संस्कृति एक दशक पहले की तुलना में कम संयमित है। इससे पहले 13 मार्च को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने विभिन्न देशों की ओर से अमेरिका पर लगाए गए टैरिफ पर दुख जताते हुए भारत की ओर से अमेरिकी शराब और कृषि उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का जिक्र किया था।

### डिजिटल युग में राष्ट्रीय सुरक्षा जरुरी

विदेश मंत्री ने डिजिटल व्यापार पर भी अपना तर्क देते हुए कहा कि डिजिटल युग में मुझे लगता है कि सिर्फ लागत के बारे में नहीं है बल्कि सुविधा के बारे में बात होनी चाहिए क्योंकि यह भरोसे के बारे में है। यदि आप आज रणनीतिक स्तर पर गंभीर व्यापारिक बातचीत को देख रहे हैं, तो आप लचीलापन, विश्वसनीयता और पारदर्शिता को ध्यान में रखेंगे। इसलिए आप उन लोगों के साथ अधिक से अधिक व्यापार करना चाहते हैं जिनके साथ आप सुरक्षित हैं। जयशंकर ने कहा कि हर भागीदार कुछ जोखिम पेश करता है, लेकिन आप उन लोगों के साथ जोखिम लेना पसंद करेंगे जहाँ आपके हित विरोधाभासी नहीं हैं।

---

पाक एजेंसी आईएसआई के लिए कर रहा था काम

## एटीएस ने कानपुर ऑर्डनेंस फैक्टरी कर्मी को किया अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कानपुर

यूपी एटीएस ने ऑर्डनेंस फैक्टरी, हजरतपुर फिरोजाबाद में कार्यरत रविंद्र कुमार को गिरफ्तार गया था। आरोपी कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा के साथ षड्यंत्र कर ऑर्डनेंस फैक्टरी की गोपनीय और संवेदनशील सूचनाएं व दस्तावेज साझा कर रहा था। इसी क्रम में एटीएस उत्तर प्रदेश को जानकारी मिली थी कि रविंद्र कुमार कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से ऑर्डनेंस फैक्टरी, कानपुर में कार्यरत कुमार विकास भी जुड़ा है और ऑर्डनेंस फैक्टरी की गोपनीय सूचनाएं व दस्तावेज व्हाट्सएप के माध्यम से कथित पाकिस्तानी एजेंट को उपलब्ध करा रहा है। एटीएस के पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि कुमार विकास पुत्र अशोक कुमार निवासी थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात कानपुर ऑर्डनेंस फैक्टरी में जूनियर वर्क्स मैनेजर के पद पर नियुक्त है। यह जनवरी 2025 में कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से फेसबुक के माध्यम से संपर्क में आया था।

### लूडो एप का इस्तेमाल करता था



उक्त कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा (छद्म नाम) द्वारा खुद को भारत हैवी इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड में कार्य करना बताकर व्हाट्सएप मैसेंजर पर बातचीत कर मोबाइल नंबर साझा किए गए। अभियुक्त कुमार विकास द्वारा पाकिस्तानी कथित एजेंट नेहा शर्मा से गोपनीय रूप से वार्ता करने के लिए लूडो एप का इस्तेमाल किया जाता था।

### गोपनीय जानकारियां एजेंट को भेजीं

*कथित एजेंट के कहने पर पैसों के लालच में अभियुक्त कुमार विकास द्वारा ऑर्डनेंस फैक्टरी के डॉक्यूमेंट्स, उपकरणों व निर्माण होने वाले गोला बारूद, कानपुर के कर्मचारियों की अटेन्डेंस शीट, ऑर्डनेंस फैक्टरी कानपुर के अंदर मशीनें व ऑर्डनेंस फैक्टरी कानपुर की प्रोडक्शन संबंधी चार्ट आदि की महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा को भेजी गई है।*

---

**पीडीपी को याद आए कश्मीरी पंडित!**

## सिर्फ राहत ही सबकुछ नहीं, पंडितों की पहचान और सम्मान भी जरूरी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में लंबे समय से चर्चा का विषय रहे कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास को लेकर अब महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने मुखर रुख अपनाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता वहीद पारा ने इस मुद्दे पर कहा कि सरकार को इसे केवल राहत और पुनर्वास के नजरिए से नहीं देखना चाहिए। यह एक पूरे समुदाय की पीड़ा और उनके खोए सम्मान का मामला है।

उन्होंने सरकार से अपील की कि इस समस्या को केवल माइग्रेशन संकट नहीं समझा जाए, बल्कि उनके समग्र विकास और सम्मान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। पीडीपी के नेता वहीद पारा ने कश्मीरी पंडितों के दर्द को साझा करते हुए कहा कि इस समुदाय ने न केवल अपना घर और जमीन छोड़ी है, बल्कि अपनी पहचान और सम्मान भी गंवाया है। यह



समस्या केवल विस्थापन की नहीं, बल्कि एक पूरे समुदाय की अस्मिता से जुड़ी है। यह उनके आत्मसम्मान और पहचान का विषय है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि जिला स्तर पर समन्वय बढ़ाया जाए और कश्मीरी पंडितों के लिए नियमित संवाद आयोजित किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं को सीधे सुना और हल किया जा सके।

---

## तटीय इलाकों में पहुंचा फ्लेमिंगो का झुंड



**चेन्नई।** तमिलनाडु के थूथुकुडी (तूतीकोरिन) के तटीय इलाकों में फ्लेमिंगो का एक बड़ा झुंड पहुंचा है। अपने आकर्षक गुलाबी पंखों के लिए जाने जाने वाले ये पक्षी इस क्षेत्र के समृद्ध संसाधनों का लाभ उठाते हुए प्रजनन और भोजन के लिए यहां आए हैं। दरअसल, फ्लेमिंगो का यह झुंड खारे पानी के निकायों और नमक के मैदानों से आकर्षित हुआ है, जो इन प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करते हैं। अक्टूबर से मार्च तक, तटीय शहर के नमक के मैदान फ्लेमिंगो के लिए आदर्श भोजन स्थल बन जाते हैं। अफ्रीका, दक्षिणी एशिया, मध्य पूर्व और दक्षिणी यूरोप के विभिन्न हिस्सों से बड़े फ्लेमिंगो थूथुकुडी में प्रवास करते हैं। केकड़े, झींगा, कीड़े, कीड़े और कंद जैसे खाद्य स्रोतों की उपलब्धता के कारण फ्लेमिंगो इस क्षेत्र की ओर आकर्षित होते हैं। तूतीकोरिन बीच रोड के पास अलायथी वन इन पक्षियों के लिए एक प्रसिद्ध घोंसला बनाने की जगह है।

---

**फर्जी पासपोर्ट रैकेट उजागर**

## 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इन लोगों ने अलग-अलग समय पर अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद नकली दस्तावेज पेश करके भारतीय पासपोर्ट हासिल किए हैं। लुकआउट नोटिस इस आशंका में जारी किए गए हैं कि ये 69 घुसपैठिए अभी भी देश में, खासकर पश्चिम बंगाल में, छिपकर रह रहे हैं और दूसरे देशों में भाग सकते हैं। यह कदम राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने और जांच के दौरान इनकी पहचान उजागर होने के बीच उठाया गया। देश में आव्रजन, सीमा शुल्क और विभिन्न सीमा सुरक्षा एजेंसियों सहित संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है। शहर पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एजेंसियों को इन 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों का विवरण उपलब्ध कराया गया है।



जांच अधिकारियों को शक है कि ये अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए दो श्रेणियों के हो सकते हैं। पहली श्रेणी में वे लोग शामिल हैं जो मूल रूप से 'आर्थिक शरणार्थी' हैं और भारत आने का उनका इरादा अपनी आजीविका कमाने के लिए रास्ते तलाशना है।

---

**गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स ने भारत के प्रयासों को सराहा कहा**

# ग्लोबल हेल्थ और विकास में डिजिटल समाधान तैयार कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल अपने नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल इनोवेशन का निर्माण कर रहा है, बल्कि ऐसे समाधान भी बना रहा है, जिनमें ग्लोबल हेल्थ और विकास को बदलने की क्षमता है। गेट्स फाउंडेशन और महिला सामूहिक मंच के सहयोग से सीआईआई द्वारा आयोजित एक वैश्विक मंच पर बोलते हुए, बिल गेट्स ने इनोवेशन, हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी में भारत के लीडरशिप की सराहना की। इस मंच के साथ वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती भूमिका के मद्देनजर ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर, पॉलिसी मेकर्स और इन्वेस्टर्स एक साथ आए।

*स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन में भारत की अहम भूमिका*

*भारत एआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से आगे बढ़ रहा*

### भारत इनोवेटिव सॉल्यूशन बढ़ाने पर दे रहा जोर



गेट्स ने कहा कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा, एआई-संचालित निदान और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी लीडिंग भूमिका के साथ भविष्य का निर्माण कर रहा है। उन्होंने उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक स्तर पर भारत के इनोवेटिव सॉल्यूशन को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर दुनिया के लिए एक मॉडल

गेट्स ने भारत की तीव्र प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंक्लूसिव आर्थिक विकास और तकनीकी सफलताओं को दुनिया के लिए एक मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भविष्य की ओर देखते हुए, गेट्स ने वैश्विक स्तर पर एआई, स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में सफलताओं को बढ़ाने के लिए भारतीय इनोवेटर्स, पॉलिसी मेकर्स और उद्यमियों के साथ मिलकर काम करने के लिए अपने फाउंडेशन के कमिटमेंट की पुष्टि की।

**गेट्स के नेतृत्व की सराहना की**

अलायंस फॉर ग्लोबल गुड जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी की अध्यक्ष स्मृति ईरानी ने फाउंडेशन और गेट्स के नेतृत्व की सराहना की। साथ ही सोशल इनोवेशन के लिए निवेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। ईरानी ने कम लागत वाले, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन समाधान लाने में भारत की शक्ति के बारे में बात की, जो स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं।

# आकाश डिजिटल ने जेईई और नीट की परीक्षा तैयारियों में स्थापित किये नए कीर्तिमान

## एआई - पॉवर्ड लर्निंग से रचा नया इतिहास; छोटे शहरों से आये शानदार टॉप रिजल्ट



**नई दिल्ली।** परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) अब उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग अब परीक्षा तैयारियों में बाधाओं को तोड़ पहले से कहीं अधिक सुलभ, किफायती, लचीला और परिणाम केंद्रित बना कर इस क्षेत्र में नई राहें बना रहा है। आकाश 2.0 रणनीतिक योजना के तहत, एईएसएल और अपने डिजिटल प्रयासों को और मजबूत करते हुए ऑनलाइन स्पेस में एक नई और अनोखी सेवा पेश कर रहा है।

आकाश के सभी उत्पादों को डिजिटल स्पेस में एक ही मंच पर एकीकृत किया गया है। आकाश डिजिटल 2.0 एक परिवर्तनकारी ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफ़ॉर्म है, जो एआई - पॉवर्ड, इंटरएक्टिव और परिणाम-केंद्रित कोचिंग प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म नीट, जेईई और ओलंपियाड की तैयारी करने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता, किफायती और प्रभावी शिक्षा का अनुभव देता है। एआई - पॉवर्ड इनसाइट, इंटरएक्टिव लर्निंग टूल्स और विशेषज्ञ मेंटरशिप का लाभ उठाते हुए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि भारतभर के छात्र अपने घरों से ही शीर्ष-स्तरीय कोचिंग प्राप्त करें। आकाश डिजिटल 2.0 का बीटा संस्करण एक साल पहले लॉन्च किया गया था और इसके परिणाम बेहद उत्साहजनक और चौंकाने वाले रहे हैं। देश के दूरदराज इलाकों में रहने वाले छात्रों ने आकाश डिजिटल की इस नई पेशकश का लाभ उठाया और नीट और जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। यह एक ऐसा अवसर है जो उन्हें आकाश डिजिटल के बिना मिल पाना मुश्किल था। इनमें से कुछ शानदार रिजल्ट की बात करें तो गुजरात के दीसा, बनासकांठा के गांधी वरदा जैमिन ने नीट 2024 में एआईआर 358 हासिल किया। जलगांव, महाराष्ट्र की मृण्मयी चौधरी ने नीट 2024 में एआईआर 426 प्राप्त किया। सुंदरगढ़, ओडिशा की रश्मि प्रकाश पलाई को नीट 2024 में एआईआर 649 मिला। पश्चिम बंगाल के त्रबेनी के रितम बनर्जी ने जेईई एडवांस 2024 में एआईआर 226 हासिल किया। डिब्रूगढ़, असम के धृतिश्मान दत्ता ने जेईई एडवांस 2024 में एआईआर 1422 प्राप्त किया। देश के दूर-दराज इलाकों से ऐसी कई सफलता की कहानियों के बीच, मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा के चंद्रदीप पवार ने जेईई एडवांस 2024 में एआईआर 2395 हासिल किया। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने कहा, "एईएसएल में, हम छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सही मार्गदर्शन, ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं। आकाश डिजिटल उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा को सुलभ, आकर्षक और परिणाम-केंद्रित बना कर परीक्षा की तैयारी में एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। अब देशभर के छात्र दुनिया के किसी भी कोने से भारत की सबसे विश्वसनीय कोचिंग का अनुभव कर सकते हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास फैकल्टी, उन्नत शिक्षण उपकरण और व्यक्तिगत मार्गदर्शन शामिल है।"

# राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ें : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों और चर्चा पर जवाब दिया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय रेल की प्रगति को रेखांकित करते हुए नियमितता, रोजगार, सुरक्षा, निर्यात और इंफ्रा डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रोजगार देने में भी रेलवे सबसे आगे है। बुलेट ट्रेन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें देश को आगे ले जाना है। बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट्स आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाए जा रहे हैं। रेल मंत्री ने नॉर्थ ईस्ट में रेलवे प्रोजेक्ट्स में अभूतपूर्व प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि सिक्किम में सेवक से रंगपो तक रेल प्रोजेक्ट पहुंच रहा है, असम में नए काम शुरू हुए हैं और त्रिपुरा में आजादी के बाद पहली बार ब्रॉड गेज लाइन शुरू हुई है। केंद्र सरकार ने हर राज्य के लिए रेलवे विकास हेतु ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। उन्होंने देश की प्रगति के लिए सभी से राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। रोजगार सृजन का जिक्र करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल ने पिछले 10 वर्षों में 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान में भी 1 लाख लोगों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

रेल मंत्री ने कहा कि अब भारतीय रेल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई तकनीकी बदलाव किए गए हैं। लंबे रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस जैसे कदमों ने रेल यात्रा को और सुरक्षित बनाया है। 50,000 किलोमीटर पुराने ट्रैक को हटाकर नए ट्रैक बिछाए गए हैं, जिससे सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 34,000 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाए गए हैं, जो जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। लोकोमोटिव उत्पादन में भी भारत ने बाजी मारी है। रेल मंत्री ने कहा कि देश में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ जो अमेरिका और यूरोप के कुल उत्पादन से अधिक है। भारतीय रेल ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। रेल मंत्री ने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत एक बड़ा रेलवे निर्यातक बन चुका है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिहार में बने लोकोमोटिव का दुनिया में डंका बजेगा और तमिलनाडु में निर्मित पहिए दुनिया के दूसरे देशों की ट्रेनों में भी दौड़ते नजर आएंगे। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है। रेल मंत्री ने कहा कि कोलकाता मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि रेलवे का लक्ष्य हर कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ना और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देना है। भारत में आज विश्व का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्यक्रम (अमृत भारत स्टेशन) चलाया जा रहा है। लोकसभा में रेल मंत्री ने सभी दलों के सांसदों से अनुरोध करते हुए कहा कि कृपया अपने क्षेत्र में स्टेशनों पर काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। हम गुणवत्ता पर ध्यान देंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेल देश की प्रगति का प्रतीक है और यह निरंतर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

## ● रोचक खबरें



### घायल लंगूर इलाज करवाने खुद पहुंचा दवा की दुकान

**ढाका।** एक दिल को छू लेने वाली घटना में एक लंगूर को फार्मेसी में जाते हुए और अपने घाव के लिए चिकित्सा सहायता मांगते हुए देखा गया। सोशल मीडिया के मुताबिक, वायरल वीडियो बांग्लादेश का बताया जा रहा है। पोस्ट के अनुसार, यह घटना 7 मार्च को देश के एक कस्बे मेहरपुर में हुई. फुटेज में, लंगूर को स्टोर काउंटर पर बैठे देखा जा सकता है, जबकि एक शख्स उसके घाव पर मरहम लगा रहा है और उसके चारों ओर पट्टी बांध रहा है। प्रक्रिया के दौरान कई अन्य लोग जानवर को दुलारते दिख रहे हैं। कैप्शन में लिखा है, 'एक घायल बंदर मेहरपुर के एक स्थानीय इलाके में भटक गया और एक फार्मेसी को देखते ही मदद के लिए अंदर भाग गया। यह घटना 7 मार्च की रात को मेहरपुर शहर के अलहेरा फार्मेसी में हुई, जहां बंदर को शुरुआती चिकित्सा सहायता दी गई।' कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस दिल को छू लेने वाले वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिनमें से एक ने कहा, 'लोगों को जानवरों की देखभाल करते देखना अच्छा लगता है।' दूसरे यूजर ने कमेंट किया, 'मजेदार बात यह है कि अगर कोई इंसान यही मदद मांगने आए तो वे उसे बाहर निकाल देंगे।' तीसरे यूजर ने कहा, 'बंदर के पास सरकार से ज़्यादा आईक्यू है।'

### दुनिया के टॉप 50 ब्रेड में पहले नंबर पर है इंडिया की ये ब्रेड

**नई दिल्ली।** टेस्टी बटर गार्लिक नान ने दुनिया भर की सबसे अच्छी ब्रेड का खिताब हासिल किया है। टेस्ट एटलस की बहुत सावधानी से तैयार की गई लिस्ट में बटर गार्लिक नान ने टॉप पोजिशन हासिल की है। अब किसी भारतीय व्यंजन का अंतरराष्ट्रीय सूची में आना कोई बड़ी बात नहीं है। ग्लोबल मार्केट वास्तव में भारतीय व्यंजनों के गुणों को पहचान रहा है। खास बात ये है कि फर्स्ट के साथ ही सेकंड पोजिशन भी इंडियन ब्रेड को ही मिला है।

# चांद, मंगल और बृहस्पति ग्रह तक पहुंचने में कितना समय लगता है?

वॉशिंगटन। अगर आपको किसी जगह जाना हो, तो रास्ता, साधन और ईंधन काफी जरूरी हो जाता है। ठीक वैसे ही, जब बात अंतरिक्ष यात्रा की हो, तो यहां भी सिर्फ रफ्तार ही नहीं, बल्कि सही रास्ता और सही प्लानिंग भी मायने रखती है। धरती से निकलकर दूसरे ग्रहों तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों को न सिर्फ दूरी का हिसाब रखना पड़ता है, कई और फैक्टर्स भी अहम भूमिका निभाते हैं। आइए जानते हैं कि ये कौन से जरूरी फैक्टर्स है और उस हिसाब से चांद और मगल तक पहुंचने में कितना समय लगता है?

### बृहस्पति तक पहुंचने में कितने साल लगते हैं?



अब आते हैं सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह, बृहस्पति यानी जूपिटर की ओर। यह ग्रह धरती से लगभग 77 करोड़ किलोमीटर की औसत दूरी पर स्थित है, जो कि मंगल की तुलना में लगभग तीन गुना ज़्यादा है। इसका मतलब यह है कि वहां पहुंचने के लिए न सिर्फ तेजी, बल्कि एक स्मार्ट प्लान भी चाहिए। सवाल है कि बृहस्पति तक पहुंचने में कितना समय लगता है? उदाहरण के लिए नासा का पहला बृहस्पति मिशन गेलिलियो को पहुंचने में 6 साल लगा, क्योंकि इसने कई गुरुत्वाकर्षण सहायता तकनीकों का इस्तेमाल किया था। जबकि दूसरा मिशन जूनो करीब 5 साल में पहुंचा। वोयागेर 1 19 महीने में वहां पहुंचा था।

### चांद तक का सफर कितना आसान है?

चांद हमारी धरती का सबसे करीबी पड़ोसी है। जो औसतन 3,84,400 किलोमीटर दूर स्थित है। लेकिन, यह सफर इतना आसान नहीं, जितना की यह दूरी बताती है। जब नासा ने अपने ऐतिहासिक अपोलो मिशन के तहत पहली बार इंसानों को चांद तक भेजा, तो यह यात्रा औसतन तीन दिनों में पूरी हुई थी। अपोलो 8 मिशन सबसे तेज़ था, जिसने मात्र 69 घंटे (करीब 2.8 दिन) में चांद की कक्षा में एंटर कर लिया था।





### हफ्तों या महीनों का भी लग सकता है समय

हालांकि, हर मिशन का तरीका अलग हो सकता है। अगर किसी मिशन को ईंधन की बचत करनी हो, तो वह ज़्यादा कुशल, लेकिन धीमे रास्ते का चुनाव कर सकता है। इसे समझने के लिए एक उदहारण लेते हैं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का। इसरो का चंद्रयान-2 मिशन 22 जुलाई 2019 को लॉन्च हुआ था और इसे चांद तक पहुंचने में करीब 48 दिन लगे थे। इसकी वजह यह थी कि चंद्रयान-2 को धीमे और ऊर्जा-कुशल रास्ते से भेजा गया था, जिससे ईंधन की बचत हो सके। ऐसे में चांद तक पहुंचने में हफ्तों या महीनों का समय भी लग सकता है।



### मंगल तक पहुंचने में कितने महीने लगते हैं?

चांद के मुकाबले मंगल ग्रह हमसे कहीं ज्यादा दूर है। धरती से सूरज की औसत दूरी 15 करोड़ किलोमीटर है, जबकि मंगल ग्रह धरती से 22.5 करोड़ किलोमीटर की औसत दूरी पर स्थित है। मंगल ग्रह तक का सफर चांद की तुलना में लंबा और ज्यादा जटिल होता है। आमतौर पर, किसी अंतरिक्ष यान को मंगल तक पहुंचने में 7 से 10 महीने का समय लगता है। मिसाल के तौर पर नासा के अंतरिक्ष यान (**Mars Reconnaissance Orbiter**) को मंगल की कक्षा में पहुंचने में 7.5 महीने लगे, जबकि मावेन मिशन को 10 महीने लगे। प्रेसवेरान्से रोवर 2020 203 दिनों में यानी लगभग 7 महीने के बाद मंगल की सतह पर उतरा। इसकी वजह ये रही कि वैज्ञानिकों को न सिर्फ मंगल तक पहुंचने की दूरी तय करनी होती है,बल्कि सही कक्षा में प्रवेश करने और वहां की लैंडिंग प्रोसेस को भी ध्यान में रखना पड़ता है। ये सारे फैक्टर्स तय करते हैं कि मंगल तक का सफर कितना तेज़ और कुशल होगा।

# दुनिया के सबसे रहस्यमयी खजाने जो खोजने गया कभी लौटकर नहीं आया

नई दिल्ली। दुनिया में हर व्यक्ति चाहता है कि उसके पास धन-दौलत, हीरे-जवाहरात और सोना-चांदी हो। इतिहास में कई ऐसे राजा-महाराजा था जिनका खजाना इन चीजों से भरा हुआ था। हालांकि, उनकी मौत के बाद यह नहीं पता चल पाया कि उनका खजना कहां पर है। कई लोग इन खजानों की तलाश में आज भी लगे रहते हैं। आज हम आपको अपनी खबर में दुनिया के ऐसे ही रहस्यमयी खजानों के बारे में बताते हैं जिनकी तलाश में अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।



### द अंबर रूम

रूस में द अंबर रूम एक प्रसिद्ध महल था, जो सेंट पीटर्सबर्ग शहर के करीब स्थित था। द अंबर रूम कमरे की तरह एक चैंबर था, जिसका निर्माण साल 1707 में पर्शिया में किया गया था। यह पीटर द ग्रेट को रूस और पर्शिया के बीच शांति के तोहफे में मिला था। साल 1941 में द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजियों ने इस पर कब्जा कर लिया और इसे सुरक्षित करने के लिए इसका अलग-अलग हिस्सों में बंटवारा कर दिया। इन सभी टुकड़ों को 1943 में एक म्युजियम में प्रदर्शित किया गया। यहां से पूरा द अंबर रूम लापता हो गया। इसके बाद से इस खजाने का आज तक कोई पता नहीं चल पाया।

### चंगेज खान का खजाना

मंगोल साम्राज्य की नींव रखने वाला चंगेज खान अपने शासन के दौरान दुनिया का सबसे प्रसिद्ध और महान योद्धा था। उस समय चंगेज खान ने करीब पूरी दुनिया पर जीत हासिल कर ली थी और खूब धन-दौलत इकट्ठा कर लिया था। वर्ष 1227 में चंगेज खान की मौत हो गई। बताया जाता है कि एक अज्ञात जगह पर उसके शव और खजाने को दफनाया गया। कहा जाता है कि इस खजाने की खोज में जो भी गया, वह लौटकर नहीं आया।



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5810



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5809 का हल



## सूडोकु नवताल - 5820

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5819 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



कई बार लोगों को अलग-अलग वजहों से रात में देर तक जागना पड़ता है। ऐसे में भूख भी महसूस होने लगती है। लेकिन भूख लगने पर आपको अपने लिए हेल्दी फूड्स ही लेने चाहिए। इस बारे में जानिए।

# रात में जब लगे भूख क्या खाएं-क्या न खाएं

फूड जोन

विवेक कुमार

आप पढ़ाई के लिए देर रात तक जगने वाले स्टूडेंट हों या आपको सुबह देर से उठने और रात देर से सोने की आदत हैं ऐसे में कई बार रात में भूख महसूस होती है। ऐसे समय में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं, बता रहे हैं आपको।



## रात में क्या खाएं

- मुरमुरे, भुने चने, कॉर्न फ्लेक्स, भुना चिवड़ा, भुनी मूंगफली, भूने मखाने इन सबको मिलाकर तैयार की गई नमकीन देर रात भूख के लिए सबसे अच्छा और स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स है।
- अखरोट में प्राकृतिक रूप से मेलाटोनिन होता है, जिससे नींद अच्छी आती है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम इसे एक स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स बनाता है। इसके अलावा पिस्ता भी मेलाटोनिन से भरपूर होता है। इसमें मौजूद फाइबर और प्रोटीन लंबे समय तक भूख नहीं लगने देता। इन्हें भी आप खा सकते हैं।



- भुने या तले बादाम भी ले सकते हैं। इन्हें भूनकर शहद में डिप करके एक डिब्बे में रखें। इसके अलावा किशमिश, बादाम, अंजीर भी रात में खाए जा सकते हैं।
- पॉपकॉर्न भी एक फाइबरयुक्त फुलफिलिंग स्नैक है, बस इसमें मक्खन और नमक कम डालें। इसकी भी ज्यादा मात्रा खाने से बचना चाहिए।
- अनानास, सेब, केला, नाशपाती जैसे फलों को अगर बेक करके खाया जा सकता है। उसमें दालचीनी और बटर डालें। शुगर की जगह शहद के इस्तेमाल से बना यह स्नैक्स हेल्दी और टेस्टी होता है। रात में इसे भी आप खा सकते हैं।
- फीके और ऑयल फ्री बिस्कुटों में चीज स्लाइस के टुकड़े, आलू और काली मिर्च बुरक कर खाए जा सकते हैं।
- डार्क चॉकलेट के अलावा नट्स वाली चॉकेलट भी खाई जा सकती है।
- ड्राइ फ्रूट्स लड्डु जिनमें कई तरह के सीड्स और नट्स डाला गया हो, इसे भी खाया जा सकता है।
- भुने ओट्स में दही, सेब, केला, अनार जैसे फ्रूट्स डालकर खाए जा सकते हैं।
- मिक्सी में खजूर डालकर ओट्स, नट्स, चॉकलेट, सूखे नारियल में मिलाकर इसकी प्यूरी बनाकर खाई जा सकती है।
- दूध के साथ कॉर्न फ्लेक्स या ओट्स डालकर खाना भी हेल्दी ऑप्शंस हैं।
- शकरकंदी या आलू के चिप्स या शकरकंदी छीलकर उनके ऊपर दालचीनी पावडर, नमक, मिर्च डालकर बेकिंग ट्रे में चिप्स को रखकर ओवेन में दो तीन मिनट बेक करने के बाद बाद खा सकते हैं।
- साबुत गेंहू के टोस्ट और साबुत अनाज के क्रेक्स में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर होते हैं। इनमें पीनट बटर लगाकर खा सकते हैं। मूंगफली के मक्खन में मौजूद वसा हमारे शरीर में सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाती है।

## देर रात क्या न खाएं

- आधी रात के बाद पिज्जा खाने के लिए बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं है। क्योंकि इसमें हाई फैट वाला पनीर होता है,जो आसानी से पचता नहीं है। इसमें कैलोरीज भी ज्यादा होती हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है। इसमें मौजूद वसा जल्दी पचती नहीं है। पिज्जा बेस में रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट होता है, जो सेहत के लिए सही नहीं होता है।
- मिठाइयां, ज्यादा चीनी वाले अनाज लेने से रक्त में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है। अनाज तो लिया जा सकता है, लेकिन मीठे वाला नहीं। ऐसा विकल्प चुनें, जिसमें चीनी कम लेकिन फाइबर और प्रोटीन ज्यादा हो।
- देर रात की भूख में चिप्स खाना सबसे नुकसानदायक होता है। इनमें प्रोटीन, फाइबर नहीं होते हैं। इसके तेल में वसा, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट होते हैं।
- कैंडी की जगह फ्रूट या डार्क चॉकलेट खाना ज्यादा सही होता है। इसके अलावा मसालेदार चीजें खाने से भी बचना चाहिए, इससे पेट में दर्द, एसिडिटी और खट्टे डकार आते हैं। *

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. रोहन औरंगाबादवाला
कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
अपोलो हॉस्पिटल्स, नवी मुंबई

यह सवाल अकसर लोगों के मन में आता है कि मेडिकल साइंस में इतनी प्रगति के बावजूद, देश-दुनिया में अभी भी करोड़ों लोग टीबी से संक्रमित हो रहे हैं और लाखों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, ऐसा क्यों होता है? इसका जवाब यह है कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों या समाज के उस वर्ग में बहुत से लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच और सही ढंग से जांच और उपचार में देरी की वजह से यह रोग अभी भी लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। टीबी के लक्षणों को सांस संबंधी अन्य सामान्य समस्या मानने की गलती अकसर की जाती है, जिससे यह रोग काफी बढ़ जाता है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रहना, खराब वेंटिलेशन और कुपोषण, टीबी संक्रमण के जोखिम को बढ़ाते हैं। मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट टीबी (एमडीआर-टीबी) और व्यापक रूप से ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी (एक्सडीआर-टीबी) का इलाज करना कठिन और ज्यादा महंगा होता है। इन कारणों से भी यह रोग अभी भी घातक बना हुआ है और कई केसेस में रोगी की मृत्यु हो जाती है। अभी भी कई इलाकों और समुदायों में टीबी होना एक कलंक माना जाता है, जिसकी वजह से लोग बीमार होने पर भी मदद लेने या इलाज कराने से कतराते हैं।

**इन्हें होता है अधिक रिस्कः** जिन लोगों को एचआईवी/एड्स, मधुमेह है या जिनका ऑर्गन ट्रांस्प्लांट हो चुका है, ऐसे कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग, बच्चे, खासकर जहां टीबी फैलने का खतरा ज्यादा होता है, ऐसे इलाकों में, संक्रमित रोगी के संपर्क में आने से टीबी होने का खतरा अधिक होता है। उम्र बढ़ने के साथ संक्रमण को नियंत्रित करने का प्रतिरक्षा प्रणाली का प्रभाव कम होता जाता है, जिससे बुजुर्गों को टीबी होने का रिस्क बढ़ जाता है। टीबी मरीजों के लगातार संपर्क में रहने से स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को टीबी होने का जोखिम ज्यादा होता है। जेलों, शरणार्थी शिविरों या झुग्गियों जैसे भीड़-भाड़ वाले, खराब हवादार वातावरण में रहने वाले व्यक्ति और कुपोषित व्यक्तियों में भी संक्रमण की संभावना अधिक होती है।




**ऐसे होता है संक्रमणः** टीबी मुख्य रूप से हवा के माध्यम से फैलता है। जब एक्टिव पल्मोनरी टीबी से पीड़ित व्यक्ति खांसता, छींकता या बोलता है तो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया युक्त छोटी बूंदें हवा में फैल जाती हैं। ये बूंदें उनके करीब के दूसरे लोगों द्वारा सांस के जरिए अंदर ली जा सकती हैं, जिससे उन्हें भी संक्रमण हो सकता है। संक्रमित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक संपर्क में रहने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

**टीबी के प्रमुख लक्षणः** लगातार खांसी (3 सप्ताह से अधिक समय तक), खांसने पर खून या बलगम में खून निकलना, सीने में दर्द या बेचैनी, थकान और कमजोरी, रात में पसीना आना, बिना किसी कारण के वजन कम होना, बुखार और ठंड लगना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड टीबी डे-24 मार्च

ट्यूबरकुलोसिस यानी टीबी एक खतरनाक बीमारी है। भारत समेत दुनिया के कई देशों में लाखों-करोड़ों लोग हर साल इसकी चपेट में आते हैं। ऐसे में यह जानना सभी के लिए बहुत जरूरी है कि टीबी का संक्रमण कैसे फैलता है, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं, इसका उपचार कैसे हो सकता है और इससे बचाव कैसे संभव है? यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।

# टीबी से बचाव के लिए जरूरी है सावधानी-जागरूकता



**टीबी संक्रमण का उपचारः** टीबी मरीज के इलाज के लिए एंटीबैक्टीरियल दवाइयां दी जाती हैं। ड्रग-सेंसिटिव टीबी के लिए मानक उपचार आमतौर पर 6 महीने तक चलता है। हालांकि ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए यह अवधि लंबी हो सकती है। ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए, उपचार अधिक जटिल हो जाता है। इसमें सेकेंड लाइन दवाओं की आवश्यकता होती है। इसके लिए 18-24 महीनों तक उपचार और ड्रग-रेसिस्टेंट प्रोफाइल के अनुरूप उपचार की आवश्यकता होती है। कुछ दुर्लभ केसेस में, टीबी से इंफेक्टेड टिश्यूज को हटाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता भी हो सकती है।

**टीबी वैक्सीन है उपलब्धः** बैसिलस कैलमेट-गुएरिन (बीसीजी) वैक्सीन सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली टीबी वैक्सीन है। जहां टीबी के केसेस ज्यादा होते हैं, आमतौर पर उन देशों में यह वैक्सीन शिशुओं को लगाई जाती है। यह वैक्सीन वयस्कों में टीबी के संक्रमण को नहीं रोकता है, लेकिन यह बच्चों में टीबी के गंभीर रूपों, विशेष रूप से मेनिंगियल और डिसेमिनेटेड टीबी को रोकने में कारगर है। हालांकि यह वयस्कों में टीबी का सबसे आम और संक्रामक रूप, पल्मोनरी टीबी से पूरी तरह सुरक्षा प्रदान नहीं करता है।

**बरतें ये सावधानियांः** रहने, काम करने की जगह हवादार रखना, मास्क पहनना, टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों के निकट संपर्क से बचना टीबी संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी है। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढंकने जैसी आदतें टीबी के संक्रमण को रोक सकती हैं और इसके प्रसार को भी कम कर सकती हैं।

**ट्रीटमेंट के दौरान रखें ध्यानः** यह महत्वपूर्ण है कि टीबी मरीज का पूरा उपचार किया जाए, क्योंकि अधूरे इलाज से बीमारी फिर से शुरू हो सकती है और ड्रग रेसिस्टेंस हो सकता है। नियमित जांच और बलगम परीक्षण से इलाज में प्रगति की निगरानी करने और किसी भी जटिलता की पहचान करने में मदद मिल सकती है। कुछ टीबी दवाइयों के गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जैसे कि लीवर को नुकसान या दृष्टि संबंधी समस्याएं। इन पर बारीकी से नजर रखी जानी चाहिए। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करने के लिए पर्याप्त पोषण महत्वपूर्ण है। शराब और धूम्रपान से बचना चाहिए क्योंकि वे उपचार में बाधा डाल सकते हैं और फेफड़ों को और ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति जिसका पहले इलाज हो चुका है फिर से टीबी बैक्टीरिया के संपर्क में आता है, तो उसे फिर से टीबी हो सकता है। इसलिए रिकवर होने के बाद भी पूरी सावधानी बरतनी चाहिए।

**मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबीः** मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट या एमडीआर, टीबी का एक प्रकार है। यह उन बैक्टीरिया के कारण होता है, जो कम से कम दो सबसे शक्तिशाली फर्स्ट-लाइन दवाओं, आइसोनियाजिड और रिफेंपिसिन के प्रति रेसिस्टेंट (प्रतिरोधी) होते हैं। इसका मुख्य कारण अधूरा या अनुचित इलाज होता है। इससे बचने का यही तरीका है कि टीबी डिटेक्ट होने पर उसका पूरी अवधि तक और सही ट्रीटमेंट करवाया जाए। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

## टीबी के डिफरेंट स्टेज



**इस बीमारी** का इंफेक्शन कई स्टेज में हो सकता है।

**प्राइमरी स्टेजः** जब कोई व्यक्ति हवा में उड़ रहे बैक्टीरिया की चपेट में आ जाता है। पूअर हाइजीन वाले क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति अच्छी पर्सनल हाइजीन के बावजूद इसकी चपेट में आ जाते हैं। वैसे तो हमारा इम्यून सिस्टम अकसर ऐसे बैक्टीरिया का खात्मा कर देता है लेकिन कोई व्यक्ति एचआइवी पॉजिटिव हो, डायबिटिक हो तो वह प्राइमरी इंफेक्शन के कुछ ही हफ्तों में इसकी चपेट में आ जाता है।

**लेटेंट स्टेजः** इसका मतलब है कि टीबी का बैक्टीरिया शुरुआती इंफेक्शन के बाद शरीर में डेरा जमाकर बैठ जाता है और इम्यून सिस्टम के कमजोर होने का इंतजार करता है। बुढ़ापे में या इम्यून सिस्टम के कमजोर होने पर जब एंटीजेंस रिएक्टिव हो जाते हैं तो यह बीमारी सिर उठा सकती है।

**एक्टिव स्टेजः** जब बैक्टीरिया से प्रभावित एवं संक्रमित व्यक्ति में लक्षण स्पष्ट नजर आने लगते हैं और वह अपनी बीमारी दूसरों तक भी फैलाने लगता है, तो उसे एक्टिव स्टेज पेशेंट कहते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि एक्टिव टीबी का मरीज साल भर में ऐसे 10-15 लोगों को बीमार कर सकता है, जो उसके निरंतर संपर्क में आते हैं।

(कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल कोलकाता के पल्मोनोलोजिस्ट, डॉ. के.एन.पोद्दार से शिखर चंद जैन की बातचीत पर आधारित)

घरेलू औषधि

# अत्यंत स्वास्थ्यवर्धक है हरा चना

चना ऐसा अनाज है, जिसका सेवन आप हरे या सूखने के बाद काले चने के रूप में कर सकते हैं। दोनों ही रूपों में यह स्वास्थ्यवर्धक होता है। इसके ताजे पत्तों को धोकर नमक-मिर्च लगा कर ग्रामीण इलाकों में खूब खाया जाता है। यह स्वादिष्ट होने के साथ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

**हरे चने खाने के लाभः** हरे चने की छोटी सी फली होती है, जिसमें हरे चने के दाने होते हैं, इनको टाट भी कहते हैं। इसकी सब्जी भी बनाई जाती है। हरे चने में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स (विटामिन बी1, बी2, बी3, बी5) और विटामिन के भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इनके अतिरिक्त इसमें फाइबर, सोडियम, फोलेट, आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, सेलेनियम, पोटैशियम, कैल्शियम, फैट्स, कार्बोहाइड्रेट, डाइटरी फाइबर्स, फैटी एसिड आदि पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य की सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मददगार होते हैं। हरा चना पाचन सुधारने के साथ शरीर में शक्ति का भी संचार करता है। हरे चने या छोलिया का सेवन संक्रमण से बचाव करता है, इम्यूनिटी को प्रबल करता है। इसमें मिलने वाला घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर को सामान्य रखने में सहायक होता है। इस तरह हरा चना टाइप 2 डायबिटीज को नियंत्रित करने में सहायक होता है।



इसका सेवन मस्तिष्क को स्वस्थ रखने और स्मरण शक्ति को बढ़ाने में मददगार है। हरे चने का सेवन आंखों की जलन, लाली को दूर कर आखों की रोशनी बढ़ाने में सहायक है। चने का सेवन, हृदय के रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है। इसका सेवन शरीर में बढ़ने वाले कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित कर हृदय को बल प्रदान करता है। इसको भून कर (रोस्टेड) खाने से कब्ज, गैस, पेटदर्द में लाभ मिलता है। इसका सेवन वजन कम करने में भी मददगार होता है, क्योंकि इसका सेवन करने से पेट भरा हुआ महसूस होता है इसीलिए चने का सेवन करने से भूख कम लगती है। अगर आपको थकावट महसूस होती है, शरीर में शिथिलता लगती है तो चने का सेवन आपके लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगा। इसके लिए आप हरे चने का नियमित सेवन करें। इसके अलावा रात को भिगोए हुए काले चनों का सेवन भी लाभकारी है। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

सजेशन

डॉ. माजिद अलीम

डाइजेशन अगर सही न हो तो कब्ज की समस्या घेर लेती है। इससे कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि कब्ज होने की मुख्य वजहें क्या हैं और डाइजेशन को कैसे सही रख सकते हैं।

# ऐसे सही रहेगा डाइजेशन

सुबह उठ कर स्कूल जाना हो या ऑफिस या कहीं बस ट्रेन से लंबी यात्रा करनी हो तो जिन लोगों को पाचन संबंधी समस्या होती है, उन्हें मोशन समय पर नहीं आता है। घर से फ्रेश होकर जाने के लिए वो रात में दूध पीकर सोते हैं, सुबह उठकर गर्म पानी पीते हैं। इसके बावजूद कई बार फ्रेश नहीं हो पाते। ऐसे में पेट साफ न होना, उनके लिए एक बड़ा सिरदर्द हो जाता है। अगर डाइजेशन सिस्टम में गड़बड़ होती है तो हेल्थ से जुड़ी और बहुत सारी गंभीर समस्याएं सामने आने लगती हैं। कब्ज रहना, पाचनतंत्र में गड़बड़ी का एक बड़ा सूचक होता है।

**कब्ज के लक्षणः** सुबह सोकर उठने के बाद बिना किसी परेशानी के पेट साफ होना आपके सही पाचन और सेहत का सूचक है। लेकिन अगर रोज पेट साफ न हो, हार्ड स्टूल की समस्या से जूझ रहें हों तो इससे सबसे ज्यादा बबासीर का खतरा रहता है। सही पाचन का लक्षण है कि कम से कम 24 घंटे बाद शरीर से दिनभर के जमा अपशिष्ट पदार्थों का बाहर होना जरूरी है। 24 घंटों के बाद भी अगर पेट पूरी तरह साफ नहीं होता है तो इसे खतरे का संकेत मान लेना चाहिए।

**कब्ज होने के कारणः** समय पर या डेली पेट साफ न हो, हार्ड मोशन हो, पेट में भारीपन महसूस हो तो समझ लें कि आपका डाइजेशन सही नहीं है। पेट साफ न होने यानी कब्ज की सबसे बड़ी वजह कम पानी पीना है। कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन होता है और पेट साफ नहीं होता। खाने में हरी सब्जियां और फलों का कम सेवन भी पाचन क्रिया पर बुरा असर डालता है। नॉनवेज, ज्यादा तला भुना खाना भी इसकी एक बड़ी वजह है। इसके अलावा रात को देर से खाना, असमय खाने से भी खाना हजम नहीं हो पाता और कब्ज हो जाती है। तनाव, डिप्रेशन और सही नींद न लेना भी पाचन क्रिया को बिगाड़ता है। चलने-फिरने की गतिविधि कम करना, व्यायाम न करना भी इसकी एक बड़ी वजह है।



**अपनाएं ये उपायः** प्रतिदिन पेट साफ रहे, इसके लिए संतुलित भोजन जरूरी है। तला-भुना खाने की बजाय हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, फल और रसीली सब्जियां लेनी चाहिए। आपका भोजन फाइबरयुक्त होना चाहिए। मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक्स, सोडा ड्रिंक्स आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। रेग्युलर एक्सरसाइज करें। चिंता और तनाव से मुक्त रहें। क्योंकि इन सबका पाचनक्रिया पर बुरा असर पड़ता है।



**कारगर हैं ये घरेलू नुस्खेः** पेट साफ रहे, नियमित पेट साफ हो, इसके लिए कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं।

- रात को बिस्तर पर जाने से पहले गुनगुने दूध में इसबगोल मिलाकर खाएं। इससे पेट साफ होने में आसानी होती है।
- रात को खाना खाने के एक घंटे बाद या सोने से पहले गुनगुने पानी से एक चम्मच त्रिफला चूर्ण खाया जाए तो इससे सुबह अच्छी तरह पेट साफ हो जाता है।
- रात को सोने से पहले डिनर के दो घंटे बाद एक गिलास दूध पीने से कब्ज की शिकायत दूर होती है।
- रात को एक चम्मच मेथी पानी में भिगोकर रख दें। सुबह खाली पेट इस मेथी को पानी से निकाल कर चबाएं और इसका पानी पी लें, इससे पेट साफ होता है। *

हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना सभी करते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी इम्यूनिटी मजबूत रहे। इसे फिट बनाए रखने के लिए अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होंगे।

# इम्यून सिस्टम फिट तो आप रहेंगे हेल्दी-एक्टिव

आपने देखा होगा कि कुछ लोग अकसर थके-थके से, बीमार और उम्र से पहले ही बुजुर्गों जैसे दिखते हैं, वहीं कुछ लोग अधिक उम्र के बावजूद चुस्त-दुरुस्त, मस्त और दिखने में युवा नजर आते हैं। 'अल्ट्रा लांजिविटीः दी सेवेन स्टेप प्रोग्राम फॉर अ यंगर, हैल्दियर यू' के लेखक डॉ. मार्क लिपोनिस कहते हैं कि जिन लोगों का इम्यून सिस्टम दुरुस्त नहीं रहता है, उनमें एजिंग के लक्षण जल्दी ही नजर आने लगते हैं। इसका असर स्किन, हड्डियों, हार्ट, नर्व्स, लंग्स, किडनियों और अन्य अंगों पर नजर आने लगता है। कार्डिफ यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में माइक्रोबायोलॉजी के सीनियर प्रोफेसर डॉ. रिचर्ड स्टेंटन कहते हैं, 'बड़ी उम्र के लोगों में असमय मृत्यु के मुख्य कारणों में गंभीर संक्रमण, कैंसर और इंफ्लेमेटरी डिजीज होते हैं। ये डिसऑर्डर मूल रूप से इम्यून सिस्टम की एजिंग के कारण पनपते हैं। इस स्थिति को चिकित्सकीय भाषा में 'इम्यून सेनेसेंस' कहते हैं। शुरू से ही रोगों से घिर चुके लोगों में आगे चलकर रोग प्रतिरोधक क्षमता और भी कमजोर पड़ जाती है। अगर इससे बचना है तो जीवनशैली में कुछ अनुशासन और बदलाव जरूरी हैं, ताकि इम्यूनिटी मजबूत हो।

**स्ट्रेस से बचेंः** बेरोजगारी, पैसे की कमी, विवाह में देरी या पारिवारिक मनमुटाव स्ट्रेस के प्रमुख कारण हैं। स्ट्रेस शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है। जो लोग लगातार स्ट्रेस में रहते हैं, उनकी सेल्स की रीजनरेट होने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए स्ट्रेस से बचें और योग, मेडिटेशन करें या नई स्किल सीखने में खुद को व्यस्त रखें।



**धूम्रपान छोड़ेंः** स्मोकिंग एजिंग प्रोसेस की स्पीड बढ़ाती है। धूम्रपान करने वालों की स्किन अपना लचीलापन खोने लगती है, हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है, श्वास संबंधी समस्याएं होने लगती हैं और कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम भी बढ़ने लगता है। खुद सिगरेट न पीने के अलावा सेकेंड हैंड स्मोकिंग से भी बचें। यह भी लगभग उतनी ही खतरनाक होती है।

**एंटीबायोटिक्स का अधिक सेवनः** विशेषज्ञ बताते हैं कि एंटीबायोटिक्स के अधिक सेवन से इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ जाता है। कुछ खास दवाएं इम्यून सिस्टम तक हार्मोन सप्लाई करने वाले साइटोकिंस का स्तर घटा देती हैं। इससे इसकी बैक्टीरियारोधक क्षमता घटती है और बीमार पड़ने की संभावना बढ़ती है। एंटीबायोटिक दवाएं पेट के हेल्दी बैक्टीरिया को भी नष्ट कर देते हैं।

**पॉजिटिव सोच रखेंः** 'इमोशन' जर्नल में प्रकाशित शोध की मानें तो सकारात्मक सोच इम्यूनिटी पावर बढ़ाती है। मेडिटेशन, अध्यात्म, कुदरत के मनोहारी दृश्यों को देखना और सराहना सेहत के लिए अच्छी आदतें हैं। संतुष्टि, खुशी, गर्व और खिलंदड़पन न सिर्फ बीमारियों से दूर रखने में मददगार होते हैं बल्कि एजिंग प्रोसेस को भी धीमा करते हैं।

**पॉल्यूशन से बचेंः** प्रदूषण में लगातार और लंबे समय तक रहने से इंफ्लेमेशन की समस्या बढ़ती है। अस्थमा और अन्य श्वसन समस्याओं के साथ-साथ इससे इम्यून सिस्टम भी ध्वस्त होता है। कम प्रदूषित क्षेत्र में रहने को प्राथमिकता देनी चाहिए। घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनना चाहिए। स्वच्छ वातावरण में टहलना चाहिए। *

## इन पर भी दें ध्यान



- पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करें। हरी सब्जियां, दाल, फल, साबुत अनाज के साथ-साथ दही, सूखे मेवे, आंवला और मशरूम जैसे गुणकारी फूड्स अपने भोजन में शामिल करें।
- एक्सरसाइज करने की आदत डालें। जब वक्त मिले, तभी एक्सरसाइज करें। सुबह-शाम टहलें। घर का सामान लेने के लिए नजदीकी बाजार तक पैदल जाएं।
- अच्छी तरह नींद लेने की आदत डालें। रात को सात-आठ घंटे की नींद लें।



# आईपीएल-18 : कप्तान बदला... खिलाड़ी बदले... अब लखनऊ-बेंगलुरु दिल्ली और पंजाब को पहले खिताब की आस, छह टीमें बन चुकीं चैंपियन

एजेंसी ▸▸| मुंबई

आईपीएल-18 में खेल रही 10 में से छह टीमें ऐसी हैं, जिन्हें इस ट्रॉफी को जीतने का गौरव हासिल हो चुका है, लेकिन चार टीमें ऐसी हैं, जिन्हें अब तक खिताबी जीत नसीब नहीं हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अब तक आईपीएल नहीं जीता है। ये चारों टीमें इस बार नए भरोसे और नए कप्तान के दम पर पहली खिताबी जीत पर दांव लगाने उतर रही हैं। चारों टीमों ने सिर्फ अपने कप्तान ही नहीं बदले हैं बल्कि टीम और कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। यह देखना होगा कि इन चारों टीमों का हर क्षेत्र में किया गया बदलाव रंग लाएगा या नहीं। इन चार में से तीन टीमें ऐसी हैं जो आईपीएल के फाइनल में पहुंचकर खिताब से दूर रह गईं। इनमें आरसीबी तीन बार और दिल्ली-पंजाब की टीमें एक-एक बार फाइनल में पहुंची है। लखनऊ को फाइनल में भी प्रवेश नसीब नहीं हुआ है।



## बेंगलुरु को 'रजत से गोल्ड' का भरोसा

आरसीबी ने रजत पाटीदार के रूप में नया कप्तान चुना है। उन्होंने मेंटर के रूप में दिनेश कार्तिक को अपने साथ जोड़ा है, जबकि गेंदबाजी कोच की भूमिका ओमकार साल्वी निभाएंगे। कोचिंग की जिम्मेदारी एंडी फ्लावर के ही जिम्मे है। आरसीबी ने इस बार अपने तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड को जोड़ा है। दोनों पर उन्होंने 23.25 करोड़ की राशि खर्च की है। फिर विराट कोहली अपने कॅरिअर के अंतिम दौर में आरसीबी को पहला खिताब दिलाने में इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## लखनऊ को पंत-जहीर का साथ

लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को टीम का नया कप्तान बनाया है। उन्होंने केएल राहुल की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंत लखनऊ के साथ पहले सत्र में शुरुआत में दबाव में होंगे। उनकी तेज गेंदबाजों की तिकड़ी मयंक यादव, आवेश खान और मोहसिन खान की फिटनेस संदेह के घेरे में है। इसके बाद उनके बेड़े में मुख्य गेंदबाज आकाशदीप, शामार जोसेफ और रवि बिश्नोई ही बचते हैं। हालांकि लखनऊ के पास मेंटर के रूप में दिग्गज जहीर खान हैं। जस्टिन लेंगर हेड कोच की भूमिका में बरकरार रखे गए हैं।




## अक्षर बदलेंगे दिल्ली की किस्मत



दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल के रूप में ऐसे ऑलराउंडर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी, जिसकी लोगों को कम उम्मीद थी। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को उन्होंने नया हेड कोच नियुक्त किया है। वहीं, इंग्लैंड के दिग्गज केविन पीटरसन को उन्होंने मेंटर की जिम्मेदारी है। मैथ्यू मॉट्स सहायक कोच होंगे और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच होंगे। यही नहीं अनुभवी फॉफ डुप्लेसिस उनके उपकप्तान होंगे।

## पंजाब ने अय्यर को दिया श्रेय



पंजाब किंग्स ने केकेआर को बीते वर्ष विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी है। यही नहीं उन्होंने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करते हुए दिल्ली और मुंबई के पूर्व कोच रिकी पोंटिग को हेड कोच बनाया है। देखना होगा कि श्रेयस और पोंटिंग की जोड़ी पंजाब की किस्मत बदल पाती है या नहीं है। पंजाब ऐसी टीम है, जिसने प्रभसिमरन और शशांक को रिटेन रखते हुए बाकी पूरी टीम बदल डाली। उन्होंने अर्शदीप सिंह को 18 करोड़ में राइट टू मैच कार्ड का उपयोग कर बरकरार रखा। लेग स्पिनर के रूप में उन्होंने युजवेंद्र चहल की सेवाएं ली हैं।

## सलमान, कैटरीना और माधुरी आईपीएल में मचाएंगे धमाल, इस बार 13 शहरों में होगी ओपनिंग सेरेमनी !

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का आगाज 22 मार्च को कोलकाता में होगा. जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा. पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। इससे पहले ओपनिंग सेरेमनी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। स्पोर्टस्टार के मुताबिक, इस बार टूर्नामेंट में सभी 13 वेन्यू पर 13 ओपनिंग सेरेमनी कराई जा सकती हैं। इस दौरान सलमान खान, वरुण धवन, कैटरीना कैफ, तृप्ति डिमरी, अनन्या पांडे, माधुरी दीक्षित, जान्हवी कपूर, अरिजीत सिंह और श्रद्धा कपूर जैसे बड़े स्टार धूम मचा सकते हैं। दिशा पटानी का नाम तय हो गया है।

### 8 शहरों में हुई थी ओपनिंग सेरेमनी

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना है। ऐसे में यहां ओपनिंग सेरेमनी में श्रेया घोषाल, करन औजला और दिशा पाटनी के आने की भी खबर है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब एक से ज्यादा आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी होने जा रही हैं। इससे पहले 2017 सीजन में सभी 8 शहरों में यह सेरेमनी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई टूर्नामेंट को एक नया टच देना चाहती है। इससे सभी शहरों में मौजूद लोग ओपनिंग सेरेमनी का आनंद ले पाएंगे। हर एक वेन्यू के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को प्रदर्शनी का मौका दिया जाएगा।

## ऑलराउंडर ही 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में खेलेगा मैच : पंड्या



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि अब जब विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है तो एक क्रिकेटर को शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए शुद्ध रूप से ऑलराउंडर होना चाहिए। इस नियम में एक टीम को मैच के बाद के चरण में अपनी अंतिम एकादश में से एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। टीमें स्थिति की मांग के अनुसार बल्लेबाजी या गेंदबाजी विशेषज्ञ को लाती हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रोहित शर्मा सहित कुछ मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की आपत्तियों के बावजूद इस नियम को कम से कम 2027 चरण तक बढ़ा दिया है। रोहित ने कहा था कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' की रणनीति भारतीय ऑलराउंडरों के विकास को रोक रही है और टीमें खेल के दौरान उनकी जगह एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज को शामिल करती हैं।

## सूर्यकुमार पहले मैच में करेंगे कप्तानी, हार्दिक पर लगा बैन



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या पिछले इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में टीम के धीमी ओवर गति उल्लघंन के लिए एक मैच के लिए निलंबित हैं। इससे वह मौजूदा चरण का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे जिससे इस मुकाबले में कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव उठाएंगे। मुंबई इंडियंस रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। सूर्यकुमार राष्ट्रीय टी20 टीम के कप्तान हैं और उन्होंने टीम को घरेलू मैदान पर हाल में इंग्लैंड पर 4-1 से जीत दिलाई। पंड्या ने यहां मुंबई इंडियंस के सत्र पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'सूर्यकुमार भारतीय टीम की कप्तानी भी करते हैं। जब मैं नहीं होता हूं तो वह आदर्श विकल्प होते हैं।' मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि बीसीसीआई ने पिछले सत्र में उनकी टीम के तीन बार 'धीमी ओवरगति' उल्लंघन के कारण पंड्या पर लगे एक मैच के प्रतिबंध के बारे में टीम को बता दिया है।

---

### आईपीएल इतिहास के 5 बड़े विवाद

## हरभजन-श्रीसंत से कोहली-गंभीर के बीच नोकझोंक ने खींचा ध्यान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का आगाज 22 मार्च से हो रहा है। आईपीएल के इस 18वें सीजन का फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। इस सीजन में 10 टीमों के बीच 65 दिनों में फाइनल समेत कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। कह सकते हैं कि आईपीएल का इतिहास जितना रोचक रहा, उतना ही विवादों से भरा भी रहा है। पहले से 17वें सीजन तक कई बड़े विवाद जुड़ते रहे हैं। आइए जानते हैं इनमें से खास और 5 बड़े विवाद...



### फाउंडर मोदी को ही निकाला

इस ग्रैंड और बड़े टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत ललित मोदी ने की थी। उन्होंने इसके लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। मगर शुरुआती तीन सीजन के बाद ही ललित मोदी को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। दरअसल, ललित मोदी पर आईपीएल के आर्थिक मामले में झोलझाल करने का आरोप लगा था।

### भज्जी ने श्रीसंत को जड़ा थप्पड़

आईपीएल 2013 सीजन रोमांचक मुकाबलों के साथ-साथ हरभजन सिंह और एस श्रीसंत के विवाद के कारण भी सुर्खियों में रहा। इस सीजन की शुरुआत के 12वें दिन मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच मैच हुआ था। मैच में मुंबई को हार मिली थी।

### जडेजा पर लगा एक साल का बैन

आईपीएल में खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी लुभावने ऑफर देती रहती हैं। इस जाल में कई खिलाड़ी फंसते हैं, तो कई ईमानदार बने रहते हैं। ऐसे ही एक मामले में स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा फंसे थे। तब वो राजस्थान रॉयल्स से खेलते थे।

### फिक्सिंग में दोषी 3 खिलाड़ी

2013 आईपीएल सीजन स्पॉट फिक्सिंग और सट्टेबाजी कांड को लेकर काफी चर्चित रहा है। तब फिक्सिंग मामले में राजस्थान रॉयल्स के तीन खिलाड़ी एस श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजित चंदीला का नाम सामने आया था। इन सभी पर केस चला और दोषी भी पाए गए। इसके बाद बीसीसीआई ने इन खिलाड़ियों को आईपीएल से आजीवन बैन कर दिया।

### मैच में भिड़े कोहली-गंभीर

दिग्गज क्रिकेटर गौतम गंभीर और विराट कोहली भी विवादों से दूर नहीं रह पाए। एक सीजन तो ऐसा रहा, जब एक मैच के दौरान यह दोनों आपस में भिड़ गए। इनके बीच जमकर नोकझोंक देखने को मिली। यह विवाद भी काफी चर्चाओं में रहा था। 2023 सीजन में खेले गए एक मैच में बेंगलुरु ने लखनऊ को 18 रनों से हराया था। इस मैच के बाद हाथ मिलाने के दौरान ही विराट कोहली और लखनऊ टीम के गेंदबाज नवीन उल हक दोबारा भिड़े। इसी दौरान कोहली की गंभीर से भी तीखी बहस हुई। खिलाड़ियों ने बीचबचाव किया था।

## स्कूलों में डोपिंग शिक्षा शामिल करने की अपील

**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने स्कूलों में डोपिंग शिक्षा शामिल करने और ग्रामीण इलाकों में जागरुकता अभियान शुरू करने की अपील की ताकि इस खतरे से निपटा जा सके। एनडीटीएल की सालाना कांफ्रेंस में 'डोपिंग निरोधक विज्ञान : पहल और चुनौतियां' विषय पर मांडविया ने दोहराया कि सरकार खेलों में निष्पक्ष और स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## फिर देखने को मिलेगी फिनिसर धोनी की चमक

**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि आईपीएल के आगामी सत्र में क्रिकेटप्रेमियों को महेंद्र सिंह धोनी के हुनर की झलक देखने को मिलेगी। 43 वर्ष के धोनी ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के अभ्यास सत्र में उम्दा बल्लेबाजी करके अपनी तैयारी की झलक दी। उन्होंने तेज गेंदबाज मथीषा पथिराना के यॉर्कर पर उनके सिर के ऊपर से छक्का लगाया। उथप्पा ने कहा, 'जहां तक माही का सवाल है तो मुझे लगता है कि हमें उसकी जबर्दस्त प्रतिभा की झलक देखने को मिलेगी क्योंकि वह सातवें या आठवें नंबर पर उतर सकते हैं।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्र. टीआरडी- एनजीपी- निविदा -24-25 23, दिनांक 15.03.2025**

**कार्य का नाम** : ए.) नागपुर डिवीजन के दुर्ग-नागपुर सेक्शन पर 25 केवी ओएचई की विश्वसनीयता के लिए संपर्क तार (158 टीकेएम, निक्को मेक) का प्रतिस्थापन (फेज- I). बी) विफलता प्रवण संपर्क तार (निक्को मेक) के विरुद्ध संपर्क तार (53 टीकेएम) का निर्माण। **आईआरपीएसएम आईडी** :13.02.36.24. 2.51.001 & 13.02.36.24. 3.51.012 **बयाना राशि (रु. में)** : 3,24,600/- **निविदा लागत (रु. में)** : 3,49,13,828.22/- **इलेक्ट्रॉनिक प्रस्ताव (ऑनलाइन) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** : 07.04.2025 को 15:00 बजे.

उपरोक्त निविदा हेतु कृपया अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

मंडल विद्युत इंजीनियर (Tr-D), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/नागपुर

AAA/41/234

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## खिलाड़ी प्रतिभाशाली लेकिन जीत की मानसिकता जरूरी

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धावक हेनरिच पोपोव का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों में प्रतिभा है लेकिन लगातार दबदबा बनाने के लिए उन्हें मानसिक अवरोध तोड़कर जीत की मानसिकता से खेलना होगा। जर्मनी के 41 वर्ष के पोपोव ने पैरालम्पिक खेलों, विश्व और यूरोपीय चैंपियनशिप में 27 पदक जीते हैं। उन्होंने कहा, 'वैश्विक सफलता के लिए सबसे बड़ी चुनौती शारीरिक नहीं, मानसिक है। मानसिक अवरोध आपकी प्रगति रोक देता है। कई बार आप किसी अमेरिकी खिलाड़ी से बात करें तो आपको पता चलेगा कि वह पदक के लिए तैयार ही नहीं है बल्कि स्वर्ण की बात कर रहा है। दिव्यांगता भी मानसिकता से जुड़ी है। आपको पदकों से इतर सोचना होगा। आपको खुद को इतना बड़ा बनाने के बारे में सोचना होगा कि दुनिया को पता चले कि आप छिप नहीं रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत और जर्मनी की समान समस्या है। हम चुप रहते हैं लेकिन हमें बिंदास होकर दुनिया को बताना होगा कि हम जीतने के लिये खेल रहे हैं।'

## हम अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं : नारायण

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने बुधवार को कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके लौटे वरुण चक्रवर्ती आईपीएल में टीम के स्पिन आक्रमण का अहम हिस्सा होंगे। वेस्टइंडीज के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला नारायण का केकेआर के साथ यह 14वां सत्र है।


**O/o SUPERINTENDING ENGINEER CITY CIRCLE JABALPUR, M.P.POORV KSHETRA VIDYUT VITRAN CO.LTD. JABALPUR**
CIN:U40109MP2002SGC015120, GST:23AADCM6175E2ZM
0761-2621784 email-secityjabalpur@gmail.com
1912

No. SE/CCJ/PUR/NIT/2024-25/4930 **ONLINE TENDER** Jabalpur Dt. 19/03/2025

Online tenders are invited for following items:-

| Sr. No | TS No. (For e-Tendering) SE/City Circle | NAME OF ITEMS | Approx. Value (Rs. In Crore) | TENDER FEE (In Rs.) | Due date & time of opening of tender online from 14:00 Hrs.(*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/CCJ/PUR/4897/ E-Tender No.2025 PKVVC 410227 1 | EMPANELMENT OF CONTRACTORS TO AWARD A CONTRACT FOR 33 KV & 11 KV LINE UNDERGROUND (ONE+ONE) RAILWAY CROSSING/NATIONAL/ STATE /ROAD CROSSING NEW/REPLACEMENT WORK UNDER DIFFERENT SCHEMES IN THE CITY CIRCLE JABALPUR | 0.60 | Rs. 2360/- | 09.04.2025 |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in Cover-1 & Techno commercial bid in Cover-2) please refer to the key dates. For other details visit Company's **website:- www.mpez.co.in** or **http://mptenders.gov.in**

*SAVE ELECTRICITY*

**SUPERINTENDING ENGINEER (CCJ)**
**M.P.P.K.V.V.C.Ltd.: JABALPUR**



**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार**
ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड, विलेपार्ले (पश्चिम), मुंबई- 400 056
दूरभाष : 022-26713538, ई-मेल: legaltrademark.kvic@gov.in
वेबसाईट: www.kvic.gov.in

**चेतावनी सूचना**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) संसद के अधिनियम, 'खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम 1956' के अंतर्गत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है जो कि **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार** के अधीन कार्यरत है तथा इसका पंजीकृत कार्यालय "ग्रामोद्योग", 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) मुंबई, महाराष्ट्र-400056 में स्थित है। आयोग आम जनता के संज्ञान हेतु सूचित करता है कि केवीआईसी नीचे उल्लिखित सभी वस्तुओं और सेवाओं के लिए ट्रेडमार्क का स्वामी और मालिक है:

खादी भारत Khadi India
KVIC
कामये दुःखतप्तानाम्। प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥
Khadi India
खादी भारत
खादी (शब्द मार्क)
Khadi India Prakritik Paint (INDIA'S FIRST COW DUNG PAINT)

उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क भारत और दुनिया के विभिन्न देशों में संरक्षित और पंजीकृत हैं और केवीआईसी द्वारा विश्व में लगातार और खुले तौर पर उपयोग किए जा रहे हैं। आयोग द्वारा केवीआईसी के उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क और/या किसी भी भ्रामक रूप से समान ट्रेडमार्क के किसी भी प्रकार से अनधिकृत उपयोग में लिप्त सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें केवीआईसी के 'खादी' ट्रेडमार्क का प्रत्यय या उपसर्ग के रूप में, चाहे ट्रेडमार्क, व्यापार नाम और/या डोमेन नाम के भाग के रूप में उपयोग करना भी शामिल है, ताकि केवीआईसी के कानूनी अधिकारों की रक्षा की जा सके। जन-साधारण को उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क के खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा अधिकृत संस्थाओं/व्यक्ति के अलावा यदि किसी अन्य द्वारा उपयोग किए जाने की कोई जानकारी/सूचना है, तो उनसे अनुरोध है कि केवीआईसी को ईमेल legalaffairs.kvic@gov.in पर अवश्य सूचित करें।

**-उप.मुख्य कार्यकारी अधिकारी (विधि मामले)**

CBC 25103/15/0003/2425



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA,
JABALPUR

**SHORT TENDER, NOTICE**

No. E.E./Tender /2025/2206 Dated 17/03/2025

Sealed tender are invited from Registered Contractor/ Firm in PWD/MES/CPWD by Registered post /Speed post only for (1) Construction of BGA pits at Depart. of Soil Science, (2) Supply & Erection H-Beam Pole, MCCB etc 11 KV line at JNKVV, Jabalpur. The detailed specification and tender document can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1,000/- for each work.

The last date of issue of the tender document - 25/03/2025 up to 5.00PM.
The last date of submission of tender document - 01/04/2025 up to 5.00PM.
Date of opening of the tender - Next working day

IPRO/EE/2025/19 **Executive Engineer**



**कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला- सिवनी**
**नगर पालिका चौराहा, एन.एच.- 7 मार्ग, जिला सिवनी (म.प्र.) 480881**
**Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in Phone: 07692221301**

**क्रमांक-2238/रा. शा./लीज/न.पा.प./2025** **सिवनी, दिनांक 19/3/2025**

**प्लॉट / दुकान / भवन में नामांतरण उदघोषणा का प्रकाशन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदनकताओं ने प्लॉट / दुकान / भवन में नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, यदि किसी व्यक्ति या संबंधित / वारसान को यदि निम्नलिखित प्लॉट / दुकान के नामान्तरण में आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के जारी दिनांक से 30 दिवस के अंदर मय सबूतों के साथ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, समयावधि के पश्चात आपत्ति प्राप्त होने पर मान्य नहीं की जावेगी एवं नामांतरण की अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी ।

| क्र. | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण कर्ता का नाम | वार्ड का नाम / क्षेत्रफल | प्लाट/दुकान/भवन नम्बर | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनिल बत्रा आत्मज भगतराम बत्रा | मोतीराम मोहनानी पिता श्रीचंद मोहनानी | न.पा. के सामने 230 वर्गफीट | दुकान क्रमांक- 02 | लीज किराया रसीद |
| 2 | सत्यनारायण आत्मज गनपतलाल अग्रवाल | गनपतलाल आत्मज बुद्धलाल अग्रवाल | चावल बाजार100 वर्ग फीट | दुकान क्रमांक- 83 | मृत्यू प्रमाण पत्र |
| 3 | वीरेन्द्र जैन आत्मज रिसबचंद जैन | रिसबचंद जैन पिता रामलाल जैन | चावल बाजार100 वर्ग फीट | दुकान क्रमांक- 91 | शपथ पत्र नोटरी कृत,मृत्यू प्रमाण पत्र |
| 4 | मो. रियाज खान आत्मज मो. इसराईल खान | चंद्र नारायण बघेल आत्मज संत सिंह बघेल | मानस भवन कॉम्पलेक्स 120 वर्गफीट | दुकान क्रमांक- 10 | बिक्री पत्र नोटरी कृत |
| 5 | मोहित सोनी आत्मज देवेन्द्र कुमार सोनी | अशोक कुमार जैन आत्मज जयचंद जैन | शुक्रवारी कॉम्पलेक्स 190 वर्गफीट | दुकान क्रमांक- 21 | बिक्री पत्र नोटरी कृत |
| 6 | आमिर रहीम खान जमील आत्मज रहमान खान | जमील अख्तर आत्मज शहीद हुसैन | शंकर मढिया से उत्तर की ओर 180 वर्गफीट | दुकान क्रमांक- 08 | बिक्री पत्र नोटरी कृत |
| 7 | रहीम खान आत्मज रहमान खान | आमीन खान आत्मज हमीद खान | शंकर मढिया से उत्तर की ओर 199 वर्गफीट | दुकान क्रमांक- 12 | इकरार नामा नोटरीकृत |
| 8 | शेख नासीर आत्मज शेख इसराईल | शेख समीम आत्मज शेख इसराईल | न्यू सब्जी मण्डी 120 वर्गफीट | दुकान क्रमांक- 26 | इकरार नामा नोटरीकृत |
| 9 | मानकचंद सनोडिया आत्मज मूलचंद सनोडिया | श्रीमति किरण पति श्री मानकचंद सनोडिया | बुधवारी तालाब काम्पलेक्स 192 वर्गफीट | दुकान क्रमांक- 02 | सहमति युक्त शपत पत्र नोटरीकृत |
| 10 | मुकुल सिंह क्षत्रिय / अशोक सिंह तिलक वार्ड सिवनी | श्री हेमन्त कुमार / श्री गणेश सिंह क्षत्रिय पत्नि बबिता हेमन्त कुमार क्षत्रीय | दलसागर न्यू गुमठी न.02/ क्षेत्रफल 10X15=150वर्गफीट | न.पा.स्वामित्व अंतर्गत दलसागर न्यू गुमठी न. 02 | हेमन्त कुमार का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |
| 11 | राजेन्द्र कुमार आत्मज शिवदयाल नामदेव | शिवदयाल आत्मज रामसिंह नामदेव | बुधवारी ओपन प्लॉट 45.5 वर्गफीट | बुधवारी ओपन प्लॉट क्रमांक 66 | सहमति पत्र नोटरी कृत इकरारनामा |
| 12 | नौशाद खांन आत्मज जुम्मन खान | दिलीप/अशोक, गिरीश / सुरेश | सदर काम्पलेक्स 163 वर्गफीट | सदर काम्पलेक्स प्लॉट क्रमांक 49 भूतल | बिक्री पत्र नोटरीकृत |
| 13 | प्रहलाद कुल्हाडे नरेश आत्मज कुल्हाड़े | श्रीमति रजनी गुप्ता पत्नी स्व.श्री लालता प्रसाद गुप्ता | सदर काम्पलेक्स 163 वर्गफीट | सदर काम्पलेक्स प्लॉट क्रमांक 34 भूतल | बिक्री पत्र नोटरीकृत |
| 14 | दीनदयाल पिता गिरधारी सार | गिरधारी लाल सार पिता सेवकराम सार | 100 वर्गफीट चावल बाजार | चावल बाजार प्लॉट नं. 04 | परिवारिक वंशावली, सिजरा शपथ पत्र |
| 15 | ध्रुव अग्रवाल पिता रामजी अग्रवाल | रमेशचंद अग्रवाल आत्मज रामजी लाल अग्रवाल | 100 वर्गफीट चावल बाजार | चावल बाजार प्लॉट नं. 13 | शपथ पत्र नोटरीकृत |
| 16 | हनुमान आत्मज उमाशंकर चौरसिया | उमाशंकर आत्मज बसौड़ीलाल चौरसिया | बुधवारी बाजार कोठा 90 वर्गफीट | बुधवारी बाजार कोठा क्रमांक 57 | मृत्यू प्रमाणपत्र,पारिवारिक बटवारा नामा नोटरीकृत |
| 17 | राम अवतार आत्मज भौरीलाल शर्मा | भौरीलाल शर्मा आत्मज जगन्नाथ शर्मा | शुक्रवारी कॉम्पलेक्स 190 वर्गफीट | शुक्रवारी कॉम्पलेक्स दुकान नं. 20 | पूर्व का अनुबंध, सहमति पत्र नोटरीकृत |
| 18 | रामभरोस आत्मज रम्मूलाल महोबिया | नंदराम महोबिया रम्मूलाल आत्मज महोबिया | 230 वर्गफीट नगर पालिका के सामने | नगर पालिका के सामने काम्पलेक्स दुकान नं. 08 | इकरार नामा मृत्यू प्रमाणपत्र |
| 19 | नारायण गोकड़ आत्मज पूनाराम कोकड़े | केशवानंद आत्मज शितलदास सिंधी | 163 वर्गफीट | सदर काम्पलेक्स दुकान क्रमांक 34 | किराया नामा |
| 20 | प्रकाश, प्रवीण आत्मज लालमन चौरसिया | लालमन प्रसाद आत्मज मोहनलाल चौरसिया | 200 वर्गफीट | शुक्रवारी कॉम्पलेक्स दुकान नं. 06 | मृत्यू प्रमाणपत्र,शपथ पत्र, वंशावली |
| 21 | तुलसीराम आत्मज शांतीलाल नगपुरे | जयराम तिवारी आत्मज शिवमूरत तिवारी | 190 वर्गफीट | शुक्रवारी कॉम्पलेक्स दुकान नं. 17 | बिक्री पत्र नोटरीकृत |
| 22 | नीतेश कुमार चंद्रानी आत्मज नानक राम चंद्रानी | मोतीराम मोहनानी आत्मज श्री चंद मोहनानी | 120 वर्गफीट | नगर पालिका के सामने दुकान नं. 08 | बिक्री पत्र नोटरीकृत |
| 23 | आयुष अग्रवाल आत्मज राजेन्द्र अग्रवाल | दुर्गा प्रसाद अग्रवाल आत्मज रामरतन अग्रवाल | 82.5 वर्गफीट | सह मानस भवन कॉम्पलेक्स दुकान क्र. 37 | बिक्री पत्र नोटरीकृत |
| 24 | आयुष अग्रवाल आत्मज राजेन्द्र अग्रवाल | राजेश प्रसाद अग्रवाल आत्मज रामरतन अग्रवाल | 82.5 वर्गफीट | सह मानस भवन कॉम्पलेक्स दुकान क्र. 37/1 | बिक्री पत्र नोटरीकृत |
| 25 | जितेन्द्र मिश्र आत्मज दयाशंकर मिश्र | श्रीमति सूरजदेवी मिश्र पति स्व. दयाशंकर मिश्र | 180 वर्गफीट | शुक्रवारी कॉम्पलेक्स दुकान नं. 01 | वसीयत नामा नोटरीकृत |

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, सिवनी**

**सभापति मुख्य**
**राजस्व एवं बाजार समिति,**
**नगर पालिका परिषद, सिवनी**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिवनी**

## मदन महल स्टेशन में नाकाबंदी कर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# बिना टिकिट रेल यात्रा करने वालों में मचा हड़कंप





हरिभूमि जबलपुर।

बुधवार को मदन महल रेलवे स्टेशन के सभी प्रवेश और निर्गम द्वार पर पहरा लगाकर रेलवे 05 घंटे का टिकिट चैकिंग अभियान चलाया. चैकिंग इतनी सघन थी की टीटीई के काले कोट और आरपीएफ के जवानों हर चार कदम पर दिखाई दे रहे थे। सुबह 6 बजे शुरु हुये इस अभियान में आम यात्रियों को काफी देर समझ ही नहीं आया की चल क्या रहा है।

टीटीई और रेलवे अधिकारियों ने स्टेशन के चारों ओर किलेबंदी कर दी और प्लेटफार्म पर जमकर टिकट चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इस कार्रवाई में कुल 35 टीटीई, 15 आरपीएफ सिपाही, और रेल अधिकारियों के साथ-साथ सीटीआई भी मौके पर मौजूद रहे। इस अभियान को सुबह 6 बजे से 11:30 बजे तक चलाया गया।

### बेटिकिट 22 सौ यात्रियों से 15 लाख जुर्माना वसूला

जबलपुर रेल मंडल के स्टेशनों में सघन टिकिट चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 22 सौ यात्री बिना टिकिट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे 15 लाख का जुर्माना वसूला गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह ने बताया कि प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के निर्देशन में जबलपुर मण्डल पर यात्रियों को ट्रेनों में अधिक भीड़ के दौरान आरामदायक यात्रा के उद्देश्य से समय-समय पर यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ. मधुर वर्मा नें बताया कि रेलवे द्वारा प्रारंभ किया गया यह जांच अभियान आगामी दिनों में भी विभिन्न स्टेशनों पर निरंतर चलेगा।

### 400 से अधिक बिना टिकिट पकड़े

इस चेकिंग के दौरान करीब 15 ट्रेनों में यात्रा कर रहे 400 से अधिक बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे लगभग 3 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। टीटीई और आरपीएफ की यह चेकिंग इतनी मजबूत योजना के तहत की गई थी कि प्लेटफॉर्म के चोर रास्तों से भागने की कोशिश करने वाले यात्रियों के प्रयासों को विफल कर दिया गया। पहले जहां ये यात्री प्लेटफार्म के किनारे से भागने में सफल हो जाते थे, वहीं इस बार उन्हें पकड़कर जुर्माना भरने पर मजबूर कर दिया गया।

### रेल अधिकारियों का बयान

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक 2, शशांक गुप्ता ने बताया कि इस तरह की आकस्मिक टिकट चेकिंग का उद्देश्य यात्रियों को यात्रा के दौरान टिकट लेकर चलने की आदत डालना है, जिससे रेलवे राजस्व में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा, मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर समय-समय पर इस तरह की कार्रवाई की जाती है और मदन महल स्टेशन पर की गई यह कार्रवाई भी उसी का हिस्सा थी। इस अभियान के तहत नैनपुर-जबलपुर, हबीबगंज-अधारताल सहित लगभग एक दर्जन ट्रेनों के पांच मिनट के स्टॉपेज के दौरान बोगियों में सवार यात्रियों और प्लेटफार्म से बाहर जाने वाले यात्रियों के टिकट और लगेज की जांच की गई।

**दहशत का माहौल**

करीब पांच घंटे तक चली इस कार्रवाई के दौरान न सिर्फ दर्जनों बिना टिकट यात्री पकड़े गए, बल्कि इस अभियान का खौफ दूसरे ट्रेनों और स्टेशनों तक फैल गया। इस कार्रवाई की वजह से यात्री तनाव में थे और पूरी घटना से रेलवे के अन्य क्षेत्रों में भी टिकट चेकिंग के बारे में चर्चा होने लगी। रेलवे द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई ने यह संदेश दिया कि अब बिना टिकट यात्रा करने वालों के लिए कोई भी चोर रास्ता नहीं बचा हैं।

## हाई स्कूल शिक्षक भर्ती के लिए योग्यता का नियम असंवैधानिक घोषित

# एससी, एसटी, ओबीसी व दिव्यांगों को योग्यता में पांच प्रतिशत की छूट दो

हरिभूमि जबलपुर।

एमप्र हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती नियम 2018 के अंतर्गत हाई स्कूल शिक्षक भर्ती के लिए योग्यता के नियम को असंवैधानिक घोषित कर दिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने एनसीटीई नियम के अनुरूप योग्यता 50 प्रतिशत व 45 प्रतिशत के आधार पर नियुक्ति की व्यवस्था दी। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए ह कि एनसीटीई के नियमों को भूतलक्षी प्रभाव (बैकडेट) से लागू कर नियुक्ति प्रक्रिया को गति दे। इसी कड़ी में एससी, एसटी, ओबीसी और दिव्यंगों को योग्यता में पांच प्रतिशत की छूट प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि 2018 की चयन प्रक्रिया में नियुक्त हुए उम्मीदवारों को प्रभावित न किया जाए। वहीं 2023 की चयन प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार पूरक चयन प्रक्रिया अपनाएं और उन सभी उम्मीदवारों को उसमें शामिल करें जो इस आदेश के तहत लाभ पाने के हकदार हैं। कोर्ट ने यह पूरी प्रक्रिया दो माह के भीतर पूर्व करने के निर्देश दिए हैं।



- एनसीटीई नियम के अनुरूप योग्यता 50 प्रतिशत व 45 प्रतिशत के आधार पर नियुक्ति के निर्देश
- 2018 की चयन प्रक्रिया में नियुक्त हुए उम्मीदवारों को प्रभावित न करने भी कहा

याचिकाकर्ता भिंड निवासी अवनीश त्रिपाठी सहित प्रदेश के सैकड़ों अभ्यर्थियों ने याचिका दायर कर शिक्षक भर्ती नियम 2018 को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने उक्त भर्ती के लिए बीएड के साथ पोस्ट ग्रेजुएट में द्वितीय श्रेणी की योग्यता निर्धारित की थी। कोर्ट को बताया गया कि इससे उम्मीदवारों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में कुछ विश्वविद्यालयों ने 45 प्रतिशत अंक को द्वितीय श्रेणी माना है, जबकि कुछ ने 50 प्रतिशत अंकों को इस श्रेणी में रखा है। इस कारण कई उम्मीदवार प्रभावित हो रहे थे। हाई कोर्ट ने कहा कि इस तरह का भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि एनसीटीई द्वारा सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं के लिए निर्धारित योग्यताएं मध्य प्रदेश में हाई स्कूल शिक्षकों के लिए लागू होंगी।

## गांजा तस्कर को दस साल की सजा, एक लाख रु जुर्माना

**एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत का फैसला**

**जबलपुर।** एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत ने गांजा तस्करी के आरोपी अनुज उर्फ गोलू गौड़ को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश शशि भूषण शर्मा की कोर्ट ने आरोपी को दस साल की सजा व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी आरोपी 27 वर्षीय अनुज उर्फ गोलू गोंड़ को पुलिस ने 19 मार्च 2024 को बेलबाग तिराहा रेवा बेकरी के पास से गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से मिली बोरी से 37 किलों चार सौ ग्राम गांजा बरामद किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। सुनवाई दौरान अदालत ने पेश किये गये साक्ष्यों व गवाहों को मद्देनजर रखते हुए आरोपी को दोषसिद्ध पाकर उक्त सजा सुनाई।

## हत्या के प्रयास पर 10 वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** जिला अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपित शांति नगर, रांझी निवासी ध्रुव गुप्ता का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की कोर्ट ने आरोपी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रमोद कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आरोपित पांच मार्च, 2024 को बारात में डांस करने के विवाद पर प्रीतम ठाकुर पर चाकू से हमला कर दिया था। इस वजह से वह बुरी तरह घायल हो गया। यदि समय पर अस्पताल न ले जाते तो जान जा सकती थी। इसीलिए पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया।

## आश्रम जाते समय सहजपुर में हाईवा ने रौंदा

# सड़क दुर्घटना में दादी की मौत, नातिन घायल

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत सहजपुर बरखेड़ा गांव में एक तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी पोती घायल हो गई। हादसा बड़खेरा पंचायत से मिट्टी लेकर जा रहे हाईवा के चालक की लापरवाही से हुआ। जानकारी के मुताबिक, खुशी पटेल अपनी 60 वर्षीय दादी गोमाबाई के साथ स्कूटी पर सिद्धवन आश्रम दर्शन के लिए जा रही थी, तभी हाईवा ने उन्हें पीछे से टक्कर मारी। टक्कर के बाद महिला सड़क पर गिर गई और हाईवा का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर शहपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी हाईवा चालक को पकड़ लिया, जिसे बाद में पुलिस के हवाले किया गया। घायल खुशी पटेल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में ओवरलोड हाईवा वाहनों की तेज रफ्तार से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। गांव के लोग कई बार अधिकारियों से इन वाहनों को रोकने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



## स्कार्पियो वाहन में मिला अवैध शराब जखीरा

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत गोलबाजार बरगद के पेड़ के नीचे अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 48 पाव अंग्रेजी, 25 पाव देशी और स्कार्पियों वाहन जब्त किया है। लार्डगंज थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे ने बताया के गत दिवस पैट्रोलिंग के दौरान गोलबाजार बरगद के पेड़ के नीचे खड़ी एक स्कार्पियों वाहन क्रमांक एमपी 15 सीए 3734 में शराब रखकर बेच रहे ग्राम खिरहनी बरगी निवासी 37 वर्षीय वाहन चालक मिथुन बर्मन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 48 पाव ओल्डमंक अंग्रेजी, 25 पाव देशी शराब सहित स्कार्पियो वाहन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# गर्मी की शुरुआत में रसोई में राहत, सस्ते हुए आलू-प्याज, टमाटर भी पहुंच में

**जबलपुर।** गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दी है, लेकिन हरी सब्जियों ने अभी अधिक तेजी नहीं पकड़ी है। सब्जियों के भाव अब भी सामान्य हैं। टमाटर, धनिया व हरी मिर्च आम आदमी के बजट में नजर आ रहे हैं। आलू व प्याज के दामों में अवश्य गिरे हैं। आलू 25 से 30 रुपये किलो से घटकर 15 से 16 रुपये किलो पर आ गया है। प्याज के भाव भी 40 से 50 रुपये से गिरकर 25 रुपये किलो पर आ गए हैं।



### जैसे-जैसे पारा चढ़ेगा, दाम भी बढ़ेंगे

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि जैसे-जैसे गर्मी अपना रंग दिखाएगी, वैसे-वैसे सब्जियों के दाम पर ऊपर जाएंगे। फिलहाल सब्जियों में तेजी नजर नहीं आ रही है। गर्मी शुरू होते ही मटर अवश्य गायब हो गई है। पालक और मैथी 10 से 20 रुपये किलो पर अटकी हुई है। मंडी और बाजार में ठेले वालों के दाम अलग से करोंद मंडी में लगने वाली सब्जी मंडी और ठेलों पर बिकने वाली सब्जियों के दामों में जमीन आसमान का अंतर है।

## दस फीसदी कॉपियों की जांच हुई

# अप्रैल के आखिरी सप्ताह में आएगा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट

हरिभूमि जबलपुर।

एमपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं बोर्ड की बोर्ड ने परीक्षाओं के संचालन के साथ ही कॉपी चेकिंग का काम शुरू कर दिया है। बोर्ड के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 10 फीसदी के करीब कांपियों की चेकिंग हो चुकी है। 21 मार्च से दूसरे चरण की जांच शुरू होगी। वहीं अप्रैल माह के आखिरी सप्ताह में रिजल्ट जारी किए जा सकते हैं। एमपी के 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं, जिनकी 90 लाख उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएंगी। वहीं इवैल्यूएशन में गड़बड़ी रोकने के लिए बोर्ड ने नया आदेश जारी किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मूल्यांकनकर्ताओं में कसावट लाने के लिए मूल्यांकान को तीन स्तरों पर बांटा है। इसके बाद भी अगर कॉपी चेक करने में गड़बड़ी होती है तो संबंधित मूल्यांकनकर्ता पर कार्रवाई की जाएगी।



### तीन स्तरों पर होगा मूल्यांकन का कार्य

एमपी बोर्ड का मूल्यांकन इस बार तीन स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए मूल्यांकनकर्ताओं को ट्रेनिंग भी दी गई है। इस संबंध में एमपी बोर्ड ने आदेश भी जारी किया है। इसके तहत कॉपियों का मूल्यांकन मुख्य परीक्षक, उप मुख्य परीक्षक और परीक्षक स्तर पर किया जाएगा। अगर किसी परीक्षार्थी ने एक ही उत्तर को कई बार लिखा है, तो इसकी गणना एक ही बार की जाएगी। परीक्षक के कॉपी जांचने के बाद उप मुख्य परीक्षक आंसर शीट की दोबारा जांच करेंगे, जिसमें कोई त्रुटि की गुंजाइश न रह जाए. इसके बाद इसका परीक्षण मुख्य परीक्षक स्तर पर भी किया जाएगा।

### ऑनलाइन अपलोड करते जाएंगे अंक

परीक्षक कॉपी जांचने के साथ उत्तरपुस्तिकाओं के अंक भी ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। इस दौरान भी अगर गलतियां हुई तो परीक्षक और उप मुख्य परीक्षक के खिलाफ कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि पहले चरण का मूल्यांकन चल रहा है, जबकि अगले चरण का मूल्यांकन 21 मार्च से शुरु होगा। एमपी बोर्ड के आदेश में कहा गया है कि ज्यादा कॉपियों चेक करने के लिए अगर मूल्यांकनकर्ता खानापूर्ति करता है या एवरेज मार्किंग करते हुए आगे बढ़ता है, तो ऐसे लोगों पर नजर रखी जाएगी। अधिकारी तत्काल ऐसे मूल्यांकनकर्ताओं पर कार्रवाई करेंगे।

### एक शिक्षक अधिकतम 45 कॉपी की कर रहा जांच

भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने बताया कि एक दिन में एक शिक्षक को न्यूनतम 30 और अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है। इसके बाद ऑनलाइन अंक भी अपलोड करने होंगे। गौरतलब है कि एमपी बोर्ड के इस आदेश के बाद कॉपी जांचने वाले शिक्षक सतर्क होने के साथ चिंतित भी हो रहे हैं। वहीं विभाग का कहना है कि ये फैसला उनमें कसावट लाने के लिए है।

## पश्चिमी विक्षोभ से करवट ले रहा मौसम

# आसमान पर छाए बादल, हल्की वर्षा की संभावना

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते एक बार फिर मौसम करवट ले रहा है। बुधवार को सुबह से ही बादलों की आवाजाही बनी रही। शाम को बादल छा गए थे। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान जिले में कही कही गरज चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोप की वजह से तापमान स्थिर है। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार से अगले 3 दिन तक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में बादल बारिश के आसार हैं।

### रात में मौसम सुहाना

बुधवार को बादलों के चलते दिन का अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट आई है और पारा औसत पर ठहर गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम पारा 34.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 16.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। से गिरकर 33.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसके चलते रात को मौसम सुहाना रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 50 फीसदी और सांयकाल 46 फीसदी आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.13 पर और सूर्यास्त शाम 6.21 पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 32.04 और न्यूनतम 18.04 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान कही कही पानी की बौछारे व हल्की वर्षा के आसार है।



### कई सिस्टम सक्रिय

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्वी राजस्थान व उससे लगे हरियाणा पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में भी एक चक्रवात है। इससे मराठवाड़ा तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जिससे हवा का रूख बदला हुआ है और नमी आ रही है। इसके असर से अगले तीन दिन तक बादल बारिश और तेज हवा का दौर चलेगा।

## घटना को लेकर दहशत, तरह-तरह की चर्चाएं

# अलसी की फसल खाने से 14 मवेशियों की मौत

हरिभूमि जबलपुर।

जिले की तहसील कुण्डम स्थित शातनझिर गांव में अलसी की फसल खाने से 14 मवेशियों की मौत हो गई. वहीं 9 मवेशियों की हालत गंभीर बनी हुई है. अचानक मवेशियों की मौत होने से गांव में हड़कंप का माहौल बन गया और गांव वालें दहशत में आ गए। सूचना मिलने पर पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और मवेशियों का उपचार शुरु किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुण्डम के शातनझिर गांव के बाहर कुछ लोगों ने खेत में अलसी की फसल लगाई थी. बारिश होने के बाद अलसी के फूल निकल गए. इस दौरान मवेशियों का झुंड चरते हुए खेत में चला गया। जहां पर अलसीके बीच खाने के कारण 14 मवेशियों की मौत हो गई. वहीं 9 मवेशी बीमार हो गए. ग्रामीणों की सूचना पर अधिकारी व पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे। मृत मवेशियों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और बीमार पशुओं का इलाज शुरु किया गया। इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। लोगों का कहना है कि अलसी खाने से मवेशियों की मौत संभव नहीं हैं। संभावना जताई जा रही है कि फसल में कीटनाशक दवा की मौजूदगी से यह हादसा हुआ है। पशु चिकित्सकों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना का खुलासा होगा।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240